CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 31-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMFL1 User: cci Time: 12-30-2025 22:45 Color:






BMC चुनाव का उत्साह जोरो पर है। मंगलवार को नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी हो गई। अब 2 जनवरी तक नाम वापस लिए जा सकते है। ऐसे में अगले 15 दिन चुनाव की गहमागहमी और रोमांच से भरपूर होंगे। 8 साल बाद आया अपनी नगर सरकार चुनने का लोकतंत्र का यह उत्सव आपके लिए खास बनाएगा NBT। जानिए किस तरह से हमारे स्टार रिपोर्टर और प्रतिनिधि आपको सबसे सटीक, विश्वसनीय और रोचक चुनावी जानकारी से पल-पल अपडेट रखेंगे:

# मनपा चुनाव की सबसे बड़ी कवरेज सिर्फ NBT में

## 15 जनवरी को होगा मतदान

गुरुवार, 15 जनवरी को आप चुनेंगे अपना नगरसेवक, जो अगले पांच साल तक आपकी मूलभूत समस्याओं के केंद्र में रहेगा। सही उम्मीदवार चुनना एक बड़ी जिम्मेदारी है।

## 16 जनवरी को आएंगे चुनाव के नतीजे

इस दिन तस्वीर स्पष्ट हो जाएगी कि अगले 5 साल तक बीएमसी की कमान कौन संभालेगा।




**1,03,44,315** मतदाता बीएमसी चुनाव में हिस्सा लेंगे

**227** प्रभागों में होने है चुनाव

**10,111** पोलिंग बूथ बनाए गए है मुंबई में

**11,349** EVM कंट्रोल यूनिट्स और 22,698 EVM बैलेट यूनिट्स का इस्तेमाल होगा।

**50** हजार कर्मचारियों/स्टाफ को चुनावी प्रक्रिया के लिए ट्रेनिंग देने की योजना है

**70** हजार से अधिक कर्मियों को विभिन्न चुनावी ड्यूटी के लिए तैनात किया जाएगा।

## 8 साल बाद हो रहे हैं मनपा चुनाव

**बीएमसी समेत** कई महानगरपालिकाओं के चुनाव 5 के बजाय 8 साल बाद हो रहे है। 2017 में जीते नगरसेवकों का कार्यकाल 2022 में खत्म हो गया था। कोरोना और फिर कोर्ट में मामला विचाराधीन होने के चलते चुनाव लटके रहे। इस दौरान रीडिवेलपमेंट, नए इन्फ्रास्ट्रक्चर और काफी लोगों ने अपना आशियाना नए इलाकों में बसा लिया है। नई स्थिति में हो रहे इन चुनाव में हम आप तक हर जानकारी पहुंचाएंगे कि किस इलाके में कौन-सी समस्याएं हैं, लोगों की उम्मीदें क्या है? नई चुनौतियों से पार पाने के लिए उम्मीदवारों की क्या योजनाएं है।

## हर इलाके में मौजूद होगा NBT

**NBT में आपको** हर चुनावी हलचल की जानकारी विस्तार से मिलेगी। इसमें मुंबई की सभी 6 लोकसभा सीटों के तहत आने वाले 227 प्रभागों के लिए हमारे रिपोर्टर्स तो मौजूद होंगे। राजनीतिक पार्टियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अलग टीम भी काम करेगी। मीरा-भाईंदर, वसई-विरार, कल्याण, नवी मुंबई, ठाणे, उल्हासनगर, भिवंडी के हमारे प्रतिनिधि भी हर अपडेट से आपको पूरी तरह से अवगत कराएंगे। लोगों के लिए चुनाव की हर जानकारी मायने रखती है और हमारे लिए आपकी हर जरूरत।

## उम्मीदवारों की होगी पूरी पड़ताल

**लोकल चुनाव के** चलते कई तरह के गठबंधन हो रहे है। बीएमसी में शिवसेना और बीजेपी साथ लड़ रहे है, तो कई जगहों पर अलग। मुंबई में कांग्रेस ने वंचित बहुजन आघाडी के साथ गठबंधन किया है, वहीं ठाकरे बंधु सालों बाद साथ आए है। सत्ता में साझेदार अजित पवार की पार्टी अलग ही मैदान में है। ऐसे में हर गठबंधन के उम्मीदवार की पूरी जानकारी हम आपको देंगे, नाम वापसी के बाद बनने वाले इलाके की राजनीतिक तस्वीर भी आपसे साझा करेंगे। उम्मीदवार को पांच साल के लिए चुनना है, तो फिर सही जानकारी तो जरूरी है न...

## हर प्रभाग के अहम मुद्दों पर होगी चर्चा

**मुंबई और आसपास** के कई अहम मुद्दे है, ट्रैफिक, प्रदूषण, रीडिवेलपमेंट, बदहाल फुटपाथ, कम होते ओपन स्पेस, पब्लिक हेल्थ सर्विस की लचर व्यवस्था, सरकारी स्कूलों से उठता भरोसा, यह मुद्दे केवल लोगों की सुविधाएं प्रभावित नहीं करती हैं, बल्कि एक सोशल बैलेंस बनाने में भी अहम भूमिका अदा करते है। हम उम्मीद कोशिश करेंगे कि चुनाव के मुख्य मुद्दे कहीं पीछे न छूट जाए। नेताओं से इन पर तीखे सवाल पूछेंगे और आपको पार्टियों के नजरिए भी रू-ब-रू कराएंगे। एक्सपर्ट ओपिनियन भी इसमें शामिल करेंगे।

## सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर

**चुनाव से पहले** जनता तक अपनी बात प्रभावी ढंग से पहुंचाने और जनता को प्रभावित करने का नया जरिया बन गया है सोशल मीडिया। राजनीतिक पार्टियों और उम्मीदवारों के बीच केवल चुनावी मैदान में जंग नहीं हो रही है, बल्कि मैदान से बाहर वर्चुअल वर्ल्ड में भी लड़ाई कांटे की है। एआई के जमाने में एक-दूसरे को पछाड़ने की गतिविधि भी चुनावी बिसात का हिस्सा हो गई है। हम सोशल मीडिया के नए ट्रेंड और प्रचार के लिए हो रहे उपयोग पर भी आपको पूरी जानकारी देंगे।

## चुनावी गतिविधियों की पूरी खबर

**पार्टियों के घोषणा** पत्र, उम्मीदवारों के वादे, चुनावी रण में उतर रहे दिग्गजों का लेखा-जोखा, उम्मीदवारों का शेड्यूल, बाजार का चुनावी मूड और रैलियों तक की हर जानकारी हम आपको देंगे। चुनाव में महज 15 दिन शेष रहने के चलते इस बार प्रचार का वक्त भी कम मिलेगा, जाहिर है कम समय में अधिकाधिक लोगों तक पहुंचने के लिए नए प्रयास होंगे। प्रमुख नेताओं के इंटरव्यू भी हम प्रकाशित करेंगे। प्रशासन द्वारा वोटिंग बढ़ाने के लिए किए जा रहे तरीकों से भी हम आपको अवगत कराएंगे।

## कहां कितने वोटर चुनेंगे अपनी मनपा

| | |
|---|---|
| मीरा भाईंदर | 8,89,151 |
| पनवेल | 5,54,578 |
| नवी मुंबई | 9,48,460 |
| भिवंडी | 6,69,033 |
| ठाणे | 16,49,867 |
| कल्याण-डोंबिवली | 14,00,000 |
| वसई-विरार | 11,26,400 |

## सोशल मीडिया पर भी हमसे जुड़िए

हमारे X हैंडल @NBTMumbai पर भी आपको हम रखेंगे बीएमसी चुनाव की हर हलचल से अपडेट। यदि आप अपने क्षेत्र के उम्मीदवारों का ध्यान किसी खास समस्या की ओर दिलाना चाहते है, तो हमें X पर @NBTMumbai हैंडल के साथ टैग कर सकते है। साथ ही हैशटैग #ElectionWithNBT को भी टैग करें। इसके अलावा व्हाट्सएप नंबर 9967397376 पर भी हम तक अपनी सीधी बात पहुंचा सकते है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 31-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP8 User: cci Time: 12-30-2025 22:30 Color:



मतदाता सूची की शुद्धता और मतदाता की पहचान की प्रामाणिकता ही चुनावों की विश्वसनीयता के केंद्र में है।
*- एस. वाई. कुरैशी, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त*

# समय लेना सही

उत्तर प्रदेश में Special Intensive Revision की तारीखों में फिर बदलाव अपेक्षित था और चुनाव आयोग ने प्रक्रिया के लिए खुद को ज्यादा समय देकर सही किया है। बिहार में हुए पहले चरण के मुकाबले इस दूसरे फेज में SIR के सामने चुनौती ज्यादा बड़ी है। आम लोगों को भी कई तरह की परेशानी आ रही है।

**पहले भी बढ़ी तारीख ।** यूपी में पहले 31 दिसंबर को ड्राफ्ट रोल जारी किया जाना था। अब यह लिस्ट 6 जनवरी को आएगी और फाइनल रोल 6 मार्च 2026 को जारी किया जाएगा। इस दौरान जनता को दावे, आपत्तियां और उनके निस्तारण का मौका मिलेगा। इससे पहले SIR फॉर्म भरने की तारीख बढ़ाई गई थी। ऐसा ही एक्सटेंशन तमिलनाडु, गुजरात, एमपी, छत्तीसगढ़, अंडमान व निकोबार द्वीप समूह को मिला था।


SIR की तारीख बदली

**विवाद और आरोप ।** तारीखों में बार-बार बदलाव से पता चलता है कि आयोग को उम्मीद से ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बिहार के अनुभव से फायदा मिलने की जो उम्मीद थी, लगता नहीं कि वह पूरी हुई। लगभग हर दिन ही प्रक्रिया से जुड़ा कोई विवाद या आरोप सामने आ रहा है।

**विपक्षकी शिकायत ।** एक अनुमान के मुताबिक यूपी में 2.89 करोड़ वोटर्स का नाम ड्राफ्ट रोल से कट सकता है। यह आंकड़ा बहुत बड़ा है। बिहार में पहले ड्राफ्ट रोल में 65 लाख मतदाता कम थे। विपक्ष का आरोप है कि वोटर लिस्ट रिवीजन के नाम पर नागरिकता जांची जा रही है और इससे योग्य मतदाता भी नाम दर्ज नहीं करा पा रहे। इस तरह की शिकायत को केवल राजनीतिक आरोप मानकर टालना सही नहीं होगा। अगर लाखों लोगों ने फॉर्म भरकर नहीं लौटाए हैं, तो उसकी वजह भी पता चलनी चाहिए।

**सुधार की जरूरत ।** SIR इस समय राजनीतिक टकराव की सबसे बड़ी वजह बना हुआ है, खासकर बंगाल में। सीएम ममता बनर्जी का आरोप है कि SIR की वजह से 60 लोगों की मौत हो चुकी है। दो दिन पहले ही एक बुजुर्ग ने आयोग के सामने सुनवाई से पहले आत्महत्या कर ली। BLO की मौत और आत्महत्या के भी कई केस आ चुके हैं। अगर किसी प्रक्रिया की वजह से आम लोगों में इस कदर डर और दबाव है कि वे मौत का रास्ता चुन रहे, तो इसका मतलब सुधार की जरूरत है।

**सिस्टम की जिम्मेदारी ।** SIR का मकसद ज्यादा से ज्यादा भारतीयों को लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में भागीदारी के लिए प्रेरित करना होना चाहिए। यह चुनाव आयोग पर है कि लोग मताधिकार से वंचित न हों। इसमें अगर और समय लगता है तो और सही।

## नाभि में तीर

# नेताजी की करामात


हरि मृदुल

मुंबई में जब से BMC चुनावों की घोषणा हुई है, तब से गिरगिट हैरान है। ज्यूं-ज्यूं चुनाव नजदीक आ रहे हैं, उसकी हैरानी बढ़ती जा रही है। अब तक तो उसको यही गुमान था कि रंग बदलने के हुनर में उसका कोई मुकाबला नहीं। इस क्षेत्र में उसकी मोनोपोली है। लेकिन अब उसका यह भ्रम टूट चुका है। बड़े नेताओं को छोड़िए, गली-कूचे के छुटभैया नेता तक उसकी रंग बदलने की कला को मात दे रहे हैं। गिरगिट को पहली बार समझ में आया है कि दुनिया में उसके भी बाप मौजूद हैं!

रविवार की सुबह एक छुटभैया नेता जी ने समर्थकों के बीच घोषणा की थी कि उनकी पार्टी अब वैसी नहीं रही, जैसी कि वह थी। इसीलिए अब वह अमुक पार्टी में शामिल हो रहे हैं। समर्थकों का उनको पूरा समर्थन मिला और 'नेता जी आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ हैं' के नारों के साथ जुलूस निकाल दिया। लेकिन यह क्या कि सोमवार को नेता जी के हाथों में एक अन्य पार्टी का झंडा दिखाई देने लगा। समर्थकों को लगा कि यह उनके विरोधियों की करामात है। AI के जमाने में कुछ भी किया जा सकता है। परंतु नेता जी के कार्यालय की नई सजावट से स्पष्ट हो गया कि यह AI की नहीं, खुद नेता जी की ही करामात है। उन्होंने फिर बदल लिया है दल। हैरत की बात यह कि मंगलवार की शाम एक बार फिर अलग हवा बह रही थी। नेता जी समर्थकों के बीच थे और खीसें निपोरकर कह रहे थे कि उन्होंने जल्दबाजी में गलत कदम उठाया। पुरानी पार्टी उनके लिए फिर से वैसी हो गई है, जैसी पहले थी!!

नेता जी के रंग बदलने को लेकर भले ही गिरगिट हैरान हो, लेकिन समर्थक एकदम कूल हैं। उन्हें पहले दिन से पता है कि नेता जी कितने बड़े कलाकार हैं। उनका एकमात्र मिशन माल कमाना है, सो कमा रहे हैं। जब नेता जी अपनी पुरानी पार्टी के प्रति विश्वास जता रहे थे, उसी समय उनका एक समर्थक दूसरे समर्थक के कान में फुसफुसा रहा था, 'इन तीन दिनों में नेता जी ने अपनी तीन पीढ़ियों के लिए माल इकट्ठा कर लिया है...।'

## एकदा

संकलन : रिंकल शर्मा

# मौत के बाद महानता


Subrata Dhar

फ्रांज काफ्का (1883–1924) विश्व साहित्य के उन विरले लेखकों में हैं, जिनका जीवन उनकी ही नजर में प्रश्नचिह्न था। प्राग में जन्मे काफ्का पेशे से बीमा अधिकारी थे। उन्हें लगता था कि उनकी रचनाएं अधूरी, अपरिपक्व और पाठकों के लिए योग्य नहीं हैं। तपेदिक से जूझते हुए जीवन के अंतिम दिनों में उन्होंने अपने घनिष्ठ मित्र इजराइली लेखक, संगीतकार और पत्रकार मैक्स ब्रॉड से कहा, 'मेरी मौत के बाद मेरी सारी पांडुलिपियां जला देना। जो कुछ लिखा है, वह प्रकाशित होने योग्य नहीं है।' यह उनकी क्षणिक भावुकता नहीं थी, उन्होंने यह बात कई बार लिखित रूप में दोहराई। उनके पास 'द ट्रायल', 'द कैसल', 'अमेरिका' जैसे उपन्यासों की अधूरी पांडुलिपियां थीं, साथ ही अनेक कहानियां और डायरी अंश भी। 1924 में काफ्का की मृत्यु के बाद मैक्स ब्रॉड एक कठिन नैतिक द्वंद्व में फंस गए कि मित्र की इच्छा मानें या साहित्य के प्रति अपना कर्तव्य निभाएं? आखिरकार मैक्स ने काफ्का की पांडुलिपियां नष्ट नहीं कीं, उन्हें संपादित कर प्रकाशित किया। धीरे-धीरे काफ्का का लेखन दुनिया के सामने आया। इस तरह से जिस शख्स को अपने जीवन में बहुत कम पहचान मिली थी, वह 20वीं सदी के सर्वश्रेष्ठ लेखकों में शामिल हो गया।

इंटरनेट क्रांति के समय देश चूक गया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में यह ग़लती न हो

# AI ने भारत को दिया बड़ा चांस



निमिष दुबे और आकृति राणा


iStock

**शुरुआती कदम**
- 13.03 अरब डॉलर का हुआ भारत का AI मार्केट
- बड़ी कंपनियां कर रही निवेश, गूगल बना रहा हब
- दिग्गजों से टक्कर लेने के लिए चाहिए भारतीय प्रॉडक्ट

भारतीय टेक इतिहास में 2025 को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के साल के रूप में याद रखा जाएगा। केंद्र सरकार ने पिछले साल India AI मिशन की शुरुआत की थी, जिसमें अगले 5 साल में 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा गया था। एक साल बाद ही, 2025 में इस निवेश को दोगुना करने की बात होने लगी।

**AI का साल ।** इस निवेश से देश की यूनिवर्सिटीज, startup ecosystem और अन्य संस्थानों को AI में काम आने वाले हार्डवेयर - जैसे बड़े-बड़े GPU और अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। AICTE ने भी 2025 को शिक्षा में AI का साल घोषित किया। इन कदमों का लक्ष्य AI क्रांति के लिए तैयार करना ही नहीं, देश का अपना लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) भी तैयार करना है - जैसे OpenAI का ChatGPT और Google का Gemini। यह लक्ष्य तय हुआ तो भारत AI की दुनिया की महाशक्ति बन सकता है।

**बढ़ता बाजार ।** 2025 में हमें इन प्रयासों के परिणाम भी दिखे। भारत का AI बाजार 2024 में 9.51 अरब डॉलर था, 2025 में यह 13.03 अरब डॉलर हो गया, जो 2032 तक 130.63 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है यानी आज की तुलना में 10 गुना! एमेजॉन और माइक्रोसॉफ्ट जैसी दिग्गज कंपनियों ने भी भारत के AI बाजार में अरबों डॉलर का निवेश किया है। गूगल ने AdaniConneX और एयरटेल के साथ विशाखापट्टनम में भारत का पहला बड़ा AI हब बनाना शुरू कर दिया है।

**जनता तक पहुंच ।** 2025 में AI टूल्स न के बराबर कीमत में आम जनता को भी मिलने लगे। एयरटेल ने अपने सब्सक्राइबर्स को Perplexity AI की मुफ्त भेंट दी तो रिलायंस जियो ने सब्सक्राइबर्स को Google Gemini इस्तेमाल करने की खुली छूट। साल खत्म होते-होते बाजार में शायद ही कोई गैजेट AI से लैस होना बचा हो। सरकार, संस्थान, कॉरपोरेट और उपभोक्ता - किसी की भी नजर से देखिए, 2025 के इंडियन टेक वर्ल्ड में AI की धूप दिखाई देगी।




**अभी बस शुरुआत ।** मगर सच यही है कि देश में AI का यह शुरुआती दौर है। लेकिन ध्यान देने की बात है कि इस समय AI वर्ल्ड में हमारी भूमिका वही है, जो 2000 की शुरुआत में इंटरनेट और डॉटकॉम की लोकप्रियता के समय थी यानी एक बड़े बाजार की, जिसमें काफी संसाधन कम दाम पर मिल सकते हैं।

**मौका चूक गए ।** दो दशक पहले देश और उसके संस्थानों के पास मौका था कि इनोवेशन व खास प्रॉडक्ट्स के जरिये पूरे विश्व पर धाक जमाई जाए। आगे निकलने का वह मौका हाथ से निकल गया। नतीजा, भारत एक बड़ा टेक मार्केट तो है, लेकिन इस मार्केट में उसके अपने प्रॉडक्ट बहुत कम हैं।

**भरपूर क्षमता ।** यही खतरा AI में भी है। भारत में निवेश तो जरूर हो रहे हैं, लेकिन हमारे पास अपना कोई बहुत बड़ा उत्पाद नहीं है। ऐसी बात नहीं है कि हममें अपना AI इकोसिस्टम और टूल्स बनाने की क्षमता नहीं। सरकार BharatGen नाम के लार्ज लैंग्वेज मॉडल पर काम कर रही है। इसे भारतीय संस्कारों, सभ्यता के हिसाब से रखा जा रहा है और 22 भारतीय भाषाओं के साथ काम करेगा। इसी तरह, Krutrim और Sarvam-M जैसे LLM भी भारतीय कंपनियां बना चुकी हैं, लेकिन ये गूगल, माइक्रोसॉफ्ट या मेटा के प्रॉडक्ट्स को टक्कर नहीं दे सकते।

**अपना हो AI ।** दुनिया के दिग्गजों से होड़ में अभी समय लगेगा। इसके लिए जरूरत होगी दूरदर्शिता, उचित निवेश और सधे नेतृत्व की। फटाफट पैसा कमाने की होड़ में हमारा देश एक बार टेक में लंबे वक्त का घाटा उठा चुका है। ध्यान रखना होगा कि वैसी गलती अब न हो। इस मामले में सरकार के AI सिखाने और पढ़ाने के कार्यक्रम जैसे 'Yuva AI for All' बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। भारत को अपना AI चाहिए, जो उसकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए किसी भारतीय ने बनाया हो।

**पहली सीढ़ी ।** इसमें दो राय नहीं कि 2025 भारत में AI का साल था, लेकिन यह अभी पहला पायदान है। 2026 में देश को AI बाजार का बादशाह बनने की लंबी यात्रा के पहले कदम उठाने होंगे। राह आसान नहीं, कई चुनौतियां हैं, लेकिन सही निर्णय और धैर्य से लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। अगर ऐसा हुआ तो AI का अगला Generation BharatGen का होगा।

# अगर पागे नहीं होते तो G RAM G भी नहीं होता


अभिषेक मिश्र

आज VB-G RAM G पर बहस छिड़ी है। मगर देश में रोजगार की गारंटी नई बात नहीं है। 1780 में अकाल के दौरान जब लखनऊ के नवाब आसफुद्दौला बड़ा इमामबाड़ा बनवा रहे थे, तब मजदूर दिन में काम करते और नवाब साहब के लोग रात में थोड़ा हिस्सा तोड़ देते थे ताकि अगले दिन भी काम जारी रहे। यह रोजगार देकर उनकी मदद करना ही था।

**पागे ने बदला इतिहास ।** आजाद भारत में रोजगार गारंटी सबसे पहले महाराष्ट्र में लागू हुई और इसके दशकों बाद पूरे देश में। इसके पीछे थे 18 साल तक महाराष्ट्र विधान परिषद के अध्यक्ष रहे विठ्ठल सखाराम पागे। 1960 के दशक में महाराष्ट्र में अकाल पड़ा तो उन्होंने सांगली के तासगांव तालुका में पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया। इससे पता चला कि 700 रुपये में 15 मजदूरों को 20 दिनों तक काम दिया जा सकता है। उन्होंने तब के मुख्यमंत्री वसंतराव नाइक को पत्र लिखकर पूछा कि 700 रुपये में 15 मजदूरों की मदद हो सकती है, तो 100 करोड़ में कितनों को फायदा पहुंचेगा!

**शुरू हुआ परीक्षण ।** इसके बाद राज्य के 11 गांवों में ट्रायल हुआ और जुलाई 1969 में महाराष्ट्र में रोजगार गारंटी स्कीम (EGS) की शुरुआत हुई। इसके नतीजे शानदार रहे। फिर भी केंद्र ने विरोध किया। पर पागे की विश्वसनीयता, नाइक का समर्थन और योजना आयोग के तत्कालीन उपाध्यक्ष डी आर गाडगिल की सहमति से योजना को महाराष्ट्र में आगे बढ़ाया गया।


कॉमन रूम

**प्रोफेशन टैक्स ।** 1970 के दशक में राज्य में सूखा पड़ा। नाइक और पागे अकाल राहत कार्यों के लिए मदद मांगने तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी के पास गए। मगर, इंदिरा ने बांग्लादेश युद्ध के बाद खराब आर्थिक स्थिति की बात कहकर मना कर दिया। तब पागे ने उन्हें शहरी वेतनभोगियों पर खास टैक्स लगाकर रकम जुटाने का सुझाव दिया। इसी से EGS के लिए प्रोफेशन टैक्स की शुरुआत हुई और राज्य में 1978 में रोजगार गारंटी अधिनियम लागू हुआ।

**EGS का अध्ययन ।** महाराष्ट्र में EGS की मजदूरी मार्केट रेट से कम रखी गई, ताकि योजना का लाभ उन्हीं मजदूरों को मिले, जिनके पास काम नहीं था। इसलिए योजना का लाभ जरूरतमंदों ने ही लिया।

**तर्क-वितर्क ।** मगर योजना के खिलाफ भी तर्क आए। रॉनल्ड हेरिंग्स और रेक्स एडवर्ड्स ने अपनी रिसर्च में दावा किया कि EGS को भले ही गरीबों की योजना बताया गया हो, लेकिन फायदा अमीर किसानों को हो रहा है। जवाब में अर्थशास्त्री वीएम दांडेकर और मधुसूदन साठे ने इसके फायदे गिनाए। कुल मिलाकर, EGS ने दिखाया कि सार्वजनिक कार्यों को सूखे के खिलाफ ढाल बनाया जा सकता है। भले ही राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (NAC) को मनरेगा का श्रेय दिया जाता है, लेकिन सचाई है कि पागे की योजना ही आगे चलकर EGS बनी और 2005 में मजदूरों को अस्थायी रोजगार देने के लिए मनरेगा शुरू किया गया।

## THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

# नए वर्ष की सुंदरता अपने पवित्र भाव में तलाश कर देखिए

**स्वामी सुखबोधानंद**

जहां प्रेम, आनंद और सौंदर्य की तरंगें लहराती हैं, वहां पवित्र भाव का अभाव नहीं होता। फिर ये तरंगें ही हमें ईश्वर से जुड़ने में मदद करती हैं। इसलिए हमें याद रखना है कि नया वर्ष तभी सजीव और अर्थपूर्ण बनेगा, जब हम अपने भीतर इन तरंगों की ऊर्जा को प्रवाहित होने देंगे।

एक सच्चा गुरु या सद्गुरु शब्दों के माध्यम से नहीं बल्कि अपनी उपस्थिति से इन तरंगों का संचार करते हैं। इसलिए श्रीकृष्ण ने अर्जुन को शब्दों से अधिक अपनी उपस्थिति के माध्यम से ज्ञान दिया। यदि वह कुरुक्षेत्र के मैदान में केवल शब्दों से अर्जुन को ज्ञान देते तो इसमें घंटों लग जाते। हो सकता है, समझाते-समझाते लंबा वक्त लग जाता है। उस समय वहां दो हृदयों के बीच हुआ संवाद था, शब्दों और समय से परे, जो श्रीकृष्ण की उपस्थिति से निकली ऊर्जा तरंगों से संपन्न हुआ। एक सपना शायद केवल दो मिनट का होता है, लेकिन नींद से जागने के बाद उसे बताने में एक घंटा लग सकता है।


AI Image

किसी गुरु के पास जाने से पहले अपने मन को शांत करें। अपने मन के अंदर प्रेम, आनंद और सौंदर्य का भाव भरने दें। जीवन ही सबसे बड़ा गुरु और शास्त्र है, इसलिए उसके साथ सम्मान और प्रेम का व्यवहार करें। हम उस कैटरपिलर की तरह हैं, जिसे यह पता नहीं होता कि वह तितली बन सकती है। हमें भी यह बोध नहीं होता कि हम बुद्ध (ज्ञानी) बन सकते हैं।

चीन का एक बढ़ई, जिसने अपनी कला के एक से बढ़कर एक नमूने बनाए थे, उससे उसकी सफलता का रहस्य पूछा गया। उसने कहा, 'मैं किसी पेड़ के पास गहरे प्रेम और आनंद के साथ जाता हूं, उससे पूछता हूं कि क्या वह कटने के लिए तैयार है। जब मेरी अंतरात्मा किसी विशेष पेड़ के लिए 'हां' कहती है, तभी मैं हृदय में प्रार्थना लिए उस पेड़ को काटता हूं।' इसी भाव से वह अद्भुत कृतियां रच सका।

क्या हम जीवन को दिव्यता की अनुभूति के साथ जी सकते हैं? यदि हम ऐसा कर पाएं, तो हमारे लिए नया वर्ष ऐसी सुंदरता और गहराई से भर जाएगा, जिसे शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं होगा।

## कांटे की बात


बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री के तौर पर और देश में लोकतंत्र की स्थापना के संघर्ष में खालिदा जिया की भूमिका अहम रही। उनका निधन बांग्लादेश की राजनीति और BNP के लिए बड़ी क्षति है।


**शेख हसीना,** *पूर्व प्रधानमंत्री, बांग्लादेश*

## छोटी बात, बड़ा फ़र्क़

# सेहत को रोज़गार से जोड़ा, तो आया बदलाव

*तमिलनाडु के धर्मपुरी जिले की सिट्टिलिंगी घाटी में स्वास्थ्य को देखने का नजरिया आम अस्पतालों से बिल्कुल अलग है। यहां इलाज सिर्फ दवा तक सीमित नहीं - यह खेती, खान-पान और रोजगार से जुड़ा है। बदलाव की यह कहानी शुरू हुई थी साल 1993 में।*


AI Image

### ऑर्गेनिक खेती से सुधरा लाइफस्टाइल

**डॉ. रेगी** जॉर्ज और डॉ. ललिता रेगी लगभग तीन दशक पहले जब इस घाटी में पहुंचे, तो बड़ी आबादी बीमारी की चपेट में थी और वजह थी अनहेल्दी लाइफस्टाइल। रोजगार की तलाश में लोग बाहर जाते, वहां खराब परिस्थितियों में रहते और बीमारी लेकर लौटते। डॉक्टर दंपती ने स्थानीय लोगों को ऑर्गेनिक खेती के लिए प्रेरित किया।

### किसान अपनी कंपनी से हुए आत्मनिर्भर

**शुरुआत में** केवल 4 किसान आगे आए थे। आज सिट्टिलिंगी की अपनी कंपनी है - SOFA, जिसका टर्नओवर 3 करोड़ है। पैसा आया, पलायन रुका, जीवनस्तर सुधरा और बीमारियां दूर हुईं। पेरगई नाम का समूह महिलाओं को सिलाई-बुनाई की ट्रेनिंग देता है। इससे आर्थिक आत्मनिर्भरता आई।

जनता जंक्शन — इरफ़ान




# हमें कोई कुछ भी बेच सकता है, प्रदूषण भी


रमेश तिवारी


कार खरीदने का इससे 'बेहतरीन वक्त' हो सकता है क्या? GST में कटौती है ही, ईयर-एंड डिस्काउंट भी है। ये आकर्षक ऑफर तब हैं, जब प्रदूषण चरम पर है। इससे पहले फेस्टिवल सीजन में गाड़ियों की रेकॉर्ड बिक्री हुई। कार ही क्या, हर ई-कॉमर्स साइट पर सेल चल रही है। दिन-रात हर घर कुछ न कुछ पहुंच रहा है। इस समय कोई हमें कुछ भी बेच सकता है। क्यों? क्योंकि हमें पता ही नहीं है कि हमें असल में चाहिए क्या।

### इंडस्ट्री की क्या गलती?

हम सभी चाहते हैं कि प्रदूषण पर नियंत्रण हो। लेकिन हम अक्सर यही ढूंढ रहे होते हैं कि इसके लिए किसे दोषी ठहराएं। पहले तो पराली पर उंगली उठी। पराली का मौसम खत्म होते ही प्रदूषण में स्पष्ट कमी आ जानी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कभी निर्माण कार्य को दोषी ठहराया जाता है, कभी तंदूर को, कभी डीजल जनरेटर को, तो कभी गाड़ियों को। इन सभी कारणों में सच्चाई के अंश हैं, लेकिन कहीं हम एक ज्यादा गहरी और जटिल समस्या को बहुत सतही ढंग से तो नहीं देख रहे।

हमें यह भरोसा दिलाया जाता है कि अब BS-6 वर्जन आ चुका है, जिससे कम प्रदूषण फैलता है। जब सड़कों पर गाड़ियों की संख्या ही बेतहाशा बढ़ रही हो, तो उत्सर्जन मानकों में मामूली सुधार ऊंट के मुंह में जीरे जैसा ही है। यहां सभी को कार के लिए उकसाया जा रहा है, जबकि चीन में कार लॉटरी से मिलती है।

इलेक्ट्रिक गाड़ियों को मानो किसी चमत्कारी समाधान की तरह पेश किया जा रहा है। तकनीकी प्रगति आवश्यक है, लेकिन ये कभी भी विवेक की जगह नहीं ले सकता। शासन और नीतियों में बदलाव अहम है, लेकिन सरकारें संस्कारों से भी नियंत्रित होती हैं। इंडस्ट्री को अक्सर जिम्मेदार ठहराया जाता है। लेकिन मांग तो हम पैदा करते हैं, उपभोक्ता बनकर।



AI Image

हम उपभोक्तावाद के उस दौर में जी रहे हैं, जहां हम खुद नहीं जानते कि हमें वास्तव में क्या चाहिए। बाजार हमें बताता है कि हमें क्या चाहिए। एक तरफ अधिक से अधिक उत्पाद बनाए जा रहे हैं, दूसरी तरफ अहसास कराया जा रहा है कि ये प्रॉडक्ट हमारे सुख, पहचान और सामाजिक हैसियत के लिए जरूरी हैं। नतीजतन हम ऐसी चीजें खरीद लेते हैं, जिनका हम शायद ही कभी उपयोग करते हैं। अपने किचन में झांकिए। वॉर्डरोब में कपड़े देखिए। नया फोन देखिए। यही मानसिकता आगे चलकर जरूरत न होने पर भी एक से ज्यादा घर, गाड़ियां और लगातार अपग्रेड करने की प्रवृत्ति में बदल जाती है। ये सब हमारे भीतर के खालीपन के प्रतीक हैं।

### जरूरत या चाहत?

कोई कह सकता है कि डिमांड से अर्थव्यवस्था को लाभ होता है। जरा सूक्ष्मता से गहराई से सोचकर देखिएगा, ये लाभ कहीं सिर्फ अरबपतियों को खरबपति तो नहीं बना रहा? बात विकास या सुविधा के खिलाफ नहीं है। असली चुनौती जरूरत और चाहत के बीच फर्क समझने की है। हमारे लिए सबसे जरूरी क्या है? हमारा अस्तित्व, जो अभी दांव पर है। चाहत वह है जो तुलना, ट्रेंड और दिखावे से जन्म ले। जब यह फर्क मिट जाता है, तो उपभोग की कोई सीमा नहीं रहती। किसी बंदिश का विरोध देख राजनीतिक वर्ग और इंडस्ट्री को लगता है कि हमारे लिए उपभोग बड़ा मुद्दा है, प्रदूषण नहीं। प्रदूषण पर नियंत्रण केवल नियमों, ईंधन या तकनीक से संभव नहीं है। इसके लिए संयम भी चाहिए। हमारी चेतना जागे तो कोई सरकार सो नहीं पाएगी, इंडस्ट्री हमें प्रॉडक्ट की तरह नहीं देख पाएगी।

## रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

### कान न काटे 'सोना'

30 दिसंबर का संपादकीय 'संतुलन की जरूरत' पढ़ा। इसमें लाख टके की बात कही गई है। अरावली पहाड़ियां, जो चार प्रदेशों के करोड़ों लोगों और उनसे सटे अनेक राज्यों को रेगिस्तान होने से बचाती रही हैं। वे जीवनदायनी ऑक्सीजन देकर अपना धर्म निभा रही हैं। अब ग्लोबल वार्मिंग की भयावहता को देखते हुए हमें चाहिए कि हिमालय सहित देश की सभी पर्वतमालाओं को अरावली की ही तरह रक्षा करें। केंद्र सहित सभी राज्य सरकारों का यह प्रथम दायित्व होना चाहिए। कहा गया है कि वह विकास रूपी सोना किस काम का जो कान ही काट ले।

**आरसी खंदार,** ईमेल से

**readersmail.nbt@gmail.com**
पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 31-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP9 User: cci Time: 12-30-2025 22:29 Color:



## विशलिस्ट 2026: नए साल में ये चाहतें पूरी करना चाहते हैं स्टार्स

# करनी है दुनिया की सैर और सीखने हैं नए हुनर



Upma.Singh@timesofindia.com

नया साल हो तो नई उम्मीदें, नए सपने, नई ख्वाहिशें खुद-ब-खुद दिल-ओ-दिमाग में दस्तक देने लगती हैं। इसलिए, नवभारत टाइम्स ने सिनेमा के फलक के जगमगाते सितारों से जाना कि 2026 में वे क्या नया करना चाहते हैं? अपनी कौन सी तमन्ना पूरी करना चाहते हैं? कौन सा हुनर तराशना चाहते हैं? आप भी जानिए इस नए साल के लिए बॉलिवुड स्टार्स की विशलिस्ट:

### कोई साज है सीखना: माधुरी दीक्षित

बॉलिवुड डीवा माधुरी दीक्षित बताती हैं, 'म्यूजिक के प्रति मेरी रुचि हमेशा से रही है। मैं डांस करती हूं। मैं गाना गाती हूं, मगर मैं कोई इंस्ट्रूमेंट नहीं बजा पाती। मेरा काफी समय से मन है कि कोई साज बजाना सीखूं तो नए साल में मैं कोई म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट बजाना सीखना चाहती हूं। मैं नए साल में कोई भी एक म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट बजाना सीखूंगी।'



### ट्रैवल करना चाहता हूं: नवाजुद्दीन सिद्दीकी

जाने-माने ऐक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने बताया, 'मैं ज्यादातर समय अपने काम में बिजी रहा हूं, लेकिन अभी मैं ट्रैवल करना चाहता हूं। मेरी कोशिश है कि शूटिंग से अलग हटकर घूमने जाऊं। देश और दुनिया में इतनी सुंदर-सुंदर जगहें हैं, उनका लुत्फ लूं तो इस साल मैं उसके लिए वक्त निकालूंगा।'



### बॉलरूम डांसिंग फिर कर सकूं: नागेश कुकुनूर

डोर और इकबाल जैसी बेहतरीन फिल्मों के निर्देशक नागेश कुकुनूर कहते हैं, 'हम अक्सर अपने काम में शौक को भूल जाते हैं। जैसे, मैं जब यूएस में रहता था तो बॉलरूम डांसिंग की क्लास लिया करता था तो मैं चाहता हूं कि नए साल में अपने मैं बॉलरूम डांस की प्रैक्टिस वापस शुरू कर सकूं तो मैं खुद के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। ये स्किल और आर्ट फॉर्म हमें अलग तरह की खुशी देते हैं।'



### अगली फिल्म प्रड्यूस करनी है: चित्रांगदा सिंह

इस साल हाउसफुल 5 और रात अकेली है 2 जैसी फिल्में करने वाली ऐक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह साल 2026 में बतौर निर्माता अपनी नई फिल्म प्रड्यूस करना चाहती हैं। उनका कहना है, 'एक फिल्म है जो मैं काफी समय से प्रड्यूस करना चाह रही हूं। मेरी विशलिस्ट में वह काफी समय से है तो नए साल में अगर वह काम हो जाए बहुत अच्छा होगा। ये मेरी कोशिश है कि अगले साल वह फिल्म प्रड्यूस कर पाऊं।'



### डांस-फिजिकल थिएटर सब सीखना है: आयशा

बीरे दी वेडिंग, आप जैसा कोई जैसी फिल्मों में दिखीं ऐक्ट्रेस आयशा रजा कहती हैं, 'मेरा तो ऐसा फेज चल रहा है कि मैं जो सब सीखना चाहती हूं, करना चाहती हूं जो अब तक नहीं किया। मैं गाना सीखना चाहती हूं। डांस सीखना चाहती हूं। विदेश जाकर फिजिकल थिएटर और कॉमेडी में कोर्स करना चाहती हूं।'



### पर्सनल-प्रफेशनल लाइफ में बैलेंस बनाना: कुणाल खेमू

ऐक्टिंग के साथ डायरेक्शन और म्यूजिक में हाथ आजमाने वाले कुणाल खेमू ने कहा, 'मैं पर्सनल और प्रफेशनल लाइफ में अच्छा बैलेंस बनाना चाहता हूं। कई बार हम अपने काम में इतने रम जाते हैं कि जिंदगी के अहम पलों को खो देते हैं। बेशक बहुत सारा काम ना मैं करना चाहता था, अभी जो सब मुझे करने का मौका मिला लेकिन उसके साथ-साथ मैं अपने और परिवार के लिए वक्त निकालना चाहता हूं।'



### स्पीरिचुअल नॉलेज बांटना है: राशि खन्ना

ऐक्ट्रेस राशि खन्ना अपनी कई ख्वाहिशें नए साल में पूरा करना चाहती हैं। बकौल राशि, 'मैं एक पीरियड फिल्म करना चाहती हूं जिसमें क्वीन जैसा रोल हो। इसके अलावा, मुझे ग्रे या नेगेटिव रोल करना है क्योंकि अभी लोग मेरे चेहरे पर मासूमियत देखते हैं तो वो इमेज बदलनी है। मुझे ट्रैवल करना पसंद है और मेरी ट्रैवल लिस्ट में जापान और वियतनाम काफी समय से है तो वहां जाना चाहती हूं। वहीं, मैं माइंड-बॉडी-सोल को बहुत महत्व देती हूं तो इस दिशा में जो चीजें मैंने सीखी हैं, वो सोशल मीडिया के जरिए दूसरों के साथ बांटना चाहती हूं।'

## 'तलाक पर मुझे दोस्त और परिवार से भी झेलना पड़ा विरोध'



मलाइका अरोड़ा

मलाइका अरोड़ा ने एक इंटरव्यू में अरबाज खान से तलाक के दौर को लेकर चर्चा की। मलाइका ने बताया कि शादी खत्म करने के फैसले पर उन्हें सिर्फ पब्लिक ही नहीं, बल्कि दोस्तों और परिवार की तरफ से भी काफी जज किया गया था और विरोध का सामना करना पड़ा था। मलाइका ने कहा कि उस वक्त उनके हर फैसले पर सवाल उठाए गए। उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत जजमेंट और विरोध का सामना करना पड़ा। सिर्फ बाहर के लोगों से नहीं, बल्कि दोस्तों और परिवार से भी। उस समय मेरी हर पसंद पर सवाल उठने लगे थे। लेकिन आज मैं खुश हूं कि मैंने अपने फैसलों पर कायम रही। मुझे कोई पछतावा नहीं है।'

मलाइका ने आगे कहा कि उन्हें नहीं पता था कि आगे क्या होगा, लेकिन इतना जरूर जानती थीं कि उस वक्त जिंदगी में यह कदम उठाना उनके लिए जरूरी था। उन्होंने कहा, 'मैं खुश रहना चाहती थी। लोग कहते थे कि अपनी खुशी को सबसे ऊपर कैसे रख सकती हो? लेकिन मुझे अकेले रहना मंजूर था।' शादी को लेकर अपना नजरिया साफ करते हुए मलाइका ने कहा कि तलाक के अनुभव ने उन्हें शादी से दूर नहीं किया। उन्होंने बताया, 'मैं शादी में विश्वास करती हूं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि यह मेरे लिए ही है। अगर जिंदगी में फिर से ऐसा होता है तो ठीक है, लेकिन मैं इसे तलाश नहीं रही। मैं अपनी जिंदगी से खुश हूं।' मलाइका ने कहा कि वह प्यार में अब भी यकीन रखती हैं और प्यार देने व पाने का ख्याल उन्हें पसंद है। गौरतलब है कि मलाइका और अरबाज खान की शादी 1998 में हुई थी और 2017 में दोनों का तलाक हो गया।

> मैं शादी की व्यवस्था में विश्वास करती हूं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि यह मेरे लिए ही हो।

## रोम में छुट्टियां मना रही हैं रश्मिका



तमाम सिलेब्रिटी जहां एक ओर अपने वेकेशन डेस्टिनेशन लोगों को नहीं बताते, वहीं रश्मिका मंदाना ने खुद फैंस को बताया कि वह कहां घूम रही हैं। रश्मिका इन दिनों रोम में छुट्टियां एंजॉय कर रही हैं जिसकी फोटोज उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा कीं।

तस्वीरों में विजय देवरकोंडा के भाई आनंद देवरकोंडा भी दिखे, जिसे देखकर फैंस का ध्यान वहीं अटक गया। अन्य तस्वीरों में रश्मिका रोम की खूबसूरती का आनंद लेती नजर आईं। वह कभी ऐतिहासिक इमारतों के पास पोज देती दिखीं तो कभी सर्दियों की धूप में रिलैक्स करती हुईं। उन्होंने कुछ विडियो भी पोस्ट किए, जिनमें वह रोम की सड़कों पर दोस्त के साथ टहलते और गर्ल गैंग के साथ डांस करती नजर आईं। इन तस्वीरों के साथ रश्मिका ने लिखा, 'अब तक रोम'।


गौरतलब है कि रश्मिका इन दिनों विजय देवरकोंडा से अपनी शादी को लेकर भी खबरों में हैं। चर्चा है कि 26 फरवरी 2026 को वह उदयपुर में विजय देवरकोंडा से शादी करेंगी। विजय देवरकोंडा से शादी करेंगी। विजय देवरकोंडा से शादी करेंगी।

## मेरा गांव, मेरे पास

### उत्तराखंड में त्रिपुरा के छात्र के मर्डर केस में मौत या उम्रकैद की मांग

# एंजेल हत्या की जांच करेगी SIT, NHRC ने भी तलब की रिपोर्ट

■ भाषा, देहरादून, नई दिल्ली: उत्तराखंड में त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा (24) की 9 दिसंबर को हुई हत्या मामले में चौतरफा दबाव के बीच देहरादून पुलिस ने मंगलवार को SIT गठित की। साथ ही कहा कि अब तक की जांच में नस्लीय दुर्व्यवहार का सबूत नहीं मिला है। वहीं, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने इस मामले में कथित नस्ली भेदभाव को लेकर देहरादून के जिला मैजिस्ट्रेट (DM) और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (SSP) को नोटिस जारी किया है। आयोग की जांच रिपोर्ट 7 दिनों के भीतर देने के निर्देश दिए गए हैं।



IANS

देहरादून के एसएसपी अजय सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि पुलिस हत्याकांड में शामिल फरार मुख्य आरोपी नेपाल के यज्ञराज अवस्थी को पकड़ने के बहुत करीब पहुंच चुकी है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय ने अवस्थी पर घोषित 25 हजार रुपये के इनाम को बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया है।

पुलिस अधिकारी ने कहा कि 9 दिसंबर को हुई इस घटना के संबंध में पुलिस ने सभी सीसीटीवी फुटेज एकत्रित कर लिए हैं। पूरी वारदात भीड़भाड़ वाली जगह पर शाम सवा छह बजे के बाद 40-50 सेकेंड के भीतर हुई। उन्होंने कहा कि घटना के पीछे की पूरी सच्चाई एंजेल पर चाकू से वार करने वाले मुख्य आरोपी अवस्थी की गिरफ्तारी के बाद ही पता चल पाएगी। आरोपी और पीड़ित पक्ष एक-दूसरे को नहीं जानते थे। पूरी घटना 'इन द हीट ऑफ द मोमेंट' में हुई। यह पूछे जाने पर कि क्या वारदात में शामिल चाकू बरामद हो गया है, एसएसपी ने कहा कि अवस्थी ने पास में खड़ी अंडे की ठेली से उसका चाकू उठाकर एंजेल पर वार किया था। जांच में सामने आया है कि आरोपियों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं था। एसएसपी ने सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर प्रसारित खबरों में घटना को नस्लीय दुर्व्यवहार से जोड़े जाने को गलत बताया। एसएसपी ने कहा कि मामले में दर्ज प्राथमिकी में भी नस्लीय दुर्व्यवहार का कोई आरोप नहीं है।

# 'महोबा में बाप-बेटी को नौकर दंपती ने वर्षों रखा कैद में'

■ भाषा, बांदा: उत्तर प्रदेश के महोबा जिले से एक अमानवीय घटना सामने आई है। रेलवे का एक 70 वर्षीय रिटायर्ड कर्मचारी अपने आवास पर संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए, जबकि उनकी मानसिक रूप से दिव्यांग बेटी शव के पास अत्यंत दुर्बल अवस्था में पाई गई। मृतक के परिजनों ने घरेलू सहायक दंपती पर बाप-बेटी को वर्षों तक कैद में रखने और उनके साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान ओम प्रकाश सिंह राठौर के रूप में हुई है, जो रेलवे से वरिष्ठ क्लर्क के पद से सेवानिवृत्त हुए थे और महोबा कस्बे के हिंद टायर गली इलाके में रहते थे। राठौर की पत्नी रेणुका की 2016 में मौत हो गई थी और दंपती की 27 वर्षीय बेटी रश्मि मानसिक रूप से दिव्यांग है।


**Joint Plant Committee (JPC)**
**301-306, Aurobindo Place, Hauz Khas, New Delhi - 110016**

JPC invites applications for select domains for Young Professionals, Experts and Assistants. See detailed advertisement in **www.jpcindiansteel.nic.in**

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 यहाँ के सामने उल्लिखित तिथि को 15:00 बजे से पहले निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं और इसे 15:30 बजे खोला जाएगा: क्र.सं.; निविदा सं.; कार्य का विवरण; निविदा मूल्य; और बयाना राशि क्रमशः (1); ई-केजीपी-एसबीयू-60-2025; एडीईएन/तमलुक के अधिकार क्षेत्र के तहत तमलुक/दीघा सेक्शन में कांथी और रामनगर (बंगाल) रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म का विस्तार; ₹ 2,96,87,825.74; ₹ 2,98,400.00; (2); ई-केजीपी-साउथ-65-2025; वरिष्ठ डीईएन (साउथ)/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत खड़गपुर-भद्रक सेक्शन में 25 सेट के यूएसबीसी रिप्लेसमेंट...; ₹ 78,85,599.65; ₹ 1,57,700.00; (3); ई-केजीपी-साउथ-66-2025; ...; ₹ 2,18,83,494.26; ₹ 2,59,400.00; (4); ई-केजीपी-साउथ-67-2025; ...; ₹1,31,54,917.15; ₹ 2,15,800.00; (5); ई-केजीपी-वेस्ट-55-2025; ...; ₹ 2,16,13,660.72; ₹ 2,58,100.00; (6); ई-केजीपी-वेस्ट-56-2025; ... एलसी नंबर 103, 111 और 116 पर मौजूदा सबवे का सुधार और उन्नयन; ₹ 2,29,67,331.28; ₹ 2,64,800.00; निविदा दस्तावेज की लागत: ₹ 0.00 (क्र.सं. 1 से 6 के लिए); खुलने की तिथि: 13/01/2026 (क्र. सं. 1 के लिए), 15/01/2026 (क्र. सं. 2 से 4 के लिए) और 16/01/2026 (क्र. सं. 5 और 6 के लिए); कार्य समापन अवधि 12 महीने (क्र. सं. 1 से 6 के लिए); बोली प्रारंभ तिथि: क्र.सं. 1 के लिए 30/12/2025 से और 13/01/2026 को 15:00 बजे तक; बोली प्रारंभ तिथि: क्र. सं. 2 से 4 के लिए 01/01/2026 से और 15/01/2026 को 15:00 बजे तक; बोली प्रारंभ तिथि: क्र.सं. 5 से 6 के लिए 02/01/2026 से और 16/01/2026 को 15:00 बजे तक; इच्छुक निविदाकर्ता निविदाओं के पूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। नोट: भावी बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से 'www.ireps.gov.in' देखें। (PR-1015)

भा.कृ.अनु.प. केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान
(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद)
एडनवाला रोड माटुंगा मुंबई - 400019

ई- निविदा आमंत्रण सूचना

निदेशक, भा.कृ.अनु.प. केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान मुंबई द्वारा माटुंगा, मुंबई कार्यालय में नीचे दिए गए कार्य के लिए पात्र सरकार में पंजीकृत ठेकेदारों से दो बोली प्रणाली में ऑनलाइन प्रतिशत दर निविदाएं (ई-निविदाएं) आमंत्रित की जाती हैं:

टेण्डर आयडी- 2025_DARE_891659_1, निविदा प्रकार- खुली निविदा, निविदा श्रेणी- कार्य, काम का नाम - भा.कृ.अनु.प. केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, माटुंगा कार्यालय में एडनवाला रोड की ओर स्थित परिसर की पूर्व दिशा में नये मुख्य प्रवेश द्वार (मेन गेट) का कार्य प्रदान करना है।
अनुमानित लागत रु. 21,94,368.00, बयाना जमा राशी रु.- 44,000.00.
कार्य पूरा करने का निर्धारित समय - 60 दिन।
प्री-बिड बैठक – तिथि 12.01.2026, समय: प्रातः 11.00 बजे, स्थान:- भा.कृ.अनु.प.-केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (ICAR-CIRCOT), माटुंगा, मुंबई।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 19-01-2026 को 03:00 PM
तकनीकी बोली को खोलने की तिथि एवं समय : 21.01.2026 को 12.00 PM
निविदा प्रपत्र एवं अन्य विवरण वेबसाइट : www.circot.icar.gov.in or www.eprocure.gov.in से देखा एवं प्राप्त किया जा सकता है। ई-निविदाएं नियत तिथि एवं समय से पूर्व केंद्रीय सरकारी वेबसाइट : www.eprocure.gov.in पर जमा करनी होंगी।

Sd/-
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी

**VACANCIES FOR EMPLOYMENT ON CONTRACTUAL BASIS AT EARLY INTERVENTION CENTRE & CENTRAL MI ROOM, COLABA, HQ MG & G AREA**

(a) Early Intervention Centre & Central MI Room at HQ MG & G Area, Colaba Mumbai invites applications to engage the following on contractual basis at HQ MG & G Area, Colaba, Mumbai for the period of 01 (One) year subject to performance of candidates.

| Ser No | Appointment | Minimum | No of Vac | Fixed Remuneration |
|---|---|---|---|---|
| (i) | Occupational Therapist (Lady) | Bachelor / Masters Degree | 01 | 40,000/- |

(b) For additional details, please contact Brig Med, HQ MG & G Area, Colaba, Mumbai at Tel No 460004-6162 and Mobile No 9888279929. Preference will be given to Ex Servicemen.
(c) Last date of receipt of application is 08 Jan 2026. Brief /CV/Resume along with self attested photocopies of testimonials in support of Educational Qualifications and Work Experience will be submitted to Brig Med, HQ MG & G Area, Colaba, Mumbai-400005. Any application received after 08 Jan 2026 will not be accepted.
(d) Interview, Date, Timing & Venue : Candidates must reach HQ MG & G Area (Medica Branch), Colaba, Mumbai 400005 at 0900 hrs on 22 Jan 2026 for the interview to be held between 0930-1500 hrs. Candidates must bring all original certificates / documents / degree / work experience and Discharge book / PPO service records. No TA/ DA is admissible. Only candidates meeting the Qualitative Requirements may apply.

**भारतीय साधारण बीमा निगम**
(भारत सरकार की कंपनी)
GIC Re "सुरक्षा", 170, जे.टाटा रोड, चर्चगेट, मुंबई - 400020

**ई-टेंडर**
**मुंबई गेस्ट हाउस - जीआईसी री के लिए संविदा आधार पर केयरटेकर की नियुक्ति के लिए निविदा आमंत्रित करने हेतु आवेदन**

आवेदन पत्र केवल हमारी वेबसाइट www.gicre.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं।
त्वरित लिंक: जीआईसी की वेबसाइट → मीडिया → निविदा → कार्यालय सेवा विभाग
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि - 05 जनवरी, 2026 को शाम 5 बजे तक।

सहायक महाप्रबंधक (ओएसडी)

**IDBI BANK आईडीबीआई बैंक लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय: आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-400005
CIN No: L65190MH2004GOI148838

**टेस्टिंग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (TCoE) स्थापित करने के लिए सर्विस प्रोवाइडर के चयन हेतु आरएफपी**

आईडीबीआई बैंक उपरोक्त समाधान हेतु पात्र बोलीदाताओं से सीलबंद बोली आमंत्रित करता है। विवरण के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट https://www.idbi.bank.in (नोटिस और टेंडर) देखें।
नोट: उपरोक्त आरएफपी के संबंध में कोई और परिशिष्ट / सुधार / तारीखों का विस्तार / स्पष्टीकरण / बोलीदाताओं के प्रश्नों के उत्तर केवल बैंक की वेबसाइट पर पोस्ट किए जाएंगे। समाचार पत्रों में इस हेतु कोई अलग से अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। अतः बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे इस संबंध में स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से बैंक की वेबसाइट देखते रहें।

**शिपिंग महानिदेशालय**
**रिक्ति**

नेशनल शिपिंग बोर्ड, चंद्रलोक बिल्डिंग, पहली मंजिल, शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया 36, जनपथ, नई दिल्ली – 110001 के कार्यालय में सलाहकार के पद के लिए 01 संविदात्मक पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पात्रता, शैक्षिक योग्यता, कार्य अनुभव और आवेदन जमा करने का प्रारूप आदि डीजी शिपिंग वेबसाइट: www.dgshipping.gov.in पर प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन में देखे जा सकते हैं। आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिन है।

| क्र.सं. | विवरण | रिक्तियों की संख्या | पारिश्रमिक | पात्रता मापदंड |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सलाहकार | 1 | अंतिम आहरित वेतन माइनस पेंशन | सेवानिवृत्त केंद्र/राज्य सरकार का अधिकारी जिसने अवर सचिव या समकक्ष (या उच्चतर) के स्तर पर न्यूनतम 20 वर्ष का अनुभव प्राप्त किया हो। |

यदि कोई शुद्धिपत्र/अनुपूरक है, तो उसे केवल डीजीएस वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

**नौवहन महानिदेशालय**
**ईओआई सूचना**

भारत सरकार के पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के तहत नौवहन महानिदेशालय (डीजीएस), मुंबई, पोत पुनर्चक्रण विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने और डिजिटल सहायता योजना प्रदान करने हेतु अनुभवी और प्रतिष्ठित परामर्शदाता फर्मों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है।

विस्तृत आरईओआई दस्तावेज सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल (सीपीपीपी) (https://eprocure.gov.in/eprocure/app) और डीजीएस वेबसाइट (https://www.dgshipping.gov.in/) पर उपलब्ध है। निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाली इच्छुक फर्म आरईओआई दस्तावेज में निहित निर्देशों के अनुसार अपनी ईओआई प्रस्तुत कर सकती हैं।

मुख्य विवरण
- निविदा आईडी: 2025_DGS_891258_1
- निविदा संदर्भ संख्या: 13-44/20/2022-ENGG-DGS (17970)
- जमा करने की अंतिम तिथि: 19 जनवरी 2026
- जमा करने का तरीका: सीपीपीपी के माध्यम से ऑनलाइन

डीजीएस बिना कोई कारण बताए इस अनुरोध को रद्द या संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**इंडियनऑयल** IndianOil
CIN-L23201MH1959GOI011388

विपणन प्रभाग | महाराष्ट्र राज्य कार्यालय

**सर्वो स्टॉकिस्ट की नियुक्ति हेतु सूचना**

| निविदा सूचना संख्या/नियुक्ति का नाम | आवेदन अवधि |
|---|---|
| निविदा सूचना संख्या: MSO/LDS/25-26/SSM/01 निम्नलिखित स्थान(नों) पर सर्वो स्टॉकिस्ट – मरीन (राष्ट्रीय स्तर) की नियुक्ति हेतु: 1. मुंबई | आवेदन दस्तावेज 31/12/2025 को प्रातः 10:00 बजे से प्रकाशित किए जाएंगे एवं डाउनलोड उपलब्ध होगा। भौतिक आवेदन प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि: 28/01/2026, सायं 17:00 बजे तक। |

| क्र. सं. | स्थान | राजस्व जिला | राज्य | कार्य क्षेत्र (क्षेत्राधिकार) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुंबई | मुंबई | एमएसओ | मरीन लुब्रिकेंट्स बिजनेस के लिए भारत के सभी पोर्ट्स |

किसी भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण हेतु कृपया निम्नलिखित संपर्क विवरण पर हमारे संबंधित स्थानीय बिक्री कार्यालयों से संपर्क करें:

| क्र. सं. | स्थान | संपर्क अधिकारी का नाम | मोबाइल नंबर | ई-मेल आईडी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुंबई | दीपेंद्र भाटी | 8769860046 | bhatids@indianoil.in |

इच्छुक आवेदक आवेदन प्रपत्र एवं दिशानिर्देश निम्नलिखित वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं: https://spandan.indianoil.co.in/BPSP/HomePage.jsp एनआईटी/आवेदन प्रपत्र में उल्लिखित सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित भरा हुआ आवेदन प्रपत्र, एनआईटी में दर्शाए गए पते पर निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व जमा किया जाना अनिवार्य है। यदि कोई संशोधन/परिशिष्ट शुद्धिपत्र जारी किया जाता है, तो वह भी उपरोक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

**सीमा शुल्क निवारक आयुक्तालय**
**मुंबई सीमा शुल्क क्षेत्र-III**
**निस्तारण अनुभाग, तलाश एवं आसूचना स्कंध,**
**नया सीमा शुल्क भवन, बैलार्ड एस्टेट, फोर्ट, मुंबई-400 001**
**ईमेल : disposal-prev@gov.in**

**ई-नीलामी सूचना**

ई-नीलामी सह ई-निविदा संख्या MSTC/WRO/Customs reventive/11/Mumbai/25-26/51906, सीआरजीओ स्टील शीट के 01 लॉट की नीलामी 13.01.2026 को निस्तारण अनुभाग, आर एंड आई, न्यू कस्टम हाउस द्वारा मैसर्स एमएसटीसी लिमिटेड, 607 रहेजा सेंटर, नरीमन पॉइंट, मुंबई-400021 के माध्यम से आयोजित की जाएगी। लॉट का विवरण (नीलामी कैटलॉग) www.mstcindia.co.in पर उपलब्ध है। लॉट का निरीक्षण संबंधित स्थान पर 06.01.2026 और 07.01.2026 को 12:00 बजे से 16:00 बजे तक किया जा सकता है। भागीदारी/पंजीकरण और अन्य नियमों व शर्तों के लिए, www.mstcecommerce.com पर लॉग ऑन करें या सहायक प्रबंधक, मैसर्स एमएसटीसी, फोन नंबर 022-22872011/22886261 से संपर्क करें। बेचे गए माल की डिलीवरी के बाद शिकायतों पर विभाग द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

**पश्चिम मध्य रेल**
ई-निविदा सूचना-कोटा मण्डल सिविल इंजीनियरिंग (जीएसयू)
No.-GSU-KOTA-NIT Dt. 20.12.2025

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मुख्य परियोजना प्रबंधक (जीएसयू) पश्चिम मध्य रेलवे कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। टेंडर संख्या - GSU-KOTA-07-2025. कार्य का विवरण ... अनुमानित लागत- 10,34,65,913.16, बयाना राशि - 6,67,300.00, टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय- 15.20 Hrs. On date 14.01.2026. पूर्ण विवरण वेबसाइट https://ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई-निविदा में एवं मुख्य परियोजना प्रबंधक (जीएसयू) पश्चिम मध्य रेलवे, ... कार्यालय परिसर कोटा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

(हस्ता.)
कार्यकारी इंजीनियर (जीएसयू)
पश्चिम मध्य रेलवे कोटा

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/(परिचालन)/ पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं क्रम सं. 1, निविदा सं. इएलईजी-ओटी-1277-2025-26, कार्य का विवरण: वरिष्ठ डीईई/1/सियालदह के अधीन सियालदह मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों में फुटओवर ब्रिज पर शेड का प्रावधान एवं अन्य सभी सहायक कार्य। निविदा मूल्य: रु. 1,39,77,797/-, बयाना राशि: रु.2,19,900/-, क्रम सं. 2, निविदा सं. इएलईजी-ओटी-1279-2025-26, कार्य का विवरण: बिल्डिंग नं. 210/सियालदह में तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए 05 (पांच) पैसेंजर क्षमता (जी+2), (उत्पादनकर्ता: मेसर्स भारत एलिवेटर्स एवं इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड) के पैसेंजर लिफ्ट का व्यापक रखरखाव अनुबंध। निविदा मूल्य: रु. 1,99,692/-, बयाना राशि: रु. 4,000/-, समापन अवधि: क्रम सं. 1 हेतु 08 माह और क्रम सं. 2 हेतु 36 माह। बोली के प्रारंभ होने की तिथि : दिनांक 02.01.2026 (प्रत्येक हेतु)। निविदा बंद होने की तिथि और समय: 16.01.2026 को 14.00 बजे (प्रत्येक हेतु)। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनों का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। SDAH-328/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# विकास की राह पर सिद्धार्थनगर

## आकांक्षात्मक जिला पहल बदल रही है लोगों का जीवन

**सिद्धार्थनगर** की आकांक्षात्मक जिला कार्यक्रम के तहत प्रगति बहुआयामी रणनीति का परिणाम है, जो समग्र विकास को समेटे हुए है

पांच प्रमुख क्षेत्रों के अंतर्गत 49 प्रमुख संकेतक:

- स्वास्थ्य एवं पोषण 30%
- शिक्षा 30%
- कृषि एवं जल 20%
- वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास 10%
- बुनियादी अवसंरचना 10%

**सरकारी आंकड़ों के अनुसार, कार्यक्रम की शुरुआत से अब तक समग्र सुधार के मामले में सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों में शामिल है।**



### स्वास्थ्य और पोषण

- ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस तथा शहरी स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस आउटरीच का कम से कम एक आयोजन करने वाले आंगनवाड़ी केंद्रों का प्रतिशत : 100
- गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं में परीक्षण किए गए मामलों के सापेक्ष उपचार प्राप्त करने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत : 100
- पूर्ण टीकाकरण प्राप्त करने वाले बच्चों का प्रतिशत (9–11 माह) (बीसीजी + डीपीटी3 + ओपीवी3 + खसरा-1) : 99.15
- अनुमानित मामलों के सापेक्ष तपेदिक (टीबी) केस नोटिफिकेशन दर (सरकारी एवं निजी संस्थान) : 91.79
- सरकारी एवं निजी संस्थानों में सफलतापूर्वक उपचारित टीबी मामलों की संख्या : 379
- आंगनवाड़ी केंद्रों की कुल संख्या : 3140
- स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों में परिवर्तित उप-केंद्रों/पीएचसी की संख्या : 313
- आईपीएचएस मानकों के अनुसार जिला अस्पतालों में उपलब्ध विशेषज्ञ सेवाओं की संख्या : 10
- मेडिकल कॉलेज की स्थापना

(अक्टूबर 2025 तक जारी आंकड़ों के अनुसार)




उज्ज्वल भविष्य की ओर

### शिक्षा संबंधी पहल

- कक्षा-VI में पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या : 37,215
- कक्षा-IX में पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या : 46,243
- **2,262 स्कूल निम्नलिखित सुविधाओं के साथ (अक्टूबर 2025 तक):**
- बालिका शौचालय युक्त परिसर
- प्रारंभिक शिक्षा
- शैक्षणिक सत्र शुरू होने के 1 महीने के भीतर बच्चों को पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई गई

(अक्टूबर 2025 तक जारी आंकड़ों के अनुसार)




### ओडीओपी के माध्यम से काला नमक चावल का प्रचार

- उत्तर प्रदेश सरकार 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) के तहत काला नमक चावल को बढ़ावा दे रही है।
- जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के संयुक्त प्रयासों से किसान मेलों, प्रदर्शनी कार्यक्रमों, जागरूकता सेमिनारों और फील्ड स्टाफ द्वारा घर-घर सर्वेक्षण के माध्यम से काला नमक चावल की खेती को पुनर्जीवित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2024 तक खेती का क्षेत्रफल बढ़कर 18,000 हेक्टेयर हो गया।
- वर्तमान में इसकी औसत वार्षिक उत्पादन क्षमता लगभग 36,000 मीट्रिक टन है। उच्च बाजार मूल्य के कारण किसान फिर से इस चावल की खेती की ओर आकर्षित हो रहे हैं।
- काला नमक की खेती का क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) वर्ष 2018 में 2,715 से बढ़कर वर्ष 2025 में 18,500 हो गया है।
- काला नमक उत्पादन की मात्रा (क्विंटल में) वर्ष 2018 में 59,730 से बढ़कर वर्ष 2025 में 3,70,000 हो गई है।




कपिलवस्तु: बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए एक पवित्र स्थल



काला नमक चावल




स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर



मेडिकल कॉलेज

### खेती किसानी

- मनरेगा के अंतर्गत इस अवधि में पुनर्जीवित किए गए जलस्रोतों की संख्या : 8,101
- फसल बीमा – खरीफ : प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत शुद्ध बोए गए क्षेत्र का प्रतिशत : 21.17
- कृषि ऋण में प्रतिशत वृद्धि : 3
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ में शुद्ध बोया गया क्षेत्र (हेक्टेयर में) : 27,856


(अक्टूबर 2025 तक जारी आंकड़ों के अनुसार)

### लखपति दीदी

- कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन **1,195**
- संभावित लखपति दीदी **56,149**
- डिजिटल आजीविका रजिस्टर **1,03,961**

### कनेक्टिविटी

राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य राजमार्गों, ऑल वेदर रोड और जिला सड़कों के माध्यम से प्रमुख शहरों के साथ मजबूत कनेक्टिविटी



बहराइच और खलीलाबाद के बीच रेलवे लाइन

सिद्धार्थनगर सहित कुल पांच जिलों को सेवा प्रदान करता है

### अवसंरचना, वित्तीय समावेशन एवं कौशल संवर्धन

- इंटरनेट कनेक्टिविटी से युक्त ग्राम पंचायतों का प्रतिशत : 100 (अक्टूबर 2025)
- सभी मौसमों में उपयोग योग्य सड़कों तक पहुंच वाले बसावटों का प्रतिशत (पीएमजीएसवाई) : 100 (अक्टूबर 2025)
- खाद्य प्रसंस्करण (काला नमक) के लिए एमएसएमई क्लस्टर की स्थापना
- केंद्र सरकार के विद्युत मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट 2024–25 के अनुसार, सिद्धार्थनगर में 500 सोलर लाइटों की स्थापना हेतु ₹79.88 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान की गई
- ग्राम पंचायत स्तर पर कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना का कवरेज प्रतिशत : 100 (अक्टूबर 2025)
- एक माह में पूर्ण किए गए आवासों की संख्या : 16,943 (अक्टूबर 2025)
- प्रति 1 लाख जनसंख्या पर मुद्रा ऋण का कुल वितरण (करोड़ रुपये में) : 15.86 (मार्च 2025)
- प्रति 1 लाख जनसंख्या पर प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत खोले गए खातों की संख्या : 51,812 (मार्च 2025)

### बदलाव के चैंपियन – समग्र स्कोर (जून 2025 तक): 62.9 । डेल्टा रैंक (जून 2025 तक) 25वां

| स्वास्थ्य एवं पोषण | शिक्षा | कृषि एवं जल संसाधन | वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास | बुनियादी अवसंरचना |
|---|---|---|---|---|
| (जून 2025 तक) : **81.1** | (जून 2025 तक) : **85.1** | (जून 2025 तक) : **35.7** | (जून 2025 तक) : **51.1** | (जून 2025 तक) : **99.9** |

READER ENGAGEMENT INITIATIVE

NBT खेल
नवभारत टाइम्स। मुंबई।
बुधवार, 31 दिसंबर 2025

टी20 और वनडे वर्ल्ड कप की हार से हम पर काफी दबाव पड़ा है, इसके बावजूद मैं पूरे यकीन से कह सकती हूं कि हमारी टीम दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। फरवरी में भारत के खिलाफ हम अपना बेस्ट प्रदर्शन करेंगे। - एश्ले गार्डनर, ऑलराउंडर, ऑस्ट्रेलिया





**46**

विकेट लिए थे इंग्लैंड के स्पिनर जिम लेकर ने 1956 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में। वह एक एशेज सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

## स्पोर्ट्स QUIZ


इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. मेंस टी20 वर्ल्ड कप-2026 में इंग्लैंड क्रिकेट टीम की कप्तानी किसे सौंपी गई है?
A) जैकब बेथेल B) जोस बटलर C) हैरी ब्रुक D) फिल सॉल्ट

2. किसी एक एशेज सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने का श्रेय किस गेंदबाज को है?
A) शेन वॉर्न B) जिम लेकर C) टेरी एल्डरमैन D) ग्लेन मैक्ग्रा

**कल के जवाब**
1. C) शेफाली वर्मा 2.D) सात

**लकी WINNER**



1. प्रियांशी गार्गी, दयालपुर, नई दिल्ली
2. विनोद जैन पाटनी, ठाणे, महाराष्ट्र
3. किरण मिगलानी, गुड़गांव, हरियाणा

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

बिंद्रा की अगुआई वाले टास्क फोर्स ने खेल प्रशासन की बताई कमियां

# स्पोर्ट्स इको-सिस्टम को सुधारने का रोडमैप तैयार

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: अभिनव बिंद्रा की अध्यक्षता में खेल मंत्रालय द्वारा गठित टास्क फोर्स ने भारत में खेल प्रशासन की कमियों को रेखांकित करते हुए 170 पन्नों की अपनी रिपोर्ट खेलमंत्री मनसुख मांडविया को सौंप दी है। टास्क फोर्स ने रिपोर्ट में प्रशासनिक अधिकारियों समेत खेलों के विशेष पेशेवर कैडर को ट्रेनिंग देने के लिए एक स्वायत्त वैधानिक इकाई के गठन की सिफारिश की। खेलमंत्री ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा, 'भारत के खेल 'इको-सिस्टम' को प्रोफेशनल बनाने के अपने प्रयास के तहत टास्क फोर्स की सभी सिफारिशों को लागू किया जाएगा।' टास्क फोर्स ने खेल शिक्षा और क्षमता निर्माण राष्ट्रीय परिषद (NCSECB) के गठन की अनुशंसा की है जो खेल मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त इकाई के रूप में काम करेगी और इसके जिम्मे खेल प्रशासन ट्रेनिंग को विनियमित करने, मान्यता देने और प्रमाणित करने की जिम्मेदारी होगी।

**SAI में गिनाई खामियां:** खेलों की संसदीय समिति पहले ही SAI में स्टाफ की कमी का मामला उठा चुकी है और टास्क फोर्स ने SAI तथा राज्य खेल विभागों को भारत के खेल प्रशासन की 'रीढ़ की हड्डी' बताते हुए कहा कि 'दोनों संस्थानों को क्षमता संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जो पेशेवरपन, दक्षता और प्रशासन की प्रभावशीलता में बाधा डालती है।' रिपोर्ट में नैशनल स्पोर्ट्स फेडरेशंस (NSFs) में अधिकारों के अत्यधिक केंद्रीकरण का भी जिक्र किया। इसमें कहा गया, 'अधिकांश महासंघों में अध्यक्ष के पास संचालन, वित्त और नियुक्तियों के अधिकार हैं जो वैश्विक प्रचलन के विपरीत हैं।'



**'रिटायरमेंट प्लान' की कमी:** खिलाड़ियों के रिटायर होने के बाद खेल प्रशासन में आने के रास्ते सीमित हैं चूंकि अधिकांश खिलाड़ियों में इसके लिए जरूरी कौशल का अभाव है। खेल प्रशासन में डिजिटल टूल और विश्लेषण का प्रयोग भी बहुत कम है। जल्दी ही लागू होने वाले राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम के तहत राष्ट्रीय खेल महासंघों की कार्यकारी समिति में खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व अनिवार्य हो जाएगा लेकिन उन्हें प्रशासनिक स्किल की ट्रेनिंग देने की व्यवस्था नहीं है।

**NIS पटियाला पर सुझाव खारिज:** पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान (NIS) को खेल प्रशासकों की ट्रेनिंग के लिए अकैडमी बनाने के प्रस्ताव को टास्क फोर्स ने 'प्रतिबंधात्मक और अस्थिर' बताते हुए खारिज कर दिया। टास्क फोर्स से समीक्षा करने के लिए कहा गया था कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस खेल संस्थान को क्या खेल प्रशासकों के क्षमता निर्माण के लिए अकैडमी में तब्दील किया जा सकता है। NIS पटियाला में बॉक्सिंग, भारोत्तोलन, ऐथलेटिक्स में ट्रेनिंग दी जाती है।



अभिनव बिंद्रा

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### ओलिंपिक्स 2036 का है टारगेट

ओलिंपिक्स 2036 तक भारत को शीर्ष दस खेल देशों में शामिल करने के अपने लक्ष्य के तहत खेल मंत्रालय ने भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI), राष्ट्रीय खेल महासंघों (NSFs) और प्रदेश संघों के मौजूदा प्रशासनिक ढांचे की समीक्षा करने, कमियों को तलाशने और सुधार के उपायों के लिए इस टास्क फोर्स का गठन किया था। नौ सदस्यीय कार्यबल इस साल अगस्त में बनाया गया था जिसमें ओलिंपिक्स गोल्ड मेडलिस्ट शूटर बिंद्रा के अलावा आदिले सुमरिवाला और टारगेट ओलिंपिक्स पोडियम योजना (TOPS) के पूर्व CEO कमांडर राजेश राजगोपालन भी शामिल थे।



कप्तान हरमन की अर्धशतकीय पारी से भारत ने खड़ा किया बड़ा स्कोर

भारत vs श्रीलंका विमिंस | पांचवां टी20 मैच

## श्रीलंकाई गेंदबाजों की क्लास लगाई हरमन ने

■ एजेंसियां, तिरुवनंतपुरम: कप्तान हरमनप्रीत कौर के जुझारू अर्धशतक से भारत ने पांचवें और अंतिम विमिंस टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ सात विकेट पर 175 रन बनाए। हरमनप्रीत ने 43 गेंद में नौ चौकों और एक छक्के से 68 रन की पारी खेली। उन्होंने अमनजोत कौर (21) के साथ छठे विकेट के लिए 61 रन जोड़कर भारत को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। अरुंधति रेड्डी ने अंत में 11 गेंद में चार चौकों और एक छक्के से नाबाद 27 रन बनाए। श्रीलंका की ओर से कविशा दिलहारी (2/11), कप्तान चामरी अटापट्टू (2/21) और रश्मिका सेवांदी (2/42) ने दो-दो विकेट चटकाए।

**निचले क्रम में अरुंधति रेड्डी ने तेज पारी खेली**

अटापट्टू ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद भारत ने फॉर्म में चल रही शेफाली वर्मा (5) का विकेट दूसरे ओवर में ही गंवा दिया जिनका लॉन्ग ऑन पर इमेशा दुलानी ने शानदार कैच लपका। डेब्यू कर रही सलामी बल्लेबाज जी कमालिनी (12) और हरलीन देओल ने माल्की मदारा और निमाशा मीपागे पर चौके जड़े। कविशा ने कमालिनी को एलबीडब्ल्यू करके भारत को दूसरा झटका दिया। भारत ने पावर प्ले में दो विकेट पर 40 रन बनाए।

**अटापट्टू ने दिए लगातार झटके:** रश्मिका ने हरलीन (13) को बोल्ड करके भारत का स्कोर तीन विकेट पर 41 रन किया। हरमनप्रीत ने इनोका रणवीरा पर तीन चौकों के साथ टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया लेकिन ऋचा घोष सिर्फ पांच रन बनाने के बाद अटापट्टू की गेंद पर विकेटकीपर को कैच दे बैठीं।

**ब्रीफ स्कोर**

**भारत:** सात विकेट पर 175 रन (हरमनप्रीत कौर 68, अरुंधति रेड्डी 27, अमनजोत कौर 21, कविशा दिलहारी 2/11, चामरी अटापट्टू 2/21)

## स्पोर्ट्स @2026

सबसे बड़ा चैलेंज

### चढ़ेगा भारत का मेडल ग्राफ!



पिछली बार जब भारतीय दल ने एशियन गेम्स में पदकों की संख्या को लेकर 'अबकी बार सौ पार' का नारा दिया था, तो यह बहुत हद तक बहुत लोगों को अतिशय लगा। लेकिन भारतीय ऐथलीटों ने 107 मेडल के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से सभी को हैरान कर दिया था। भारत ने उम्मीदों से कहीं बेहतर प्रदर्शन करते हुए टेबल में चौथा स्थान भी हासिल किया। जापान में होने वाले अगले 2026 एशियन गेम्स में भारत मेडल के ग्राफ को नई ऊंचाइयों तक ले जाने और 2028 लॉस एंजिलिस ओलिंपिक्स में अपनी संभावनाओं की झलक दिखाने के लक्ष्य के साथ उतरेगा।

**सबसे बड़ा सवाल?**

**नीरज लगा पाएंगे हैटट्रिक?**
नीरज चोपड़ा एक बार फिर जापान में भारत के अभियान का नेतृत्व करेंगे। पिछले दो एशियन गेम्स से गोल्ड जीत रहे नीरज से लगातार तीसरे गोल्ड की उम्मीद होगी, लेकिन क्या वो गोल्ड की हैटट्रिक लगा पाएंगे इसी लेकर सवाल है। इन गेम्स में पाकिस्तान के अरशद नदीम भी होंगे, जिन्होंने पैरिस ओलिंपिक्स 2024 में नीरज को पीछे छोड़ते हुए गोल्ड पर कब्जा जमाया था।

**क्रिकेट, हॉकी पर खास नजर**
हांगझोउ में क्रिकेट को शामिल किया गया था और भारत ने मेंस और विमिंस दोनों कैटिगरी में गोल्ड जीते थे। क्रिकेट में एक बार फिर बादशाहत साबित करने में ज्यादा दिक्कत नहीं आनी चाहिए। वहीं भारतीय मेंस हॉकी टीम भी चीन में दोबारा हासिल किए गए खिताब का बचाव करना चाहेगी।

**लगेगी पदकों की झड़ी**
पिछले एशियन गेम्स में ट्रैक ऐंड फील्ड के बाहर भारत के सबसे बड़े पदक स्रोत शूटिंग और आर्चरी रहे। मनु भाकर 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में अपने गोल्ड मेडल का बचाव करने उतरेंगी। मनु ने इस बीच दो ओलिंपिक्स मेडल जीते हैं और संभवतः इसका दबाव रहेगा। आर्चरी में पिछली बार जीते 9 पदकों की संख्या को बढ़ाने का चैलेंज होगा।



**ऐथलेटिक्स**
पिछले एशियन गेम्स के ऐथलेटिक्स इवेंट में भारत ने 29 मेडल जीते, जोकि अभी तक का उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। इस संख्या को और बेहतर करने का बड़ा चैलेंज भारतीय ऐथलीटों के सामने होगा। सबसे बड़ी उम्मीद युवा स्प्रिंटर अनिमेष कुजुर होंगे, जिन्होंने 2025 में 100 मीटर (10.18 सेकंड) और 200 मीटर (20.32 सेकंड) में नया नैशनल रेकॉर्ड भी बनाया।

### कॉमनवेल्थ गेम्स में कुछ भी कॉमन नहीं

भारत ने 2022 बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में 16 खेलों में कुल 210 खिलाड़ियों को भेजा था और इस दौरान 61 पदक जीते थे। इनमें से 30 पदक ऐसे खेलों से आए थे जो 2026 में ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स में शामिल ही नहीं होंगे। इन खेलों में बैडमिंटन (6 मेडल), क्रिकेट (1), हॉकी (2), स्क्वैश (2), टेबल टेनिस (7) और कुश्ती (12) शामिल हैं, जो अब पदक तालिका से बाहर हो चुके हैं। सबसे अहम शूटिंग को 2022 में भी जगह नहीं मिली थी और इस बार भी जगह नहीं मिली है। इस बदलाव भारत के पदकों की संख्या पर देखने को मिलेगा।

**10** गेम्स होंगे इस बार के कॉमनवेल्थ गेम्स में। ये खेल हैं ऐथलेटिक्स, 3x3 बास्केटबॉल, बॉल्स, बॉक्सिंग, जिम्नैस्टिक्स, जूडो, नेटबॉल, स्विमिंग, ट्रैक साइकिलिंग और वेटलिफ्टिंग

**64** मेडल जीते थे जब पिछली बार ग्लासगो ने 2014 में इन खेलों का आयोजन किया था, लेकिन इस बार कम गेम्स के कारण ज्यादा मेडल की उम्मीद नहीं की जा सकती

**मीराबाई चानू**
भारतीय स्टार वेटलिफ्टर मीराबाई चानू 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाली पहली भारतीय रही थीं और एक बार फिर उनसे गोल्डन प्रदर्शन की उम्मीद होगी। इसके साथ ही अगले साल चानू का लक्ष्य एशियन गेम्स में भी अपना पहला मेडल हासिल करने का होगा।



**साल 2026 में मल्टी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट्स**

| टूर्नामेंट | तारीख | वेन्यू |
|---|---|---|
| कॉमनवेल्थ गेम्स | 23 जुलाई से 2 अगस्त | स्कॉटलैंड |
| एशियन गेम्स | 19 सितंबर से 4 अक्टूबर | जापान |

## फटाफट खबरें

**एक मंच पर जुटेंगे प्लेयर्स**
■ नई दिल्ली: भारतीय ओलिंपिक संघ (IOA) देश में खेलों में खिलाड़ियों के नेतृत्व वाली संचालन व्यवस्था और जवाबदेही को मजबूत करने के उद्देश्य से 10 जनवरी को अहमदाबाद में पहले 'नैशनल ऐथलीट फोरम' का आयोजन करेगा। आईओए प्रेजिडेंट पीटी उषा ने कहा, 'भारत के खेल इतिहास में यह पहली बार है कि खिलाड़ियों को एक खास राष्ट्रीय मंच के जरिए एक साथ लाया जा रहा है जिससे कि वे सीधे संचालन पर असर डाल सकें।'

**बायकॉट की धमकी**
■ लाहौर: पाकिस्तान हॉकी टीम के कुछ सीनियर खिलाड़ियों ने पूरा वेतन नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए फरवरी में होने वाले मेंस एफआईएच प्रो-लीग के दूसरे चरण का बहिष्कार करने की धमकी दी है। इन खिलाड़ियों ने आरोप लगाया है कि उन्हें इस महीने की शुरुआत में खेले गए मैचों के लिए पूरा दैनिक भत्ता नहीं दिया गया है।

**उबर रहे जोशुआ**
■ लागोस: ब्रिटेन के दो बार के पूर्व वर्ल्ड हेवीवेट चैंपियन बॉक्सर एंथनी जोशुआ को नाइजीरिया में एक कार दुर्घटना में घायल होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर बनी हुई है।

**सूर्य ने किए दर्शन**
■ तिरुपति: भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। वैकुंठ एकादशी के मौके पर सूर्यकुमार ने पत्नी देविशा शेट्टी के साथ श्री वेंकटेश्वर स्वामी के मंगलवार को दर्शन किए।

## टी20 बैटर्स की लिस्ट में शेफाली अब छठे पर

■ एजेंसियां, दुबई

**भारतीय ओपनर** शेफाली वर्मा आईसीसी विमिंस टी20 खिलाड़ियों की रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। पूर्व शीर्ष बल्लेबाज 21 वर्ष की शेफाली ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में दूसरे मैच में 34 गेंद में नाबाद 69, तीसरे मैच में 42 गेंद में 79 और चौथे में 46 गेंद में 79 रन बनाए। चौथे टी20 में 80 रन बनाने वाली उप-कप्तान स्मृति मंधाना तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं, जबकि जेमिमा रॉड्रिग्स एक पायदान खिसककर 10वें स्थान पर हैं। अनुभवी ओपनर दीप्ति शर्मा गेंदबाजों की रैंकिंग में टॉप पर हैं, जबकि रेणुका सिंह ठाकुर टॉप टेन में पहुंच गई हैं। तीसरे मैच में चार विकेट लेने वाली रेणुका आठ पायदान चढ़कर संयुक्त छठे स्थान पर हैं।



FILE

क्रिकेट कनेक्ट

शेफाली वर्मा

**BPL के मैच स्थगित**
**ढाका:** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने देश की पूर्व पीएम खालिदा जिया के निधन के बाद मंगलवार को होने वाले बांग्लादेश प्रीमियर लीग (BPL) के दो मैच स्थगित कर दिए हैं। दोनों मैच अब बुधवार को खेले जाएंगे। मैच स्थगित करने का फैसला सिलहट अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में सिलहट टाइटंस और चटगांव रॉयल्स के बीच दिन के पहले मैच के टॉस से दो घंटे पहले लिया गया।

**PCB ने महमूद से नाता तोड़ा**
**लाहौर:** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने राष्ट्रीय टेस्ट टीम के हेड कोच अजहर महमूद से उनके कॉन्ट्रैक्ट के खत्म होने से तीन महीने पहले ही अलग होने का फैसला किया है। पूर्व टेस्ट ऑलराउंडर अजहर का अनुबंध मार्च-2026 तक था, लेकिन उन्हें समय से पहले ही हटा दिया गया है। पाकिस्तान अपना अगला टेस्ट मैच मार्च-2026 में खेलेगा। बोर्ड के करीबी सूत्र ने बताया, 'अजहर का अनुबंध मार्च में खत्म हो रहा है और पाकिस्तान टीम का टेस्ट दौरा मार्च-2026 से शुरू होगा, इसलिए बोर्ड नए हेड कोच के लिए अपनी रणनीति अभी से तैयार करना चाहता है।'

### ब्रैडमैन की कैप की होगी नीलामी

**सिडनी:** महान बल्लेबाज सर डॉनल्ड ब्रैडमैन ने भारत के 1947-48 के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान जो बैगी ग्रीन कैप पहनी थी, उसकी अगले महीने नीलामी की जाएगी। ब्रैडमैन ने उस सीरीज के दौरान भारतीय ऑलराउंडर श्रीरंगा वासुदेव सोहोनी को अपनी कैप गिफ्ट दी थी। वह एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दौरा था। ब्रैडमैन के युग की बची हुई अधिकांश बैगी ग्रीन कैप विभिन्न संग्रहालयों या निजी संग्रहों में रखी गई हैं लेकिन इस कैप को कभी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित नहीं किया गया।

### पेरी, सदरलैंड नहीं खेलेंगी WPL में

■ पीटीआई, मुंबई: रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ऑलराउंडर एलिस पेरी और दिल्ली कैपिटल्स की अनाबेल सदरलैंड ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अगले महीने होने वाली विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) से मंगलवार को अपना नाम वापस ले लिया। WPL की विज्ञप्ति के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर पेरी के स्थान पर भारतीय ऑलराउंडर सायली सतघरे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम में शामिल होंगी, जबकि उनकी हमवतन ऑलराउंडर सदरलैंड के स्थान पर दिल्ली कैपिटल्स ने ऑस्ट्रेलिया की लेग स्पिनर अलाना किंग को टीम में शामिल किया है।



WPL

एलिस पेरी

## इंग्लैंड की टीम घोषित, चोटिल आर्चर शामिल

टी20 वर्ल्ड कप 2026

■ एजेंसियां, लंदन: तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को एशेज सीरीज के एडिलेड में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में चोटिल होने के बावजूद अगले साल फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए मंगलवार को इंग्लैंड की 15 सदस्यीय संभावित टीम में शामिल किया गया। एडिलेड टेस्ट के दौरान आर्चर के बाएं पांव में खिंचाव आ गया था। एक अन्य तेज गेंदबाज जोश टंग को हैरी ब्रूक की कप्तानी वाली टीम में शामिल किया गया है।



आर्चर (बाएं) के साथ हैरी ब्रूक

**संभावित टीम:** हैरी ब्रूक (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, सैम करन, लियाम डॉसन, बेन डकेट, विल जैक्स, जेमी ओवर्टन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, जोश टंग, ल्यूक वुड।

### जतिंदर को ओमान की कमान

टी20 वर्ल्ड कप के लिए ओमान ने भी अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। खास बात यह है कि ओमान टीम की कप्तानी लुधियाना के जतिंदर सिंह करने वाले हैं, जबकि भारतीय मूल के ही विकेटकीपर-बल्लेबाज विनायक शुक्ला को उपकप्तान नियुक्त किया गया है।

## कार्लसन ने तोड़ा नियम, मुकाबला हारे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: मैग्नस कार्लसन को दोहा में चल रही वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियनशिप में मंगलवार को एक बेहद निराशाजनक और असामान्य स्थिति का सामना करना पड़ा, जब नियमों के दुर्लभ उल्लंघन के चलते उन्हें राउंड-14 में मैच गंवाना पड़ा।

वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियनशिप

कार्लसन आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर हाइक मार्टिरोस्यान के खिलाफ एक बेहद तनावपूर्ण ब्लिट्ज मुकाबला खेल रहे थे। घड़ी में महज दो सेकंड बचे होने पर नॉर्वे के खिलाड़ी ने जल्दबाजी में चाल चलने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान बोर्ड पर रखे उनके कई मोहरे गिर गए। ब्लिट्ज चेस नियमों के अनुसार, खिलाड़ी को घड़ी रोकने से पहले बोर्ड की स्थिति पूरी तरह सही करनी होती है। हालांकि कार्लसन मोहरों को सही तरह से जमाए बिना ही घड़ी रोक बैठे। मार्टिरोस्यान ने तुरंत अंपायर को सूचित किया और थोड़ी समीक्षा के बाद अधिकारियों ने मुकाबला मार्टिरोस्यान के पक्ष में देने का फैसला किया, जिससे कार्लसन को 'फोरफिट' के जरिए हार झेलनी पड़ी। एक दिन पहले कार्लसन टूर्नामेंट में भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी के हार के बाद टेबल पर मुक्का मारने के कारण भी सुर्खियों में आए थे। विश्व नंबर एक खिलाड़ी ने इस फैसले को स्वीकार कर लिया।



मैग्नस कार्लसन

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आज का दिन आपके लिए अच्छा होगा। आप जिस कार्य की शुरुआत करेंगे, उसे पूरा करके ही दम लेंगे। यदि आप अपना सुखमय जीवन नहीं तरीके से व्यतीत करना चाहते हैं, तो जीवनसाथी के प्रति ईमानदार रहें। अचानक ही किसी जटिल काम के बन जाने से भाग्य की रुकावटें दूर होंगी।

**TARUS** 20 Apr - 19 May
हो सकता है आज आपको कोई महत्वपूर्ण काम सौंप दिया जाए। ध्यान रहे कि बिना किसी शंका और फिक्र के उस अपने कर्तव्य पर अटल रहेंगे, तभी उन्नति होगी। काम किसी भी स्तर का हो, यदि आप उसे सफलता से पूरा कर दें तो आपका ही नाम अच्छे कार्यकर्ताओं में गिना जाएगा।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आपका काम करने का तरीका नया है। किसी भी जटिल कार्य को आसानी से पूरा कर देने में आपको ज्यादा वक्त नहीं लगता है। आज भी किसी ऐसी ही समस्या पर वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान आपके ऊपर जाएगा, जिससे आपको ही फायदा मिलेगा। आज के दिन स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
आज के दिन किसी ऐसे काम का बोझ आपके ऊपर आ सकता है, जिसके लिए आपको अपने काम से छुट्टी लेनी पड़ जाए। दौरान में किसी अपने के लिए पैसों का इंतजाम भी करना पड़ सकता है। यदि आप किसी उद्योग का संचालन कर रहे हैं तो आज के दिन हर कदम पर सावधानी बरतें। सेहत पर भी ध्यान दें, अन्यथा स्वास्थ्य संबंधी कष्ट हो सकते हैं।

**LEO** 23 July - 22 Aug
किसी अच्छे अधिकार क्षेत्र में घुसकर अपना वर्चस्व कायम रखना आपकी पुरानी आदत है। कभी-कभी इसके कारण आप लोगों के बीच में आलोचना का शिकार भी हो जाते हैं। आप एक अच्छे अधिकारी बन सकते हैं, लेकिन याद रखिए कि पहले अच्छा कार्यकर्ता बनना जरूरी है।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
किसी वाद-विवाद को पकड़कर आपको अपने सहयोगियों और वरिष्ठ अधिकारियों से ज्यादा तर्क-वितर्क नहीं करना चाहिए। कारोबार और व्यापार में जो उतार-चढ़ाव आय है, उसे संभालना आवश्यक है। यदि आपको सफल होना है तो इस दौर में जो हालात हैं उनके साथ सामंजस्य करना ही बुद्धिमानी होगी।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज सुबह से ही कुछ अजीब सा माहौल आपके आस-पास बना रहेगा। घर के दैनिक कार्य भी कुछ अड़चनों के बाद ही पूरे हो रहे हैं। काफी दिनों से व्यापार व्यवसाय की स्थितियां भी नाजुक चल रही हैं। व्यापार क्षेत्र में जो उतार-चढ़ाव आया है वह सिर्फ आपके लिए ही नहीं है। इस सब के बावजूद आज किसी सलाहकार व्यक्ति की मदद करें।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
कई बार आप न चाहते हुए भी ऐसी स्थिति में फंस जाते हैं, जहां से निकलने के लिए आपको काफी जोड़-तोड़ करनी पड़ती है। आज भी कारोबार की कुछ ऐसी ही उलझन आपको परेशान कर रही है। यदि आप अपना मार्ग सरल और सीधा बनाना चाहते हैं तो आप वही करें जिसमें तत्काल लाभ नहीं मिलता है।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
शेयर बाजार के चक्कर में पड़कर आपने काफी धन खो दिया है। यदि धन कमाने के ये जोखिम भरे रास्ते सभी को रास आते तो लोग मेहनत-मजदूरी क्यों करते। बेहतर होगा कि आप कारोबार के अपने पुराने रास्ते पर उतर जाएं और आए दिन जो नुकसान हो रहा है उससे बचने की कोशिश करें।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज आपके अंदर खूब सारी एनर्जी और उत्साह का संचार होगा। छुट्टी के बावजूद खूब सारा काम निपटा देने की इच्छा करेंगे। लेकिन आपके कार्यक्षेत्र में काम उतनी तेजी से नहीं चल रहा होगा जितना बाकी में चलता है। आपको सारी चीजें अपने कंट्रोल में लेनी पड़ सकती हैं।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
लंबे समय संघर्ष करने के बाद अब आपको लगेगा कि यही बेहतर एकांत में कुछ समय गुजारना चाहिए। यह समय स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देने का है। अगर स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा तो कठिनाई होगी। बेहतर होगा आज किसी डॉक्टर से स्वास्थ्य संबंधी सलाह मशविरा कर लें।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
धन कमाने के लिए कई प्रकार के रास्ते आपको नजर आएंगे। आपके बिजनेस पार्टनर समस्या पैदा कर सकते हैं। व्यवसाय में मलीनता लाएंगे, तो बेहतर होगा। दूसरा, आज के दिन अपने प्रिय मित्र से भविष्य की किसी परियोजना पर चर्चा करें। हो सकता है उस काम की नींव आज ही डल जाए। दिन के उत्तरार्ध में स्थितियों में सुधार होगा।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

बुध तथा सूर्य आपके वर्ष के स्वामी ग्रह बन रहे हैं। जीव साक्षिणी देहधारी प्रधान ग्रह मुख्य स्वामी प्रमुख केंद्र में विराजमान है। अब आपके कुछ संपर्क नित्य ही आपके पक्ष में अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते रहेंगे। आपकी मौज के दिन आने वाले हैं। जनवरी-फरवरी 2026 में आप अपनी बिखरी हुई शक्ति को समेटने में संलग्न रहेंगे। मार्च महीने की शुरुआत से लेकर अप्रैल महीने के अंत तक में कुछ अच्छे कार्य बन जाने की खुशी होगी। बेहतर होगा कि यह समय भविष्य की योजना पर चर्चा करने में बिताएं। मई महीने के अंत तक आपके कामकाज के नए रास्ते खुलेंगे। जून के माह में व्यवसाय की हालत सुधरेगी और बिजनेस पार्टनर से भी संबंध और बेहतर होंगे। अगर आप नौकरी पेशा हैं तो जुलाई के महीने में परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। आपको नई जिम्मेदारियां दी जाएंगी, जिन्हें आप समय पर ही पूरा करेंगे। अगस्त के महीने में पारिवारिक उत्तरदायित्व पूरे होंगे, शिक्षा में विशेष रुचि रहेगी। सितंबर से अक्टूबर अंत तक काम काज में रुकावटें खत्म होंगी। इस समय कहीं घूमने-फिरने का प्लान भी बनेगा। महिलाओं के लिए यह वर्ष आर्थिक पक्ष से अनुकूल रहेगा। नवंबर में विद्यार्थियों को सामान्य परिश्रम से ही उचित सिद्धि मिलेगी।
-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग
(बृहस्पतिवार, 1 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 11, शक संवत 1947, पौष, शुक्ल, त्रयोदशी, बृहस्पतिवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 18, रजब 11, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 1 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे तक। चतुर्दशी तिथि रात्रि 11 बजकर 22 मिनट तक उपरांत चतुर्दशी तिथि का आरंभ। रोहिणी नक्षत्र रात्रि 10 बजकर 48 मिनट तक उपरांत मृगशिरा नक्षत्र का आरंभ। शुभ योग सायं 5 बजकर 12 मिनट तक उपरांत शुक्ल योग का आरंभ। कौलव करण दोपहर 12 बजकर 16 मिनट तक उपरांत गर करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात वृष राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार-पुत्रदा एकादशी (वैष्णव)।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | | 6 | | |
| 1 | | | 8 | 4 | 6 | | | 5 |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| 9 | | | 1 | | 5 | | | 3 |
| 4 | | 2 | | | | 1 | | 8 |
| 7 | | | 2 | | 4 | | | 9 |
| | 6 | | | | | | 5 | |
| 2 | | | 5 | 6 | 1 | | | 4 |
| | | 7 | | | | 9 | | |

### TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बबलू डबलू | 13:30 भ से भड़े |
| 10:00 बढ़बुध बुढ़बक | 14:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 11:00 रुद्र के रक्षक | 15:00 लिटिल कृष्णा |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा | 17:00 बबलू डबलू |
| 12:30 हम पांच | 19:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 13:00 रुद्र के रक्षक | |

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 31-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP12 User: arvind.yadav1 Time: 12-30-2025 23:36 Color:



**NBT AI टाइम मशीन**

## जब WHO ने माना चीन से फैला कोविड

आज ही के दिन 2019 में WHO ने माना कि चीन के वुहान में वायरल निमोनिया फैल रहा है। बाद में इसी निमोनिया को कोविड-19 का नाम दिया गया। मई 2022 में WHO ने दावा किया कि भारत में 47 लाख लोगों की कोरोना से मौत हुई, जबकि भारत ने इसका खंडन करते हुए कहा कि मरने वालों की संख्या महज 5,23,975 है।

# NBT

Front Page-2

## लक्षण आने से पहले पता चलेगी बीमारी

ChatGPT के मुताबिक, भविष्य में कोविड-19 जैसे वायरस की पहचान शरीर में मौजूद नैनो-सेंसर और AI हेल्थ सिस्टम से लक्षण आने के पहले ही हो जाएगी। हवा, सांस और वातावरण को स्कैन करने वाली तकनीक वायरस की तुरंत जानकारी देगी। यूनिवर्सल वैक्सीन और जीन-एडिटिंग से इंसानों की इम्युनिटी पहले से मजबूत होगी। स्मार्ट मास्क, बायो-सर्विलांस और AI मॉडल महामारी फैलने से पहले ही उसे रोक देंगे।



AI Image




**SPEED News**

### पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर ने



अपने भतीजे से बेटी का निकाह कराया है। पाकिस्तानी पत्रकारों ने इसकी पुष्टि की है।





### ईरानी मुद्रा में रेकॉर्ड गिरावट के बाद प्रदर्शन,

डॉलर के मुकाबले ईरानी मुद्रा निचले स्तर पर पहुंची। सेंट्रल बैंक प्रमुख रजा फरजीन ने इस्तीफा दिया।

### इस्राइल ने गाजा में काम कर रहे मानवीय

संगठनों पर बैन लगाया। इस्राइल ने डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स पर हमास से संबंध का आरोप लगाया है।





### सऊदी अरब ने यमन पर एयरस्ट्राइक कर

अलगाववादी गुट के लिए लाई गई हथियारों की खेप को निशाना बनाने का दावा किया। दोनों देशों के रिश्तों में तनाव।

## बांग्लादेश की पहली महिला पीएम जिया नहीं रहीं



80 साल की थीं खालिदा
20 दिनों से वेंटिलेटर पर थीं

# एक थीं खालिदा

## 3 दिन का राजकीय शोक, पीएम मोदी ने जताया दुख

■ पीटीआई, ढाका

**बांग्लादेश की** पहली महिला प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी (BNP) की प्रमुख खालिदा जिया का मंगलवार सुबह 6 बजे ढाका में निधन हो गया। वह 80 साल की थीं और पिछले करीब 20 दिनों से वेंटिलेटर सपोर्ट पर थीं। खालिदा सीने में इन्फेक्शन, लिवर, किडनी, डायबिटीज, गठिया और आंखों की परेशानी से जूझ रही थीं। पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की पत्नी खालिदा वह 1991 से 1996 और 2001 से 2006 तक दो बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहीं। पीएम नरेन्द्र मोदी ने 2015 में ढाका में खालिदा से मुलाकात की तस्वीर शेयर कर दुख जताया। बांग्लादेश की अंतरिम प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मंगलवार को अपनी कट्टर प्रतिद्वंद्वी खालिदा जिया के निधन पर शोक व्यक्त किया।

**1991 और 2001 में दो बार बनीं थीं बांग्लादेश की पीएम**

खालिदा जिया का राजनीतिक जीवन काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा। 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेना ने उन्हें नजरबंद कर दिया था। वह जुलाई से दिसंबर तक पाकिस्तानी सेना की कैद में रहीं थीं। 16 दिसंबर 1971 को पाकिस्तान की हार के बाद खालिदा जिया को रिहा किया गया। साल 2015 में ढाका में मेयर चुनाव के प्रचार के दौरान उनके काफिले पर गोलीबारी और पत्थरबाजी भी हुई थी। खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए भारत की ओर से विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ढाका जाएंगे।

### भारत में हुआ था जन्म

खालिदा जिया का जन्म 15 अगस्त 1945 को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में हुआ था। जन्म से ठीक दो साल बाद 1947 में भारत विभाजन के बाद जलपाईगुड़ी जिले के कुछ हिस्से (जैसे दक्षिण दिनाजपुर के कुछ क्षेत्र) अस्थायी रूप से पूर्वी पाकिस्तान में शामिल हो गए थे, लेकिन बाद में उन्हें वापस भारत में मिला लिया गया। 16 दिसंबर 1971 को भारतीय हस्तक्षेप के बाद पाकिस्तानी सेना के आत्मसमर्पण के साथ बांग्लादेश एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अस्तित्व में आया। खालिदा जिया का राजनीति में प्रवेश 1980 के दशक में हुआ था।

**जलपाईगुड़ी में जन्म हुआ, पर भारत विरोधी रहीं**

### पाकिस्तान में बीता था बचपन

खालिदा जिया ऐसी शख्सियत थीं जिनका जन्म भारत में हुआ, पर बचपन पाकिस्तान में बीता और सियासत की शुरुआत की तीसरे देश बांग्लादेश से हुई। वह बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री। खालिदा जिया ने बांग्लादेश में सैन्य तानाशाह के खिलाफ जन आंदोलन छेड़ कर 1990 में तत्कालीन तानाशाह और पूर्व सेना प्रमुख एच.एम. इरशाद का पतन करने में अहम भूमिका निभाई थी। 1981 में अपने पति की हत्या के बाद उन्होंने बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी का नेतृत्व किया और पहली बार 1991 में प्रधानमंत्री बनीं।

## खालिदा के कार्यकाल में रिश्तों में रहा अविश्वास

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** खालिदा जिया का जन्म भारत में हुआ था, लेकिन उनकी राजनीति का आधार भारत विरोध की वजह से ही मुखर रहा। भारतीय अधिकारियों ने कई बार चिंता जताई कि उनके कार्यकाल में नॉर्थ ईस्ट से जुड़े उल्फा जैसे चरमपंथी गुटों को बांग्लादेश में शरण मिलती थी। इसके अलावा उन पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI से संबंध रखने के भी आरोप लगते रहे हैं। जिया पहली बार 1992 में सार्क शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए भारत आई थीं। उसी दौरान 'तीन बीघा कॉरिडोर' को लीज पर देने से जुड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। तीन बीघा कॉरिडोर दोनों देशों की जमीन पर स्थित एक संकरी पट्टी है, जिसे जून 1992 में भारत ने बांग्लादेश को 999 साल के लिए पट्टे पर दिया। हालांकि, दिल्ली और ढाका के संबंध तनावपूर्ण ही बने रहे। वह बांग्लादेश की पहली प्रधानमंत्री थीं, जिन्होंने दोनों देशों के बीच जल बंटवारे से जुड़े विवाद को संयुक्त राष्ट्र तक पहुंचाया। 1995 में उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण के दौरान इस मुद्दे का उल्लेख किया।

### कट्टरपंथियों के साथ रही नजदीकी, कई हिंसक घटनाएं भी हुईं

BNP की इस्लामी समूहों के साथ नजदीकी का ही नतीजा था कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसक घटनाएं देखने को मिलती रही हैं। इस तरह की हिंसक घटनाएं ना सिर्फ साल 1992 बल्कि 2001 के चुनाव में भी दिखीं। इससे दोनों देशों के कूटनीतिक संबंधों पर नकारात्मक असर पड़ा। 2006 में जिया ने भारत का दौरा किया था और इस दौरान उन्होंने तत्कालीन पीएम डॉ. मनमोहन सिंह से मुलाकात की थी।

**एंट्री फीस 20 हजार से 2 लाख रुपये तक थी**

## मथुरा में विरोध के बाद सनी लियोनी का शो रद्द

■ NBT न्यूज, मथुरा

**नए साल** के अवसर पर मथुरा के मंडी चौराहे स्थित ट्रंक होटल में सनी लियोनी के डीजे नाइट्स कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित था। 300 दर्शकों के लिए तैयारियां थीं। एंट्री फीस 20 हजार से 2 लाख रुपये तक निर्धारित थी। कार्यक्रम की खबर फैलने के बाद साधु-संत और सामाजिक संगठनों ने आयोजन का विरोध किया और डीएम को ज्ञापन सौंपा। विरोध बढ़ने पर सोमवार देर शाम होटल प्रबंधन ने कार्यक्रम रद्द कर दिया। होटल मालिक ने कहा कि साधु-संत और ब्रजवासियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए यह फैसला लिया गया।



**चर्च निर्माण पर विवाद**

गुड़गांव के सेक्टर-56 टीकली गांव में चर्च निर्माण स्थल पर कुछ असामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ की। केयरटेकरों को धमकाया। पुलिस जांच कर रही है। ग्रामीणों ने निर्माण बंद करने की मांग भी की है।

## बांग्लादेश में तीसरे हिंदू की हत्या

■ **NBT रिपोर्ट:** बांग्लादेश में एक और हिंदू व्यक्ति की गोली मारकर हत्या का मामला सामने आया है। दो हफ्तों में बांग्लादेश में हिंदू की हत्या की यह तीसरी घटना है। ANI की रिपोर्ट के अनुसार, मृतक की पहचान 40 वर्षीय बजेंद्र बिस्वास के रूप में हुई है। आरोप है कि बिस्वास के ही सहकर्मी नोमान मिया ने ही जांघ पर गन रखकर गोली मारी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।



बजेंद्र बिस्वास

## फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' पर चीन में चिंता

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** चीनी सरकार समर्थित अखबार ग्लोबल टाइम्स ने ऐक्टर सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की आलोचना की है। अखबार ने दावा किया कि यह फिल्म 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़पों से जुड़े तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है। ग्लोबल टाइम्स ने एक चीनी विशेषज्ञ के हवाले से कहा कि बॉलीवुड फिल्में अधिकतर मनोरंजन और भावनात्मक प्रस्तुति पर आधारित होती हैं, लेकिन किसी भी तरह की सिनेमाई अतिशयोक्ति इतिहास को बदल नहीं सकती और न ही पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (PLA) की चीन की संप्रभुता की रक्षा करने की प्रतिबद्धता को कमजोर कर सकती है।

## UN प्रमुख का नए साल का संदेश हिंदी में

■ **पीटीआई, संयुक्त राष्ट्र:** पहली बार संयुक्त राष्ट्र (UN) प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने 2026 के लिए अपना नववर्ष संदेश हिंदी सहित अन्य भाषाओं में जारी किया है। गुटेरेस ने अपने संदेश में विश्व नेताओं से आज विकास में निवेश करने का आह्वान किया, न कि विनाश (युद्ध) में। गुटेरेस का नववर्ष संदेश 11 भाषाओं में जारी किया गया है, जिनमें संयुक्त राष्ट्र की छह आधिकारिक भाषाएं अरबी, चीनी, अंग्रेजी, फ्रेंच, रूसी और स्पेनिश के साथ-साथ हिंदी और उर्दू भी शामिल हैं। उनके वीडियो संदेश में हिंदी सबटाइटल में हैं।



**THE ECONOMIC TIMES** www.et.nbt.in

**फटाफट खबरें**

### Blinkit के CFO ने दिया इस्तीफा

■ पीटीआई, नई दिल्ली: क्विक कॉमर्स कंपनी ब्लिंकिट के चीफ फाइनेंशल ऑफिसर (CFO) विपिन कपूरिया ने इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों के मुताबिक उन्होंने कंपनी जॉइन करने के करीब एक साल बाद पद छोड़ दिया है। हालांकि इस्तीफे को लेकर न तो ब्लिंकिट और न ही उसकी पैरंट कंपनी की ओर से कोई बयान जारी किया गया है।

### शेयर बाजार मामूली नुकसान के साथ बंद

■ भाषा, मुंबई: साल की समाप्ति से पहले मंगलवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स लगातार पांचवें दिन गिरावट में रहा। सेंसेक्स 20.46 अंक यानी 0.02 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला निफ्टी भी लगभग सपाट रहा। निफ्टी 3.25 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ।

### गूगल यूजर्स बदल सकेंगे जीमेल ऐड्रेस

■ पीटीआई, नई दिल्ली: गूगल यूजर्स के लिए राहत की खबर है। अब वे अपना @gmail.com वाला जीमेल आईडी बदल सकते हैं, वह भी बिना पुराना डेटा खोए। गूगल ने यह फीचर धीरे-धीरे सभी यूजर्स के लिए शुरू करना शुरू कर दिया है। कंपनी के मुताबिक, नया जीमेल आईडी बनाने पर पुराने अकाउंट का पूरा डेटा सुरक्षित रहेगा।

### ह्यूंदै ने लॉन्च की नई रेंज- प्राइम टैक्सी

■ पीटीआई, नई दिल्ली: ह्यूंदै ने मंगलवार को कमर्शल मोबिलिटी सेगमेंट में एंट्री की घोषणा की। कंपनी के अनुसार, प्राइम टैक्सी रेंज को फ्लीट ऑपरेटरों और टैक्सी उद्यमियों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इस रेंज में प्राइम HB (हैचबैक) और प्राइम SD (सेडान) शामिल हैं।

# आखिरी दिन, निपटा लें ये काम

आज वित्तीय मामलों से जुड़ी तीन बेहद जरूरी डेडलाइन खत्म हो रही हैं। इनका आपको खास ध्यान रखना होगा। इनके साथ ही यहां उन बदलावों के बारे में भी बता रहे हैं, जो जनवरी महीने में देखने को मिल सकते हैं।

**1. आज जरूर फाइल करें ITR:** 2025-26 के लिए रिवाइज्ड रिटर्न भरने का आज आखिरी दिन है। इसके बाद आप अपनी तरफ से रिटर्न में कोई बदलाव नहीं कर पाएंगे। 31 दिसंबर के बाद रिटर्न भरने के लिए आपको अपडेटेड रिटर्न का सहारा लेना होगा। आपको यह काफी महंगा पड़ सकता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक इसके बाद 12 महीने के भीतर रिटर्न फाइल करने पर कुल टैक्स का 25% एक्स्ट्रा जुर्माना लगेगा। 24 महीने के भीतर रिटर्न जमा करने पर 50% एक्स्ट्रा जुर्माना लगेगा।




**2. पैन को आधार से लिंक कराना जरूरी:** वित्तीय नियामकों ने साफ कर दिया है कि पैन और आधार को लिंक करना जरूरी है। पैन को आधार से लिंक कराने का आज आखिरी दिन है। अगर आपने अभी तक यह प्रोसेस पूरा नहीं किया है तो 1 जनवरी 2026 से आपको बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। लिंक न होने की हालत में आपका पैन काम करना बंद कर सकता है। इससे बैंक खाता खोलने में दिक्कत हो सकती है।



**3. स्मॉल सेविंग्स स्कीम के रेट में चेंज मुमकिन**

पीपीएफ, सुकन्या समृद्धि योजना और एनएससी जैसी छोटी बचत योजनाओं में निवेश करने वालों के लिए भी आज का दिन अहम है। हाल ही में रिजर्व बैंक ने रीपो रेट में कटौती की है, जिसके बाद संभावना है कि सरकार 1 जनवरी से स्मॉल सेविंग्स स्कीम्स की ब्याज दरों में बदलाव कर सकती है। ऐसे में अगर आप मौजूदा ब्याज दरों पर निवेश करना चाहते हैं तो आज ही फैसला लेना फायदेमंद हो सकता है।



**इन तारीखों का भी रहे ध्यान**

**1. कंपनियों को राहत, रिटर्न की तारीख बढ़ी:** कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने कंपनियों को बड़ी राहत देते हुए वित्तीय विवरण और सालाना रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा बढ़ा दी है। अब कंपनियां यह फाइलिंग 31 जनवरी 2026 तक कर सकेंगी। यह राहत कंपनी कानून के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 से जुड़ी सालाना फाइलिंग के लिए दी गई है। पहले इसकी अंतिम तारीख 31 दिसंबर थी।




**2. जनरल टिकट खरीदने पर छूट:** रेल मंत्रालय डिजिटल टिकट बुकिंग को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठा रहा है। मंत्रालय ने फैसला लिया है कि 14 जनवरी से 14 जुलाई 2026 तक रेलवन ऐप के जरिए जनरल टिकट खरीदने पर यात्रियों को तीन प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह छूट किसी भी डिजिटल भुगतान के जरिए से टिकट बुक करने पर मिलेगी।




**3. CNG, PNG कीमतों में कटौती मुमकिन**

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड ने 16 दिसंबर को प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के लिए यूनिफाइड टैरिफ सिस्टम बनाया था। यह नया ढांचा 1 जनवरी, 2026 से लागू होने वाला है। इस फैसले का असर सीएनजी और पीएनजी की कीमतों पर पड़ सकता है। सीएनजी, पीएनजी की कीमतों में कमी की जा सकती है।



## विकसित भारत का लक्ष्य अब पूरे देश की चाहत: PM मोदी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने कहा है कि साल 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य अब सिर्फ सरकार का विजन नहीं, बल्कि पूरे देश की सामूहिक चाहत बन चुका है। उन्होंने कहा कि देश को लंबे समय तक तरक्की को बनाए रखने के लिए हर सेक्टर में रिफॉर्म्स पर जी-जान से जुटना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने ये बातें नीति आयोग में प्रमुख अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ हुई बैठक में कहीं। नीति आयोग में हुई इस बैठक का विषय 'आत्मनिर्भरता और स्ट्रक्चरल रिफॉर्म्स: विकसित भारत के लिए एजेंडा' था। बैठक में प्रधानमंत्री ने 2047 तक भारत की यात्रा के अहम पिलर्स पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना अब सरकारी नीति से आगे बढ़कर लोगों की चाहत बन गया है।

**पीएम ने अर्थशास्त्रियों के साथ नीति आयोग में बैठक की**

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बदलाव शिक्षा, उपभोग और ग्लोबल मोबिलिटी के पैटर्न में साफ नजर आ रहा है। इसके चलते संस्थागत क्षमता बढ़ाने और इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग पर तेजी से काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोगों में बेहतर जीवन की उम्मीद बढ़ी है और इन जरूरतों को पूरा करने के लिए हर स्तर पर पूरी ताकत लगानी होगी। कैपेबिलिटी बढ़ाने और दुनिया के साथ बेहतर एकीकरण के लिए रिफॉर्म्स को मिशन मोड में लागू करने पर जोर दिया।

File Photo



**मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने पर सुझाव**

बैठक में मौजूद अर्थशास्त्रियों ने मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर में उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने पर सुझाव दिए। परिवारों की ज्यादा बचत, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और आधुनिक टेक्नॉलजी को अपनाकर ढांचागत बदलाव तेज करने पर भी चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने कहा कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस कई सेक्टरों को जोड़ते हुए उत्पादकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकता है।

## भारत चौथी सबसे बड़ी इकॉनमी: सरकारी रिपोर्ट

■ **भाषा, नई दिल्ली:** भारत ने एक और बड़ी आर्थिक उपलब्धि हासिल की है। 4.18 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की इकॉनमी के साथ भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कर लिया है। सरकार की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान के मुताबिक भारत लगातार मजबूत आर्थिक ग्रोथ के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना हुआ है।

**भारत की GDP 4.18 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंची**

मौजूदा रफ्तार को देखते हुए भारत के 2030 तक जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बनने की उम्मीद जताई गई है। आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की असल जीडीपी ग्रोथ 8.2 फीसदी रही है। यह ग्रोथ चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में दर्ज 7.8 फीसदी और पिछले वित्त साल की चौथी तिमाही की 7.4 फीसदी ग्रोथ से भी ज्यादा है।

## क्रेडिट बाज़ार में गोल्ड लोन की चमक, 3 साल में करीब 4 गुना बढ़ोतरी: रिपोर्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**पिछले कुछ** सालों में भारत के लेंडिंग सेक्टर में गोल्ड लोन सबसे तेजी से बढ़ने वाले और मजबूत क्रेडिट सेगमेंट के रूप में उभरे हैं। इकनॉमिक टाइम्स के मुताबिक, जहां एक ओर अनसिक्योर्ड रिटेल लोन और डिजिटल लेंडिंग पर ज्यादा चर्चा रही, वहीं गोल्ड लोन में चुपचाप बड़ी ग्रोथ देखने को मिली है। एंजेल स्टॉक ब्रोकिंग की बीएफएसआई कॉन्फ्रेंस 2025 में एक्सपर्ट्स द्वारा साझा किए गए आंकड़ों पर आधारित रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 3 साल में गोल्ड लोन का आकार करीब 4 गुना तक बढ़ गया है। इस बढ़ोतरी के पीछे सोने की कीमतों में तेजी, औसत लोन अमाउंट का बढ़ना और सेमी अर्बन व ग्रामीण इलाकों से लगातार बनी मांग को अहम वजह माना गया है।

AI Image




कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि अब 60 फीसदी से ज्यादा नए रिटेल लोन सेमी अर्बन और ग्रामीण इलाकों से आ रहे हैं। इन इलाकों में सोना आज भी सांस्कृतिक रूप से स्वीकार्य और आसानी से कैश में बदला जा सकने वाला सिक्योर विकल्प माना जाता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि सेमी अर्बन और ग्रामीण इलाकों में डिफॉल्ट का रिस्क तुलनात्मक रूप से ज्यादा रहता है। इन बाजारों में अनसिक्योर्ड लोन की तुलना में गोल्ड लोन को प्राथमिकता दी जाती है, क्योंकि इनमें पैसा जल्दी मिल जाता है, रीपेमेंट में लचीलापन होता है और ब्याज दर भी कम पड़ती है। आरबीआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर 2025 में गोल्ड जूलरी के बदले लोन की बकाया रकम सालाना आधार पर 128.5 फीसदी बढ़कर 3.38 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई है। इस तरह गोल्ड लोन रिटेल क्रेडिट का सबसे चौंकाने वाला और उभरता हुआ सेगमेंट बन गया है।

## टैरिफ के तूफान में FTA को बनाया हथियार, 2026 में निर्यातकों को और सपोर्ट की ज़रूरत

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** पश्चिम एशिया में तनाव सहित वैश्विक अनिश्चितता के बीच एक्सपोर्ट में गिरावट के साथ साल 2025 की शुरुआत हुई और फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ बम ने माहौल और खराब कर दिया। हालांकि निर्यातकों ने 50% अमेरिकी टैरिफ की चुनौती का बखूबी सामना किया। केंद्र सरकार ने भी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स के जरिए ज्यादा देशों में निर्यात का दायरा बढ़ाने पर जोर लगाया और इस साल नवंबर तक गुड्स एक्सपोर्ट 407 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया और यह साल 2024 का 443 बिलियन डॉलर का आंकड़ा पार करने के रास्ते पर है।

AI Image




निर्यातकों का कहना है कि नए साल में एक्सपोर्ट की रफ्तार बढ़ाने के लिए लागत सहित कई मोर्चों पर सरकार के सपोर्ट की जरूरत होगी। वहीं, अमेरिका और यूरोपियन यूनियन से व्यापार समझौतों पर बातचीत को अंजाम तक ले जाना भी अहम होगा।

**दिखाया दम:** बांग्लादेश, चीन, वियतनाम, कंबोडिया, फिलिपींस और दूसरे दक्षिण एशियाई देशों पर कम टैरिफ के चलते उनकी चीजों के मुकाबले भारतीय माल अमेरिका में 35% तक महंगा हो गया। सितंबर और अक्टूबर में अमेरिका को निर्यात में कमी भी आई, लेकिन नवंबर में यह 22.61% बढ़कर 6.98 बिलियन डॉलर रहा। वहीं, नवंबर में भारत से टोटल गुड्स एक्सपोर्ट सालभर पहले के मुकाबले 19.38% बढ़कर 38.13 बिलियन डॉलर दर्ज किया गया।

**बढ़ाया दायरा:** टैरिफ के झटके के बीच भारत ने ट्रेड डायवर्सिफिकेशन पर तेजी से कदम बढ़ाए हैं। कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल की अगुवाई में इस साल ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और ओमान के साथ FTA साइन किए गए। इस्राइल के साथ FTA पर बातचीत की शर्तें तय हुईं। स्विट्जरलैंड सहित 4 देशों के ग्रुप EFTA के साथ ट्रेड डील अक्टूबर में लागू हो गई।

**क्या है चुनौतियां?**


भारत के सबसे बड़े ट्रेड पार्टनर अमेरिका से द्विपक्षीय व्यापार समझौते और यूरोपियन यूनियन से FTA पर बातचीत को अंजाम पर ले जाने की चुनौती नए साल में है। एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के एक अधिकारी ने कहा कि प्रतिद्वंद्वी देशों के मुकाबले हम पर ज्यादा अमेरिकी टैरिफ के चलते हम 15-25% तक डिस्काउंट दे रहे हैं ताकि अमेरिकी खरीदार हमसे जुड़े रहें। डायवर्सिफिकेशन की कोशिशों से मदद मिली है लेकिन नए बाजारों में पकड़ बनाने में समय लगता है। भारत का एक्सपोर्ट आउटलुक पॉजिटिव बना हुआ है लेकिन चुनौतियों से निपटने का रास्ता निकालना होगा।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 31-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMFL2 User: cci Time: 12-30-2025 21:32 Color:



# ये हैं BMC नगरसेवकों के अधिकार और जिम्मेदारियां

## जानिए जिन नगरसेवकों को आप चुन रहे हैं, वे आपके कौन-कौन से काम आ सकते हैं



**74,427** करोड़ रुपये है BMC का 2025-26 का बजट

**₹15** लाख रुपये खर्च कर सकता है BMC चुनाव में एक उम्मीदवार

**5** साल में नगरसेवकों को विकास के लिए 5 करोड़ रुपये मिलते हैं।

**देश की सबसे समृद्धशाली महानगरपालिका यानी BMC के नगरसेवकों की मुंबई में काफी अहमियत है। मुंबई में बीएमसी लोगों को बेसिक सुविधाएं उपलब्ध कराती है। BMC प्रशासन और जनता के बीच ब्रिज का काम नगरसेवक करते हैं। मुंबई में कई अन्य अथॉरिटी भी है, लेकिन सबसे ज्यादा काम बीएमसी का होता है। BMC यह कार्य नगरसेवकों की सलाह पर करती है। BMC का 2025-26 का बजट 74,427 करोड़ रुपये है, जो देश के कई छोटे राज्यों के बजट से भी अधिक है।**

■ **नगरसेवक ही चुना जाता है मेयर:** 227 सदस्यों वाली BMC में चुनाव के बाद नगरसेवक अपने में से ही किसी सदस्य को मेयर चुनते हैं। BMC का कार्यभार पूरी तरह से मेयर के अधीन होता है। मेयर की मदद के लिए स्टैंडिंग कमिटी, सुधार कमिटी, शिक्षा समिति, गार्डन कमिटी सहित कई अन्य समितियां गठित की जाती हैं। 11 प्रमुख समितियों के साथ 17 प्रभाग समिति बनाकर स्थानीय स्तर पर सुविधा दिलाने का काम किया जाता है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण स्टैंडिंग कमिटी होती है, जिसमें सभी प्रस्ताव पास होते हैं।

■ **पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी:** BMC नगरसेवकों का प्रमुख काम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसमें पानी की उपलब्धता, शौचालय की व्यवस्था, सड़क, शिक्षा की उपलब्धता और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। कचरा उठाना, साफ-सफाई, नालों की सफाई की सिफारिश और निगरानी भी नगरसेवक करता है। मुंबई में शिक्षा, स्वास्थ्य और सफाई लोगों की बड़ी जरूरतों में शामिल है। नगरसेवक अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव भी प्रशासन को देता है।

■ **हर साल एक करोड़ रुपये का फंड:** 227 चुने हुए नगरसेवकों को अपने-अपने प्रभाग के विकास के लिए BMC हर साल 1-1 करोड़ रुपये का फंड मुहैया कराती है। इस तरह नगरसेवकों को 5 साल में 5 करोड़ रुपये विकास के लिए मिलते हैं। इसके जरिये नगरसेवक अपने-अपने प्रभाग में सड़क की मरम्मत, स्वास्थ्य सुविधा, पानी, शौचालय का निर्माण, गलियों की सफाई जैसे अन्य कार्य करते हैं।

■ **मेयर होता है मुंबई का प्रथम नागरिक:** BMC में नगरसेवकों द्वारा चुना गया मेयर मुंबई का प्रथम नागरिक होता है। देश-विदेश से आने वाले आगंतुकों को प्रोटोकॉल के तहत रिसीव करना उसका दायित्व होता है।

■ **न वेतन मिलता है, न ही पेंशन:** देश की सबसे धनी मुंबई महानगरपालिका अपने चुने हुए नगरसेवकों को हर महीने सिर्फ 25 हजार रुपये भत्ते के रूप में देती है। इसके अलावा सभा की महीने में चार बैठक होती है, उसके लिए प्रति बैठक 150 रुपये का मामूली भत्ता दिया जाता है। नगरसेवकों को हर महीने 1100 रुपये टेलीफोन बिल के लिए मिलता है। सांसदों और विधायकों की तरह मुंबई में नगरसेवकों को न तो वेतन मिलता है और न ही पेंशन मिलती है।

## जानिए BMC के पास कौन-कौन से अधिकार है

मुंबई की करीब 1.5 करोड़ आबादी को BMC 7 झीलों के जरिए **पानी आपूर्ति करती है।** इसके लिए BMC में अलग से वॉटर डिपार्टमेंट गठित किया गया है।

BMC की फायर सर्विस, डिजास्टर कंट्रोल, स्लम में आधारभूत सुविधा, यातायात बेहतर करने के लिए **ब्रिज, एफओबी, सड़क का निर्माण करना, लाइफ गार्ड्स की नियुक्ति जैसे कार्य** BMC करती है।

मुंबई में बेहतर **ट्रैफिक व्यवस्था के लिए सिग्नल लगाने का काम भी BMC करती है।** मुंबई में म्हाडा, MSRDC, MMRDA, रेलवे, बीपीटी जैसी अथॉरिटी है, लेकिन यहां भी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था BMC करती है।

दहिसर चेक नाका से लेकर मुंबई और ऐरोली चेकनाका तक फैली मुंबई में प्रतिदिन 7000 मीट्रिक टन कचरा पैदा होता है। यह कचरा उठाने के लिए BMC के घनकचरा विभाग में लगभग 30 हजार कर्मचारी हैं। **सोसायटियों और कचरा स्थल से कचरा उठा कर डंपिंग ग्राउंड तक फेंकना BMC की जिम्मेदारी है।**

BMC देश में सबसे ज्यादा मरीजों का इलाज हर साल करती है। मुंबई में BMC के पास 4 मेडिकल कॉलेज (सायन, केईएम, नायर और कूपर) है। 16 जनरल अस्पताल, 6 स्पेशलिटी अस्पताल, 29 मैटरनिटी होम (मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र), 175 डिस्पेंसरी और 183 हेल्थ पोस्ट शामिल हैं। इन **अस्पतालों में दवाओं की आपूर्ति और बेडों की जिम्मेदारी BMC की है।**

BMC मुंबईकरों को मूलभूत सुविधा के बदले टैक्स भी वसूलती है। इसमें प्रॉपर्टी टैक्स, पानी टैक्स, मनोरंजन टैक्स प्रमुख हैं। मुंबई में कुल 9 लाख प्रॉपर्टी हैं। BMC ने 2025-26 में प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में 7000 करोड़ रुपये वसूलने का लक्ष्य रखा है। यह नियम के अनुसार हर पांच साल में प्रॉपर्टी टैक्स में बढ़ोतरी करती है। मुंबई में 3.6 लाख प्रॉपर्टी ऐसी हैं, जिनका घर 500 वर्ग फुट से कम है, इन्हें टैक्स में छूट दी गई है। **BMC सरकारी बंगलों सहित कमर्शियल परिसर से भी प्रॉपर्टी टैक्स वसूलती है।**

मुंबई में 2050 किमी लंबी सड़कों का जाल है। BMC इनकी देखरेख और निर्माण करती है। मुंबई में अब तक लगभग 1350 किमी लंबी सड़कों को सीमेंटेड किया जा चुका है। **MSRDC, MMRDA के ब्रिज की देखभाल भी BMC 2022 से कर रही है।**

मुंबई में हजारों हाईराइज बिल्डिंगों से लेकर छोटी, कमर्शल सहित अन्य इमारतों के निर्माण से पहले लोगों को BMC से नक्शा पास कराना पड़ता है। मुंबई के भीतर इमारतों के नक्शों को मंजूरी देने वाली मुख्य संस्था है। **यह विकास योजना [DP] के अनुसार मंजूरी देती है। सीसी और ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट [OC] भी जारी करती है।**

BMC मुंबई में जन्म प्रमाण पत्र से लेकर मृत्यु प्रमाण पत्र तक जारी करती है। साथ ही **मैरिज सर्टिफिकेट, दुकानों, होटलों सहित अन्य व्यावसायिक संस्थाओं को लाइसेंस देना व अन्य जरूरी NOC देने का काम BMC करती है।**

**श्मशान से कब्रिस्तान तक की व्यवस्था और देखभाल भी BMC करती है।**

*इनपुट: बृजेश त्रिपाठी, संकलन: महेंद्र गुप्ता*

### 'ट्रिपल इंजन सरकार ही मुंबई का विकास करेगी'

**अमित साटम**, *अध्यक्ष, मुंबई बीजेपी*



करीब ढाई दशक तक शिवसेना (अविभाजित) के साथ दूसरे नंबर पर रही बीजेपी पहली बार बीएमसी में बड़े भाई के रूप में अपनी भूमिका देख रही है। हमारे सभी कार्यकर्ता एवं नेता पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतार रहे हैं। मुंबई के विकास के लिए बीएमसी में महायुति की सत्ता आना जरूरी है। फिर केंद्र, राज्य और बीएमसी की ट्रिपल इंजन सरकार मुंबई का संपूर्ण विकास करेगी। मुंबईकरों का बीजेपी पर पूरा विश्वास है और इस बार मेयर हमारा होगा। 2017 के चुनाव में हमने अकेले लड़ते हुए 82 सीटें जीती थी, इस बार हम 100 सीटों से अधिक जीतेंगे। चुनाव प्रचार की पूरी रणनीति तैयार हो गई है। हमारे 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट तैयार है। हम जल्द ही मुंबई और मुंबईकरों के विकास एवं सुविधा के लिए घोषणा पत्र जारी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मुंबई में लाखों करोड़ रुपये का विकास कार्य चल रहा है। कोस्टल रोड, अटल सेतु, मेट्रो, धारावी पुनर्विकास, गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड, सड़कों को सीमेंटेड करने जैसे विकास कार्य चल रहे हैं।

### 'मुंबई को बचाने की लड़ाई है यह BMC चुनाव'

**उद्धव ठाकरे**, *अध्यक्ष शिवसेना (UBT)*



मुंबई को वर्षों से तोड़ने की कोशिश हो रही है, हम ऐसे लोगों को उनके मकसद में कामयाब नहीं होने देंगे। बीएमसी चुनाव काफी महत्वपूर्ण है, मुंबई मराठी लोगों की है, इस पर किसी और को कब्जा नहीं करने दिया जाएगा। हमने ढाई दशक में मुंबई का विकास किया है। बीएमसी की FD 92 हजार करोड़ तक हमने पहुंचाई, लेकिन पिछले ढाई साल में उसे लूटने का काम किया गया। बीएमसी में लूट मची है, बीएमसी और मुंबई को बचाने के लिए हम मैदान में हैं। मराठी समाज ने कुर्बानी दी और मुंबई को महाराष्ट्र में लाए। मुंबई के महाराष्ट्र में आने के बाद मुंबई में मराठी लोगों का उभार शुरू हुआ। इतने साल बीत गए और आज हम देख रहे हैं कि कुछ लोग मुंबई को तोड़ने की योजना बना रहे हैं। बीजेपी मुंबई को अलग करना चाहती है, यदि इस चुनाव में लोग चूके, तो पैरों के नीचे से जमीन खिसक जाएगी।

### 'हर मुंबईकर के विकास और सुविधा का प्लान है'

**एकनाथ शिंदे**, *अध्यक्ष, शिवसेना*



मुंबई के विकास के लिए महायुति का बीएमसी की सत्ता में आना जरूरी है। हमारे पास मुंबई के विकास का पूरा प्लान है जिसे हम आगे बढ़ा रहे हैं। ढाई दशक तक मुंबई को लूटने वाले आज मुंबई के बारे में अफवाह फैला रहे हैं। पच्चीस वर्षों तक बीएमसी की सत्ता का सुख भोगने वालों ने सिर्फ अपनी तिजोरी भरी, मुंबईकरों के लिए कुछ नहीं किया। आज जनता में भ्रम फैला रहे हैं कि मुंबई को तोड़ने की कोशिश की जा रही है। मुंबई और महाराष्ट्र को तोड़ने का कोई सपने में भी नहीं सोच सकता। मराठियों को मुंबई से बाहर किसने किया इसका जवाब उद्धव ठाकरे को देना होगा। बीएमसी चुनाव में जनता ऐसे लोगों से इसका जवाब मांगेगी। मराठी लोगों को वापस मुंबई में लाकर बसाने की हमारे पास प्लान है हमने बीडीडी चाल से इसकी शुरुआत कर दी है। प्रत्येक मुंबईकर के विकास और सुविधा के लिए हमारे पास प्लान है।

### 'स्वच्छ हवा और पानी आपूर्ति पर रहेगा जोर'

**वर्षा गायकवाड़**, *मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष*



बीएमसी में वर्षों तक राज करने वाले मुंबईकरों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने में असफल रहे हैं। मुंबई की जनता प्रदूषण की समस्या चरम पर है, बारिश के दिनों में मुंबई डूब जाती है, लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ता है। सड़कों की दुर्दशा, ट्रैफिक, प्रदूषण, गड्ढों की समस्याओं से मुंबईकर रोज जूझ रहे हैं। ढाई दशक से सत्ता में रहे लोगों ने मुंबईकरों के साथ धोखा किया है। कांग्रेस ने मुंबईकरों को आधारभूत सुविधा दिलाने के लिए प्लान बनाई है। हम जल्द ही मुंबई के विकास पर एक घोषणा पत्र जारी करेंगे। जिसमें विकास योजनाओं के साथ समस्याओं से निपटने का मास्टर प्लान होगा। हमने प्रशासक के जरिए बीएमसी में मची लूट पर चार्जशीट जारी की है। प्रदूषण से निपटने के लिए कांग्रेस ने प्लान बनाया है। हम जल्द ही मुंबई कांग्रेस का मैनिफेस्टो जारी करेंगे।



CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 31-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP1 User: kamlesh.mestry Time: 12-30-2025 23:46 Color:

महानगर > मुंबई > बुधवार, 31 दिसंबर 2025 > पौष 10, शक संवत 1947, पौष शुक्ल एकादशी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 76, संख्या 307 > मूल्य ₹5.00 > पेज 14 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

बाय-बाय 2025 NBT नवभारत टाइम्स वेलकम 2026

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।











खबरों के अंदर की बात
**NBT Lens**
देखें पेज 11

**अंतर्ज्ञान**

आत्मसम्मान का अर्थ अहंकार नहीं, आत्मा की गरिमा है। जब आप अपने मूल्य को दूसरों की राय से जोड़ लेते हैं, तो आप अपना नियंत्रण खो देते हैं। आत्मसम्मान वही है, जो भीतर से आता है। यह तब जन्म लेता है, जब हम अपनी सच्चाई जीने लगते हैं। हर बार जब आप अपने दिल की सुनकर कोई निर्णय लेते हैं, आप अपने आत्मसम्मान को पुष्ट करते हैं। जो व्यक्ति खुद को झुकाता नहीं, वही दुनिया को झुकाने की शक्ति रखता है। लेकिन आत्मसम्मान को कठोर मत बनाइए। इसमें विनम्रता का रस होना चाहिए, क्योंकि सम्मान वही टिकता है जो करुणा से जुड़ा हो। जो खुद को आदर देना सीख गया, उसने आधा जीवन साध लिया।

**कैसा होगा आपका साल 2026**

आध्यात्मिक गुरु सद्गुरुश्री दयाल (डॉ. स्वामी आनंदजी) बता रहे हैं अंतिम 4 राशियों धनु, मकर, कुंभ और मीन का वार्षिक राशिफल। पेज 6

**2026 नई उम्मीद**

जरूरतमंदों की मदद कर ये समाजसेवी 2026 के लिए आशा की किरण बने हुए हैं। वहीं, बड़ी खामोशी से साहसिक कार्यों और अभियानों के जरिए ये देश का नाम भी रोशन कर रहे हैं।

देखें पेज 6

**मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| कोलाबा | 29.8 | 20.0 |
| सांताक्रूज | 30.2 | 16.5 |
| सूर्यास्त बुधवार | 6:41 बजे | |
| सूर्योदय गुरुवार | 7:12 बजे | |

NBT नवभारत टाइम्स — समाचार व रिपोर्ट संबंधी शुल्क 120 रुपया मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिले के बाहर।

# पूरी हुई नामांकन की प्रक्रिया, 2 को साफ हो जाएगी तस्वीर

## 3 जनवरी को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे उम्मीदवारों को



Kaushik Naik

बीएमसी चुनाव में उम्मीदवारी के लिए कई नेता अपने समर्थकों के साथ ढोल बजाते और पार्टी के नारे लगाते हुए नामांकन स्थल पहुंचे।

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : मंगलवार को 29 महानगरपालिका चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया खत्म हो गई। अंतिम दिन तक कई पार्टियों ने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी करने के बजाय सीधे एबी फॉर्म बांटे। कई संभावित उम्मीदवारों ने बगावत करके निर्दलीय पर्चा भरा। नामांकन केंद्रों पर भीड़ थी। इस चुनावी रण की पूरी तस्वीर 2 जनवरी तक साफ हो पाएगी, क्योंकि तब तक उम्मीदवार नाम भी वापस लेंगे। 3 जनवरी को उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। बागियों को मनाने के लिए पार्टियों ने मशक्कत शुरू कर दी है।

मंगलवार सुबह महायुति के घटक आरपीआई (ए) के अध्यक्ष रामदास आठवले ने सीटों की चर्चा पर असंतोष व्यक्त करते हुए 39 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की। आठवले ने कहा कि नाम वापसी तक हमें सकारात्मक चर्चा की उम्मीद है। कांग्रेस समेत कई अन्य दलों ने अंतिम दिन अपनी आखिरी सूची जारी की।

वहीं, दोनों ठाकरे बंधुओं ने नामांकन के बाद लंबी चर्चा की। राज ठाकरे मातोश्री बंगले पर उद्धव से मिलने पहुंचे। गौरतलब है कि दोनों भाइयों के गठबंधन के चलते आठ सीटों पर बगावत हुई है, इसमें बांद्रा (ईस्ट) का प्रभाग 95 भी है, जो कि ठाकरे के घर के बिलकुल पास है।

मंगलवार तक स्पष्ट हुई स्थिति के मुताबिक, बीएमसी की 227 सीटों में इस बार सबसे ज्यादा उद्धव सेना 165 सीट, कांग्रेस 139 सीट, बीजेपी 137, एनसीपी (अजित) 94, शिवसेना 90, समाजवादी पार्टी 90, मनसे 52, आरपीआई (ए) 39, एनसीपी (शरद) के 11 उम्मीदवार मैदान में हैं। मंगलवार को ही आम आदमी पार्टी (आप) ने बीएमसी चुनाव के लिए दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी की मौजूदगी में घोषणापत्र जारी किया।

**निकाय चुनाव महा मुकाबला**

29 जनवरी को — महानगरपालिका के चुनाव होंगे 15 जनवरी को
16 जनवरी को होगी मतगणना

### उम्मीदवार जावेद पठान का निधन

■ एनबीटी न्यूज, मीरा-भाईंदर: NCP (अजित) उम्मीदवार जावेद पठान की फॉर्म भरते समय तबीयत बिगड़ गई। किसी तरह प्रक्रिया पूरी की, लेकिन हालत और गंभीर हो चुकी थी। उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते में उनका निधन हो गया। वह हैदरी चौक के पास कम्युनिटी हॉल में बने नामांकन केंद्र में पहुंचे थे।

### 17 उम्मीदवार दाखिल नहीं कर पाए पर्चा

■ एनबीटी न्यूज, मुंबई: 17 उम्मीदवार पर्चा दाखिल नहीं कर पाए हैं। पार्टियों से एबी फॉर्म मिलने के बावजूद वे मौका चूक गए। आम आदमी पार्टी (AAP) ने इसे चुनावी नियमों का उल्लंघन बताते हुए चुनाव निर्णय अधिकारी (आरओ) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरओ ने इन आरोपों का खंडन किया है। पेज 2

**बिना किसी का विरोध झेले विजेत्री बनीं रेखा**

कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका चुनाव में प्रभाग क्रमांक 18अ से बीजेपी उम्मीदवार रेखा चौधरी को बिना विरोध झेले जीत हासिल हो गई है। उनके खिलाफ किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन फॉर्म नहीं भरा था। अकेले ही कैंडिडेट होने के कारण उनको विजेत्री बनने का मौका मिल गया। हालांकि चुनाव अधिकारियों द्वारा इसकी आधिकारिक घोषणा अभी नहीं हुई है, लेकिन कोई भी उम्मीदवार का आज अंतिम दिन तक पर्चा न आने के कारण चौधरी का निर्विरोध विजेत्री घोषित होना तय माना जा रहा है।

# भांडुप हादसे की जांच कमिटी गठित कर बेस्ट हुआ 'मौन'

## आरोपी चालक गिरफ्तार, फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी

प्रिया पांडे/मनीष झा

■ मुंबई: भांडुप बेस्ट बस हादसे के आरोपी चालक संतोष सावंत (52) को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 110, 125 (ए) और एमवी एक्ट 184 के तहत केस दर्ज किया गया है। इसकी पुष्टि जोन-7 के डीसीपी हेमराज सिंह राजपूत ने की। कंडक्टर भगवान भाऊ घारे (47) से भी पूछताछ जारी है।

उधर, भांडुप बस हादसे की तमाम कोशिशों के बावजूद बेस्ट प्रशासन ने आधिकारिक बयान नहीं दिया। मंगलवार को प्रशासन ने समिति के गठन का ऐलान तो किया, लेकिन समिति का कार्यक्षेत्र, समय-सीमा और ऐक्शन प्लान पर कोई जानकारी नहीं दी। बेस्ट प्रशासन से संपर्क करने की कोशिश हुई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। कहा जा रहा है कि रिपोर्ट मिलने के बाद प्रशासन आगे फैसला लेगा।

बस का रूट नंबर A-606, Sr 34 और नंबर 715 था। यह वेट लीज-ओलेक्ट्रा की थी। आरोपी ने शराब नहीं पी हुई थी, लेकिन इसकी जांच रिपोर्ट आना बाकी है। फॉरेंसिक टीम सैंपल जुटा रही है। बेस्ट प्रशासन ने घायलों को 2 लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की है।



### दो नर्स भी हुई हादसे की शिकार

इस हादसे में सायन अस्पताल की नर्स मानसी गुरव और टाटा अस्पताल की वर्षा सावंत की मौत हो गई। मानसी कई वर्षों से सायन के साथ जुड़ी थीं। सोमवार शाम वह काम खत्म कर घर जा रही थीं, उसी दौरान हादसा हो गया। वर्षा पहले सायन में कॉन्ट्रैक्ट पर नर्स थीं। एक से डेढ़ महीना पहले ही टाटा जॉइन किया था।

### इस साल 43% बढ़े सड़क ऐक्सिडेंट

अप्रैल से सितंबर 2025 के बीच मुंबई में बेस्ट की बसों से जो प्रमुख हादसे हुए हैं, उनमें 14 लोगों की जान जा चुकी है। 33 घायल हुए हैं। पिछले साल की तुलना में हादसों का यह आंकड़ा 43% बढ़ा है। दिसंबर 2024 में हुए कुर्ला बस हादसे के बाद कई तरह की एहतियात बरतने की बात कही गई थी, लेकिन ऐसा कुछ हुआ नहीं दिख रहा।

**बसें नहीं आईं, तो 2027 तक बेड़ा साफ**

बता दें कि नवंबर 2025 तक बेस्ट के पास खुद की केवल 298 बसें ही थीं। हालांकि वेट लीज की करीब 2300 बसें उसके बेड़े में शामिल हैं। खुद की बस मार्च 2026 तक 235 हो जाएंगी। और 2027 तक कोई नई बस नहीं आई, तो बेड़ा साफ।

### अवैध और अश्लील कंटेंट पर सरकार की सख्त चेतावनी

■ पीटीआई, नई दिल्ली: केंद्र ने ऑनलाइन प्लैटफॉर्म, विशेषकर सोशल मीडिया कंपनियों को अश्लील, आपत्तिजनक, पोर्नोग्राफिक, बाल यौन शोषण से जुड़े और अन्य अवैध कंटेंट पर सख्ती से कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। सोमवार को जारी एडवाइजरी में कहा कि अगर प्लैटफॉर्म ने नियमों के तहत निर्धारित दायित्वों का पालन नहीं किया, तो उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। अदालत के आदेश या सरकार से सूचना मिलने पर अवैध सामग्री को तय समयसीमा के भीतर हटाना होगा।

**तय समयसीमा के भीतर हटानी होगी अवैध सामग्री**

### फ्लाइट लेट, तो खाना-रिफंड


■ NBT रिपोर्ट: नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एयरलाइंस के लिए सख्त एडवाइजरी जारी की है। मंत्रालय ने सभी एयरलाइंस को नियमों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया है कि यात्रियों को उड़ानों की समय पर जानकारी दी जाए, देरी की स्थिति में खाने की व्यवस्था हो, उड़ान रद्द होने पर रीबुकिंग या रिफंड उपलब्ध कराया जाए।

# नए साल के जश्न में होम डिलिवरी टेढ़ी खीर

Priya.Pandey@timesofindia.com

■ मुंबई : देश के प्रमुख शहरों के साथ मुंबई में भी आज ऑनलाइन डिलिवरी मिलना मुश्किल होगा। शॉपिंग, ग्रोसरी और फूड डिलिवरी प्लैटफॉर्म्स से जुड़े गिग वर्कर्स (डिलिवरी करने वाले) ने 31 दिसंबर और 1 जनवरी को हड़ताल की घोषणा की है। महाराष्ट्र में भारतीय गिग कामगार मंच ने इसे सपोर्ट किया है। एनबीटी ने डिलिवरी बॉयज से बात की। समाधान अनुसे ने बताया कि उनके साथ बीकेसी, सांताक्रूज और कालीना के 150 से 170 डिलिवरी वर्करों ने आज काम करने से मना कर दिया है। संभाजी खाटेकर ने कहा कि हर व्यक्ति की इनकम बढ़ती है, लेकिन हमारी घट रही है, इसलिए हमने हड़ताल करने का फैसला लिया है। भारतीय गिग कामगार मंच गिग वर्कर्स के अध्यक्ष केशव सिरसागर ने कहा, वर्कर्स से हो रहे अन्याय को देखते हुए हमने उन्हें समर्थन करने का फैसला लिया है। पिछले साल भी यह मुहीम चलाई थी।

AI Image



**ये हैं इनकी समस्याएं**

ऑर्डर पर मिलने वाला पैसा और इंसेंटिव दोनों साल दर साल कम हो रहा है। थर्ड पार्टी एप्लीकेशन आने से ऑर्डर नहीं मिल पा रहे हैं। कस्टमर द्वारा किया जाने वाला दुर्व्यवहार भी प्रमुख कारक है। वर्करों का कहना है कि उनकी समस्या सुनने वाला कोई नहीं है, क्योंकि गिग वर्कर्स के लिए कोई कानून नहीं है। शेष पेज4 पर

### बांग्लादेश की पूर्व PM खालिदा का निधन

■ पीटीआई, ढाका: बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री खालिदा जिया का मंगलवार तड़के लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 80 वर्ष की थीं। जिया तीन बार प्रधानमंत्री रहीं और बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष थीं। बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष और उनके बड़े बेटे तारिक रहमान ने निधन की पुष्टि की। सैन्य शासन के बाद लोकतंत्र की बहाली में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। तीन दिन के राजकीय शोक और एक दिन के आम अवकाश की घोषणा की गई। भारत ने खालिदा जिया के निधन पर गहरा दुख जताया है।



**बांग्लादेश में दो हफ्ते में तीसरे हिंदू की हत्या**


बांग्लादेश में एक और हिंदू व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। दो हफ्ते में वहां हिंदू की हत्या की यह तीसरी घटना है। मरने वाले की पहचान 40 वर्षीय बजेंद्र बिस्वास के रूप में हुई है। पेज 12

# प्रियंका गांधी के बेटे ने की सगाई, आज से सेलिब्रेशन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और उद्योगपति रॉबर्ट वाड्रा के बेटे रेहान वाड्रा ने अपनी लंबे समय से गर्लफ्रेंड रहीं अवीवा बेग से सगाई कर ली है। यह सगाई सोमवार को दोनों परिवारों की मौजूदगी में हुई, जहां रेहान ने अवीवा को प्रपोज किया और उन्होंने प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। शादी आने वाले महीनों में होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, सगाई के बाद एक बड़ा समारोह बुधवार को राजस्थान के रणथंभौर में आयोजित होगा। नए साल पर गांधी परिवार वहीं रहेगा। रेहान वाड्रा एक विजुअल आर्टिस्ट और फोटोग्राफर हैं। 2021 में उन्होंने नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में अपनी पहली एकल प्रदर्शनी 'डार्क परसेप्शन' आयोजित की थी।

File



अवीवा बेग ने रेहान के साथ शेयर की थी तस्वीर

**आखिर कौन हैं अवीवा बेग?**

अवीवा बेग ने पेशे से इंटीरियर डिजाइनर हैं। फोटोग्राफी और प्रोडक्शन से भी जुड़ी हुई हैं। पिता इमरान बेग व्यवसायी हैं और मां नंदिता बेग इंटीरियर डिजाइनर हैं। नंदिता बेग प्रियंका गांधी की दोस्त भी हैं। कांग्रेस के नए दफ्तर के डिजाइन का काम नंदिता ने ही किया था।

**NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर 2025**

### NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर कौन? अभी वोट करें

जिन लोगों ने जज्बे, मेहनत और काबिलियत से देश की प्रगति को नई दिशा दी, NBT ने खास उन हस्तियों को चुना है। अब आपका वोट तय करेगा NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर।



**A** हरमनप्रीत कौर (महिला क्रिकेट टीम की कप्तान)
2 नवंबर को इतिहास रचकर हरमन की कप्तानी में भारत ने पहला ICC वर्ल्ड कप जीता। ऑस्ट्रेलिया को हराया।



**B** देश के पैराएथलीट (शीतल देवी-सुमित अंतिल)
बिना हाथों के जन्मीं पैरा एथलीट शीतल ने नियमित (एबल-बॉडी) वर्ग की टीम में जगह बनाई। पैरा जैवलिन थ्रोअर सुमित ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स में रेकॉर्ड गोल्ड मेडल जीता।



**C** दिव्या देशमुख (ग्रैंडमास्टर)
19 साल की दिव्या ने जॉर्जिया में FIDE विमिंस वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। ग्रैंडमास्टर खिताब भी हासिल किया।



**D** कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह
ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दुनिया के सामने रखी और ऑपरेशन का चेहरा बन गईं। सोफिया आर्मी की सिग्नल कोर में हैं। व्योमिका एयरफोर्स में हेलिकॉप्टर पायलट हैं।




**E** शुभांशु शुक्ला (ग्रुप कैप्टन, एयरफोर्स)
इंटरनैशनल स्पेस स्टेशन (ISS) जाने वाले पहले और अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय बने।

**कैसे करें वोट** : जो NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर लगता है, उसका ऑप्शन **9220747220** पर वट्सऐप करें। मसलन, अगर आपकी चॉइस हरमनप्रीत है तो मेसेज में A लिखकर भेज दें।

# पूतिन के घर हमले पर PM मोदी बोले- दुश्मनी मिटाने को डिप्लोमेसी सही रास्ता

■ आईएएनएस, नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पूतिन के घर को निशाना बनाए जाने की खबरों पर फिक्र जाहिर की है। पीएम मोदी ने मंगलवार को शांति की अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह के विवाद का कूटनीतिक तरीके से ही समाधान किया जाना चाहिए। रूस ने यह भी दावा किया है कि 91 यूक्रेनी ड्रोन ने मास्को के उत्तर में नोवगोरोड इलाके में व्लादिमिर पूतिन के आवास पर हमले की कोशिश की थी।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म X पर लिखा, पूतिन के घर को निशाना बनाने की खबरों से चिंतित हूं। दुश्मनी खत्म करने और शांति पाने के लिए चल रहे कूटनीतिक प्रयास ही सबसे सही रास्ता है। हम सभी पक्षों से इन कोशिशों पर ध्यान देने और ऐसे किसी भी काम से बचने की अपील करते हैं जो उन्हें कमजोर कर सकता है। विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने टेलीविजन बयान में कहा कि रविवार और सोमवार की मध्य रात्रि को लंबी दूरी के 91 ड्रोन से हमला किया गया, हालांकि उससे कोई नुकसान नहीं हुआ। सभी ड्रोन मार गिराए। वहीं, यूक्रेन ने ऐसे किसी भी हमले की खबर से इनकार किया है।



**व्यवस्था** नए साल के आयोजनों में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था, 10 एडिशनल सीपी और 38 डीसीपी की ड्यूटी

# जश्न पर 17 हजार पुलिसकर्मियों की नज़र

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: नए साल की अगवानी का जश्न लोग बिना विघ्न मना सकें, इसके लिए मुंबई पुलिस ने कई बंदोबस्त किए हैं। विभिन्न धार्मिक स्थलों, होटलों, रेस्टोरेंट्स, शॉपिंग मॉल्स और सार्वजनिक जगहों में होने वाले आयोजनों को देखते हुए विशेष योजना तैयार की गई है। सीपी देवेन भारती और जॉइंट सीपी (कानून व्यवस्था) सत्यनारायण चौधरी एवं जॉइंट सीपी (यातायात) अनिल कुंभारे के मार्गदर्शन में इंतजाम किए गए हैं। 10 एडिशनल सीपी, 38 डीसीपी, 61 एसीपी सहित 2,790 पुलिस अधिकारी और 14,200 अन्य पुलिसकर्मी मुस्तैद रहेंगे। भीड़भाड़ वाले इलाकों में CRPF प्लाटून, QRT टीम, BDDS, RCP प्लाटून और होमगार्ड्स की तैनाती की गई है।

AI Image



**विभिन्न जगहों पर रहेगी नाकाबंदी** : कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की जगह-जगह नाकाबंदी, गश्त और विशेष जगहों पर सुरक्षा बंदोबस्त रहेगा। डीसीपी अकबर पठान ने बताया कि मुंबई पुलिस ने लोगों से सुरक्षित ढंग से नववर्ष मनाने की अपील की है। आपात स्थिति में लोग 100 या 112 नंबरों पर संपर्क कर मदद मांग सकते हैं।

**ठाणे पुलिस और ट्रैफिक पुलिस अलर्ट**

■ NBT न्यूज, ठाणे: नए साल के धूम-धड़ाके और मनपा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस ने शहर के येऊर हिल, उपवन परिसर, ढाबे, होटल, रिसॉर्ट, फार्म हाउस, हुक्का पार्लर, लाउंज और पबों पर पैनी नजर रखी है। ठाणे पुलिस और ट्रैफिक पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। ठाणे, कलवा, मुंब्रा, दिवा, कल्याण-डोंबिवली, भिवंडी, उल्हासनगर, बदलापुर और अंबरनाथ में 54 जगहों पर नाकाबंदी की गई है और ट्रैफिक के 739 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। पेज 4

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 31-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP2 User: cci Time: 12-30-2025 23:28 Color:





**1,201** स्वतंत्र उम्मीदवार मैदान में थे 2007 के बीएमसी चुनाव में।

# मंगल को चुनावी दंगल, कहीं मिले दिल, तो कहीं टूटे...

## महायुति और MVA दलों के रास्ते कहीं जुदा, तो कहीं एक

Rajkumar.Singh@Timesofindia.com

■ **मुंबई:** मनपा चुनाव में नफे और नुकसान को देखते हुए राजनीतिक दलों ने गठबंधन किया है। मंगलवार की दोपहर तक गठबंधन और सीटों के बंटवारे पर चर्चा होती रही। महायुति और विपक्ष महाविकास आघाडी के घटक दल जमीनी स्तर पर कई जगहों पर एक-दूसरे को झटके दिए हैं, तो कहीं-कहीं मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं।

29 मनपाओं के लिए नामांकन भरने का मंगलवार अंतिम दिन था। मुंबई सहित 10 मनपाओं को छोड़ दें तो अधिकतर स्थानों पर महायुति एकजुट नहीं रह सकी। 14 मनपाओं में बीजेपी और शिंदे सेना एक-दूसरे के आमने-सामने चुनावी मैदान में उतरे हैं। इससे स्थानीय स्तर पर राजनीतिक मुकाबला और भी तीखा होने की संभावना है। वैसे, गठबंधन के लिए नामांकन भरने के अंतिम दिन तक लगातार बैठकों और चर्चाओं का दौर चलता रहा। फिर भी कई सारी मनपा में बात नहीं बन सकी, तो कहीं पर बात बनी। इसका नतीजा यह हुआ कि कुछ मनपा में बीजेपी और शिंदे सेना के बीच सीधी टक्कर हो रही है। कहीं बीजेपी ने राष्ट्रवादी कांग्रेस के साथ गठबंधन किया, तो कहीं शिंदे सेना और एनसीपी एक साथ चुनाव लड़ते दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय राजनीतिक परिस्थितियों के अनुसार फैसले लिए गए हैं।



### मुंबई और ठाणे में महायुति की बात बनी

**मुंबई महानगरपालिका** के चुनाव में बीजेपी और शिंदे सेना के बीच किसी तरह से सीटों का बंटवारा हो पाया। मंगलवार की दोपहर तक बीजेपी और शिंदे सेना के बीच सीटों के बंटवारे पर सस्पेंस चलता रहा। हालांकि, देर रात मुंबई बीजेपी अध्यक्ष अमित साटम ने ऐलान किया कि बीएमसी चुनाव में बीजेपी 137 सीटों पर और शिवसेना शिंदे गुट 90 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। मुंबई से सटी ठाणे महानगरपालिका में भी दोनों दलों के बीच गठबंधन हो गया। इसके अलावा कल्याण-डोंबिवली, भिवंडी-निजामपुर, नागपुर, वसई-विरार, पनवेल, चंद्रपुर, कोल्हापुर, जलगांव महानगरपालिकाओं में भी बीजेपी और शिंदे सेना गठबंधन कर चुनाव लड़ेंगे। ▶▶पेज 4

### शरद पवार को ठाकरे बंधुओं ने दी 10 सीटें

**ठाकरे बंधुओं** ने मिलकर बीएमसी का चुनाव लड़ने का फैसला किया है। 10 सीटें देकर शरद पवार को ठाकरे बंधुओं ने अपनी ओर ले लिया है। उद्धव बीएमसी की 165 और राज ठाकरे 52 सीटों पर लड़ रहे हैं।

### मीरा-भाईंदर-नवी मुंबई में ऐकला चलो

**नवी मुंबई,** मीरा-भाईंदर, उल्हासनगर, अकोला, अमरावती, जालना, छत्रपति संभाजीनगर, नासिक, मालेगांव, सांगली, धुले, सांगली-मिरज-कुपवाड, पिंपरी-चिंचवड, सोलापुर, नांदेड और लातूर मनपाओं में बात नहीं बन सकी, इसलिए शिंदे सेना और बीजेपी एक-दूसरे को चुनौती देते हुए दिखाई देंगे। शिंदे सेना ने आरोप लगाया कि मीरा भाईंदर में स्थानीय विधायक नरेंद्र मेहता के चलते गठबंधन नहीं हो सका। शिंदे सेना के नेता व कैबिनेट मंत्री प्रताप सरनाईक ने अंतिम समय तक गठबंधन की कोशिश की, परंतु बीजेपी को अपनी एकतरफा जीत नजर आ रही है। नवी मुंबई में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और मंत्री गणेश नाईक की प्रतिष्ठा दांव पर लगी मानी जा रही है, इसलिए मुकाबला बहुत बेहद रोचक होने वाला है। उल्हासनगर मनपा में भी बात बनते-बनते बिगड़ गई। यहां बीजेपी अकेले चुनाव लड़ेगी, जबकि शिंदे सेना ओमी कलानी और साईं पार्टी के साथ गठबंधन कर मैदान में उतरेगी।

# नामांकन की अंतिम घड़ी में दिखी हड़बड़ी

## भायखला नामांकन केंद्र से ग्राउंड रिपोर्ट

Navin.Pandey@Timesofindia.Com

■ **मुंबई:** बीएमसी चुनाव को लेकर मंगलवार को नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन था और इसका असर भायखला स्थित रिचर्डसन एंड क्रूडास कंपनी के हॉल के बाहर साफ दिखाई दे रहा था। सुबह से ही यह इलाका सियासी हलचल का केंद्र बना रहा। वॉर्ड ए, बी और ई के अंतर्गत आने वाले प्रभागों के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए यहीं नामांकन केंद्र बनाया गया था। जैसे-जैसे समय बीतता गया, वैसे-वैसे उम्मीदवारों और उनके समर्थकों की भीड़ बढ़ती चली गई और माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंग गया।

**रिचर्डसन एंड क्रूडास कंपनी के बाहर समर्थकों की भीड़**

नामांकन केंद्र के बाहर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद थी। पुलिस प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती भीड़ को नियंत्रित करना और सड़कों पर ट्रैफिक जाम न लगने देना था। पुलिसकर्मी लगातार लोगों को समझाते, हटाते और मार्ग सुचारू रखने की कोशिश करते नजर आए। केंद्र के भीतर उम्मीदवार के साथ केवल दो लोगों को प्रवेश की अनुमति थी, लेकिन उम्मीदवारों के साथ आए कई समर्थक बार-बार भीतर जाने की कोशिश कर रहे थे। इसे लेकर कई बार हल्की नोकझोंक की स्थिति भी बनी।



### अलग दल-झंडे, जोश एक जैसा

**रिचर्डसन एंड क्रूडास** कंपनी के बाहर अलग-अलग राजनीतिक दलों के समर्थक अपने-अपने झंडे और पहचान के साथ अलग-अलग स्थानों पर खड़े दिखाई दिए। समाजवादी पार्टी, एनसीपी अजित पवार गुट, शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट), एमएनएस, शिवसेना (शिंदे गुट), बीजेपी सहित अन्य दलों के कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ मौजूद थे। हर समूह अपने उम्मीदवार को सबसे मजबूत और जिताऊ बताते हुए चर्चा कर रहा था। समर्थकों की बातचीत में आत्मविश्वास झलक रहा था, मानो जीत अभी से तय हो।

### बड़े राजनीतिक चेहरों की रही मौजूदगी

**नामांकन केंद्र** पर कुछ बड़े राजनीतिक चेहरों की मौजूदगी ने भी माहौल को खास बना दिया। महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर अपने परिवार के तीन सदस्य मकरंद नार्वेकर, हर्षिता नार्वेकर और गौरवी नार्वेकर के नामांकन के समय खुद मौजूद रहे। उनके पहुंचते ही सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी गई और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## आखिरी दिन नॉमिनेशन के लिए दम-खम से पहुंचे उम्मीदवार

मंगलवार बीएमसी चुनाव के नामांकन का आखिरी दिन था। इस दौरान उम्मीदवार नामांकन के लिए जल्दबाजी में नजर आए। नामांकन केंद्रों पर दिनभर नामांकन दाखिल करने वालों और उनके समर्थकों का तांता लगा रहा। सड़कों पर भी बीएमसी चुनाव का असर साफ दिखाई दिया।



पूर्व मंत्री नसीम खान के बेटे आमिर खान ने प्रभाग क्रमांक 162 से नामांकन भरा।



प्रभाग 65 से कांग्रेस की ओर से सुफियान हैदर ने मंगलवार को नामांकन भरा।



मुंबई बीजेपी अध्यक्ष अमित साटम के रिश्तेदार रोहन राठौड़ ने परिवार संग पर्चा भरा।



प्रभाग 71 से बीजेपी उम्मीदवार सुनीता राजेश मेहता का नामांकन कराने पहुंचे अमित साटम।



प्रभाग 7 से यूबीटी के उम्मीदवार विनोद घोसालकर के बेटे सौरभ घोसालकर ने नामांकन भरा।



प्रभाग 58 के बीजेपी उम्मीदवार संदीप पटेल ने समर्थकों संग नामांकन दाखिल किया।



प्रभाग 3 से बीजेपी के उम्मीदवार प्रकाश दरेकर ने मंगलवार को नामांकन भरा।



प्रभाग 5 से यूबीटी की उम्मीदवार सुजाता पाटेकर ने मंगलवार को नामांकन भरा।



प्रभाग क्रमांक 114 से UBT से सांसद संजय दीना पाटिल की बेटी राजुल ने नामांकन भरा।



पूर्व महापौर किशोरी पेडनेकर ने भी अपने समर्थकों के साथ उद्धव सेना से नामांकन भरा।

## जनता की मांग

### 24 घंटे बहता रहता है गटर का पानी

प्रभाग 160 में गुरु गोविंद सिंह मार्ग से लगे शौचालय के पास से हनुमान मंदिर जाने वाले मार्ग पर 24 घंटे गटर का पानी बहता रहता है। 2022 के बाद प्रशासक नियुक्त होने से सफाई व कचरा प्रबंधन ठप है। गटर ओवरफ्लो से झोपड़ियों में पानी घुस रहा है। अनधिकृत पाइपों से रास्ता संकरा हो गया है। एल-वार्ड प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग है। इस चुनाव में नगरसेवक बनने का सपना देख रहे उम्मीदवार इस समस्या की ओर ध्यान दें।

*- रामदयाल यादव*

### भेजें वॉर्ड की समस्याएं



आपके वॉर्ड या प्रभाग के क्या मुद्दे हैं? क्या समस्याएं हैं, जिनके समाधान की आप अपने नवनिर्वाचित नगरसेवक से उम्मीद रखते हैं, हमें अपने नाम, वॉर्ड और प्रभाग के साथ लिख भेजें वॉट्स ऐप नंबर **9967397376** पर। हम उन्हें नवभारत टाइम्स (NBT) के माध्यम से 'जनता की मांग' कॉलम के तहत पहुंचाएंगे निकाय चुनाव उम्मीदवार तक।

## सुना है कि...

### पूर्व विधायक भी मायूस

**कांग्रेस के एक** पूर्व विधायक नगरसेवक का चुनाव लड़ने के लिए पूरी जोर आजमाइश कर रहे थे। बेटी की सीट से वे खुद को दावेदार बता भी रहे थे। लेकिन इलाके के एक प्रभावशाली नेता के बेटे को वह टिकट मिल गया। इससे पहले नेताजी की पत्नी का टिकट भी कन्फर्म हो ही चुका था। यानी एक परिवार में दो टिकट और पूर्व विधायक को नगरसेवक बनने का मौका भी नहीं मिला। वैसे पूर्व विधायक अपने प्रभाव का जोर दिखाना चाह रहे थे, लेकिन कांग्रेस कांटे के मुकाबले में सीटों की संख्या को कायम रखने के लिए हर जतन कर रही है।

### इतनी सीटें छोड़ी, तो...

**कांग्रेस के अंदर** दबी जुबान वंचित बहुजन आघाडी को 62 सीटें दिए जाने की चर्चा हो रही है। कई नेता वंचित को मिले वोट का पैटर्न देख रहे हैं। वो दलील दे रहे हैं कि पार्टी ने अकेले चुनाव लड़ने का फैसला करके कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया था, लेकिन अंत में इतनी सीटें गठबंधन में देकर कई दावेदारों की उम्मीद पर पानी फेर दिया। कार्यकर्ता तर्क दे रहे हैं कि इतनी सीटें छोड़नी ही थी, तो थोड़ी और छोड़कर ठाकरे बंधुओं के साथ शामिल हो जाते, कम से कम बची सीटों पर जीत के आसार तो बढ़ जाते।

*-धूमकेतु*

# एक ही परिवार के तीन को BJP ने दिया टिकट

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** विधानसभा अध्यक्ष व कोलाबा विधानसभा के विधायक राहुल नार्वेकर के परिवार के तीन सदस्यों को टिकट दिया गया है। बीजेपी ने नार्वेकर के भाई व पूर्व नगरसेवक मकरंद नार्वेकर, भाभी हर्षिता नार्वेकर और चचेरी बहन गौरवी शिवलकर-नार्वेकर को टिकट दिया है। इन्हें नार्वेकर ने समर्थन दिया। उनका कहना है कि मकरंद और हर्षिता अपने-अपने वॉर्डों में अच्छा काम करते हैं, जिस कारण उनके खिलाफ चुनाव लड़ने वाला कोई नहीं है। मुझे नहीं लगता कि विपक्ष के पास इन सीट पर जीत हासिल करने का कोई मौका है। पार्टी निश्चित रूप से इन सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखेगी।

बता दें कि विधान परिषद के सदस्य राजहंस सिंह के बेटे निलेश सिंह को इसलिए बीजेपी ने टिकट नहीं दिया कि उनके पिता राजहंस सिंह विधान परिषद में विधायक हैं।



**सवालों में बीजेपी के भाई-भतीजावाद रोकने के दावे**

वहीं, विधान परिषद के सदस्य प्रवीण दरेकर के भाई प्रकाश को बीजेपी ने टिकट दिया है। कैबिनेट मंत्री आशीष शेलार के भाई विनोद को भी इसलिए टिकट नहीं दिया गया कि आशीष मंत्री हैं। दहिसर विधानसभा की विधायक मनीषा चौधरी की बेटी को भी टिकट नहीं दिया। पूर्व कैबिनेट मंत्री राज के. पुरोहित के बेटे आकाश को बीजेपी ने फिर से मौका दिया है, तो पूर्व सांसद किरीट सोमैया के बेटे नील को भी टिकट दिया है।

### सवालों के घेरे में दोहरे मापदंड

अब ऐसे में बीजेपी के दोहरे मापदंड पर सवाल उठना लाजिमी है। मुंबई बीजेपी के अध्यक्ष व विधायक अमित साटम के रिश्तेदार रोहन राठौर को टिकट दिया गया है।

शिंदे सेना के विधायक मुरजी पटेल की पत्नी केसरबेन पटेल को बीजेपी ने अपनी पार्टी से टिकट दिया है। पूर्व विधायक रमेशसिंह ठाकुर के बेटे सागर का भी टिकट काट दिया है। विधायक विद्या ठाकुर के बेटे का भी पार्टी ने टिकट काट दिया।

### दलवी की बगावत, निर्दलीय लड़ेंगे

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** बीएमसी चुनाव में राहुल नार्वेकर की भाभी हर्षिता नार्वेकर को प्रभाग क्रमांक 225, भाई मकरंद नार्वेकर को प्रभाग क्रमांक 226 और चचेरी बहन डॉ. गौरवी शिवलकर-नार्वेकर को प्रभाग क्रमांक 227 से उम्मीदवार बनाया है। इसी फैसले के विरोध में मुंबई बीजेपी के उपाध्यक्ष कमलाकर दलवी ने प्रभाग क्रमांक 225 से बगावत कर दी है। उन्होंने इस सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में पर्चा दाखिल किया है। दलवी की बगावत से पार्टी के वोटों के बंटने की आशंका बढ़ गई है। इस वार्ड में शिवसेना शिंदे गुट से जुड़ी सुजाता सानप भी निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में हैं।

सूत्रों के मुताबिक, इस सीट को लेकर शिवसेना शिंदे गुट प्रयासरत थी। लेकिन यह सीट बीजेपी के कोटे में जाने से शिंदे गुट में नाराजगी बढ़ गई। इससे नाराज सुजाता सानप ने बागी रुख अख्तियार किया है। दलवी और सानप के चुनाव मैदान में होने से हर्षिता को चुनाव में कड़ी टक्कर मिलने के आसार हैं। वहीं, बीजेपी के सूत्रों ने बताया कि पार्टी की ओर से दलवी को मनाने की कोशिश की जाएगी। अगर वह अपने बागी रुख पर अड़े रहते हैं, तो यहां पर वोटों का बंटवारा तय है और इस सीट पर कड़ी टक्कर हो सकती है।

# नवी मुंबई: मंदा म्हात्रे ने नाईक परिवार पर लगाए आरोप

## बेटे निलेश म्हात्रे ने लौटाया टिकट, नहीं भरा फॉर्म

■ **NBT न्यूज, नवी मुंबई:** नवी मुंबई मनपा चुनाव के लिए मंगलवार को बीजेपी ने अपने 111 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी। लिस्ट जारी होते ही बीजेपी के अंदर लंबे समय से चली आ रही अंदरूनी लड़ाई खुलकर सामने आ रही है। बेलापुर से बीजेपी विधायक मंदा म्हात्रे ने आरोप लगाया कि टिकट बंटवारे में नाईक परिवार ने मनमानी की है। उन्होंने कहा कि मुझे जिला अध्यक्ष ने फॉर्म दिए थे, जिस पर उन्होंने हस्ताक्षर ही नहीं किए थे। फिर वह फॉर्म अगर मैं अपने कार्यकर्ताओं को दूंगी, तो उसका कोई अर्थ ही नहीं बचता है। जिन कार्यकर्ताओं ने विधानसभा चुनाव में मेरे लिए काम किया था, उसमें से किसी को भी टिकट नहीं दिया गया है। म्हात्रे के बेटे



निलेश ने कहा कि मेरे कार्यकर्ताओं को टिकट नहीं दिया गया है। ऐसे में मैं चुनाव लड़कर क्या करूंगा? अगर मैं चुनाव लड़ूंगा, तो कार्यकर्ताओं में गलत से संदेश जाएगा कि हमने सिर्फ अपने परिवार का विचार किया और उन्हें ऐन मौके पर छोड़ दिया। इसलिए मैंने टिकट वापस कर दिया है। पार्टी के लिए काम करता रहूंगा।

### BJP में शामिल और NCP से लड़ रहे मयूर शिंदे

■ **NBT न्यूज, ठाणे:** मकोका और तड़ीपार की कार्रवाई झेल रहे मयूर शिंदे पिछले सप्ताह ठाणे BJP में शामिल हुए थे। लेकिन पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया। टिकट की आस में उन्होंने उद्धव ठाकरे शिवसेना का दरवाजा खटखटाया, लेकिन वहां दाल नहीं गली। आखिरकार, मंगलवार को NCP (AP) ने शिंदे को उम्मीदवारी दी और उन्होंने पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन भरा। शिंदे के खिलाफ भांडुप पुलिस में हत्या, हत्या की कोशिश, पुलिसकर्मी के साथ मारपीट, हफ्तावसूली, अपहरण और दंगा भड़काने का मामला दर्ज है।

# 17 उम्मीदवार नहीं दाखिल नहीं कर पाए पर्चा, लगे आरोप



■ **NBT न्यूज, मुंबई:** बीएमसी चुनाव में मंगलवार को नामांकन का आखिरी दिन होने के बावजूद कई दलों के 17 उम्मीदवार आवेदन नहीं कर पाए हैं। पार्टियों से एबी फॉर्म मिलने के बावजूद इन उम्मीदवारों को पर्चा भरने का मौका नहीं मिला। आम आदमी पार्टी (AAP) ने इसे चुनावी नियमों का उल्लंघन बताते हुए चुनाव निर्णय अधिकारी (आरओ) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरओ ने इन आरोपों का खंडन किया है। आप का दावा है कि जिन उम्मीदवारों के पर्चे नहीं भरे जा सके, वे सभी शाम 5 बजे की तय समय-सीमा से पहले नामांकन केंद्र के परिसर में पहुंच गए थे। इसके बावजूद उन्हें आरओ के चेंबर में प्रवेश नहीं दिया गया, जिससे वे पर्चा दाखिल नहीं कर सके। मुंबई आप के कार्यकारी अध्यक्ष रुबेन मास्करेनहास ने कहा कि चुनाव के नियमों के अनुसार, जो उम्मीदवार समय-सीमा से पहले नामांकन केंद्र में पहुंच जाते हैं, उनका पर्चा स्वीकार करना आरओ की जिम्मेदारी होती है। ऐसे मामलों में क्रमवार सभी उम्मीदवारों के नामांकन लिए जाने चाहिए थे।

**AAP ने RO पर लगाए नियम उल्लंघन के आरोप**

वहीं, वार्ड ए, बी और ई के रिटर्निंग ऑफिसर कृष्णा जाधव ने आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि गाइडलाइन के मुताबिक, सिर्फ वही उम्मीदवार पर्चा दाखिल कर सकता है, जो शाम 5 बजे तक आरओ के चेंबर में मौजूद हो। अगर कोई उम्मीदवार तय समय तक चेंबर में प्रवेश नहीं कर पाता है, तो उसे अनुमति नहीं दी जा सकती।

# आख़िरी दिन सभी दलों में दल-बदल और बगावत

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** 30 दिसंबर को नामांकन भरने के आखिरी दिन मुंबई की राजनीति में काफी उथल-पुथल देखा गया। कुछ ने पार्टी से टिकट न मिलने से नाराज होकर निर्दलीय पर्चा दाखिल किया तो कुछ ने टिकट न मिलता देख बिना देर किए पार्टी बदलकर उम्मीदवारी भरी। बीजेपी, कांग्रेस, शिंदे सेना, उद्धव गुट, मनसे, सपा सहित लगभग सभी दलों में दल बदल और बगावत देखी गई।

भिवंडी से सपा विधायक रईस शेख के पीए वकार खान को पार्टी ने मायखला से टिकट नहीं दिया तो उसने कांग्रेस में प्रवेश कर लिया



और अंतिम समय में प्रभाग 211 से फॉर्म भरा। माटुंगा में बीजेपी की नेहल शाह को टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया। बीजेपी ने यह सीट कार्पोरेशन जैसल कोठारी को दी है। नेहल शाह ने कहा कि वह बीजेपी की विचारधारा में विश्वास रखती हैं, लेकिन मतदाताओं की मांग के चलते उन्होंने निर्दलीय नामांकन दाखिल किया। दादर में मनसे उम्मीदवार यशवंत किल्लेदार को टिकट मिलने के बाद शिवसेना (UBT) की पूर्व नगरसेविका प्रीति पाटणकर को टिकट नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में प्रवेश कर लिया और वहां से टिकट हासिल कर लिया। भांडुप में प्रभाग नंबर 114 की पूर्व मनसे नगरसेविका अनीशा माजगांवकर ने टिकट न मिलने पर बगावत कर दी और निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया।

# कोई ऐंबुलेंस से पहुंचा पर्चा भरने, तो किसी को आया अटैक

## NCP (AP) की उम्मीदवार कुकर फटने से हो गई जख्मी

■ **NBT न्यूज, ठाणे:** मंगलवार को नामांकन भरने के अंतिम दिन कई प्रकार के रंग देखने को मिले। NCP (AP) ने प्रभाग 26 के मुंब्रा शैलेश नगर से संगीता दवने को उम्मीदवार बनाया है। सोमवार को घर में खाना बनाते समय कुकर फट गया और घटना में संगीता दवने जख्मी हो गईं। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। मंगलवार को दवने को ऐंबुलेंस में प्रभाग समिति कार्यालय में लाया गया। दवने व्हील चेयर के जरिए कार्यालय में पहुंचीं और अपना पर्चा दाखिल किया। 2017 में दवने ने इसी प्रभाग से चुनाव लड़ा था और उनका मुकाबला कांग्रेस की दीपाली भगत से हुआ था। दवने को 5550 और दीपाली भगत को 6425 मत मिले। भगत विजयी हुई थीं।



### बेटी को टिकट न मिलने पर आया अटैक, अस्पताल में भर्ती

■ **अमित तिवारी, मीरा-भाईंदर:** बीजेपी की पूर्व महिला जिलाध्यक्ष वनीता शंकर बने को पार्टी से टिकट न मिलने के सदमे में सोमवार रात माइनर अटैक आ गया। फिलहाल उनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है और डॉक्टरों की निगरानी में उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। वनीता बने तीन बार महिला जिलाध्यक्ष रह चुकी हैं। बताया जा रहा है कि वनीता बने ने मनपा चुनाव के लिए अपनी बेटी श्रद्धा बने के लिए प्रभाग 20 से टिकट की मांग की थी। सोमवार रात जब उन्हें यह जानकारी मिली कि टिकट नहीं मिला है, तो उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।



### NCP जॉइन की, पर्चा भरा BSP से

■ **NBT न्यूज, ठाणे:** नामांकन के आखिरी दिन मंगलवार को ठाणे शहर में एक नेत्री बेटे संग एक पार्टी छोड़ दूसरी में गई और तीसरी पार्टी से उन्होंने पर्चा भर दिया। वागले इस्टेट के इंदिरा नगर परिसर से राजकुमार यादव BJP के सिटिंग नगरसेवक थे। इससे पहले उनकी मां केवला देवी और उनके पिता रामनयन यादव यहीं से साल 1992 से लगातार नगरसेवक रहे। BJP ने राजकुमार और उनकी मां को टिकट नहीं दिया। नाराज राजकुमार ने अपनी मां केवला देवी सहित अजित पवार की NCP का दामन थाम लिया। NCP ने राजकुमार की मां को उम्मीदवार बनाया और A व B फॉर्म दे दिए। लेकिन कुछ समय बाद केवला देवी यादव BSP में शामिल हो गईं और BSP के उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया। राजकुमार ने बताया कि स्थानीय कार्यकर्ताओं की मांग पर उनकी मां ने BSP से पर्चा भरा है।

**BJP ने काटा उत्तर भारतीय मां-बेटे का टिकट**

# मुंबई के लिए 'केजरीवाल की दिल्ली मॉडल गारंटी'

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** आम आदमी पार्टी ने बीएमसी चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी कर दिया। आप के घोषणा पत्र दिल्ली और पंजाब के सफल शासन मॉडल पर आधारित है। इसे 'केजरीवाल की गारंटी' नाम दिया गया है। इसमें विश्व स्तरीय शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा का वादा और बीस हजार लीटर तक मुफ्त पानी का वादा शामिल है।

आप का घोषणा पत्र जारी करते हुए दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि मुंबई अपनी अपार संपत्ति के बावजूद शहरीकरण का एक बदसूरत, गंदा और असुरक्षित चेहरा बन गई है। मुंबई अध्यक्ष प्रीति शर्मा मेनन ने कहा कि आज कोई नहीं जानता कि किस पार्टी का किसके साथ गठबंधन है, क्योंकि यह गठबंधनों की एक 'खिचड़ी' बन चुकी है। हमने उन युवाओं को मौका दिया है, जिनका सार्वजनिक कार्यों का रिकॉर्ड रहा है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 31-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP3 User: cci Time: 12-30-2025 23:59 Color:



## फटाफट खबरें

### बस की टक्कर से बैंककर्मी की मौत

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मालाड के वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे पर बस की टक्कर से एक बैंककर्मी की मौत हो गई। मृतक धवल राजपूत चारकोप में रहता था। पुलिस ने बताया कि धवल बाइक से अंधेरी स्थित ऑफिस से घर जा रहा था। इस दौरान हाइवे पर एक निजी बस चालक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी।

### STA जांच में ओला-उबर-रैपिडो दोषी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: एमएमआर में बाइक टैक्सी सेवाओं की एसटीए जांच में ओला, उबर और रैपिडो नियम उल्लंघन के दोषी पाए गए हैं। जांच में गैर-इलेक्ट्रिक बाइक, निजी रजिस्ट्रेशन, तय दर से अधिक किराया, 15 किमी सीमा उल्लंघन और बिना पुलिस जांच राइडर्स की तैनाती सामने आई। अब तक 863 बाइक टैक्सियों पर जुर्माना और 16 पुलिस मामले दर्ज हुए हैं। चुनाव के बाद फैसला लिया जाएगा।

### तीसरी-चौथी रेलवे लाइन को मंजूरी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: रेल मंत्रालय ने बदलापुर–कर्जत खंड पर तीसरी-चौथी रेल लाइन को मंजूरी दी है। राज्य सरकार की सहमति के बाद MMRDA भूमि अधिग्रहण और एमआरवीसी 32.46 किमी लंबे कॉरिडोर पर काम करेगी। प्रोजेक्ट में बदलापुर, वांगणी, शेलु, नेरल, भिवपुरी रोड, कर्जत स्टेशन शामिल हैं।

# उलटे पैर आए 'लाल प्रेत' ने किया 'मौत का तांडव'

## भांडुप हादसा: राजेश ने एनबीटी को बताया आंखों देखा हाल

Priya.Pandey@TimesofIndia.com

■ मुंबई: सोमवार रात भांडुप में हुए बेस्ट बस हादसे को देखने वालों ने आज दिल दहलाने वाले खुलासे किए। 'लाल प्रेत' बन चुकी बेस्ट की इस बस ने कई लोगों को कुचल दिया था। 4 की मौत हो गई। हादसास्थल पर गन्ने के जूस की दुकान में काम करने वाले राजेश राम ने **एनबीटी** को बताया कि हर दिन की तरह सोमवार शाम भी लोग बस की लाइन में खड़े थे। यहां सड़क संकरी होने से सभी लोग, फुटपाथ पर ही लाइन लगाते हैं। हादसे वाली रात लाइन दुकान तक आ गई थी, लेकिन अचानक लोग भागते दिखे। हम बाहर झांकने लगे। देखा तो बस रिवर्स लेने के दौरान अपना आपा खो देती है और फुटपाथ पर चढ़ जाती है। इस वजह से फुटपाथ पर मौजूद बिजली का पोल भी टूट गया और 10 से 15 लोग बस की चपेट में आ गए। बता दें कि हमारी दुकान के सामने ही बस के ड्राइवर बस को मोड़ते हैं।

**मंगलवार को हादसा टला**

मंगलवार को भी एक आदमी और बस ड्राइवर के बीच झगड़ा हो गया। क्योंकि गाड़ी मोड़ने के दौरान फुटपाथ के कोने में खड़े एक आदमी को बस छूकर निकल गई। आदमी का नाम अनिरुद्ध तिवारी था। उन्होंने बताया कि गाड़ी उन्हें जोर से छूकर निकली, जिस वजह से काफी देर तक उनका हाथ झनझनाता रहा। मौके पर बस ड्राइवर के साथ उनकी बहस हो गई।


Sanjay Hadkar



सोमवार रात भांडुप में यही हादसा हुआ था। संकरी सड़क होने के चलते मंगलवार को भी बस मोड़ते समय कुछ ऐसा मंजर देखने को मिला।

**अप्रैल से सितंबर**

- बेस्ट बस हादसे में हुए मौत- 14
- घायल -33
- पिछले साल की तुलना में इस साल 43% बढ़े एक्सीडेंट
- भांडुप स्टेशन फुटफॉल - 115540





### फेरीवाले भी है समस्या

जगह पर जा कर देखा गया कि भांडुप स्टेशन के बाहर बेस्ट बस को मुड़ने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। अनुभवी ड्राइवर ही इस काम को अच्छी तरह से पूरा कर पाते हैं। इसी के साथ ही फुटपाथ की भी स्थिति खराब है। वहां फेरीवाले बैठे रहते हैं, जबकि यह जगह नो हॉकर जोन है। समय के साथ यहां की आबादी बढ़ गई है, लेकिन बदलाव नहीं किए गए हैं। इसी के साथ ही बगल में ही शेयरिंग ऑटो स्टैंड भी है।

दिसंबर 2024 में हुए कुर्ला बस हादसे के बाद ड्राइवरों को लिए ट्रेनिंग, डिपो पर ब्रेथलाइजर का इस्तेमाल, स्पीड लिमिट तय करने की योजना जैसी चीजें इम्प्लीमेंट करने की बात कही गई थी, लेकिन इस हादसे के बाद सभी चीजें सामने आ गई हैं।

> "बेस्ट प्रशासन को ऐसे मामले पर कड़े से कड़े नियम लागू करने की जरुरत है, ड्राइवरों की ट्रेनिंग सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है-
> रवि राजा, बीजेपी नेता

### तीन वाहन भिड़े, एक व्यक्ति घायल

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: दक्षिण मुंबई के कोस्टल रोड पर मंगलवार सुबह तीन वाहनों की आपस में टक्कर हो गई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हुआ, जबकि तीन गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे के चलते कुछ समय के लिए ट्रैफिक प्रभावित रहा। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, दुर्घटना वर्ली स्थित नमन बिल्डिंग के पास उत्तरी दिशा की लेन में उस समय हुई, जब एक ड्राइवर ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। इसके बाद एक मर्सिडीज कार और दो टैक्सियां आपस में टकरा गईं।

हादसे में एक टैक्सी चालक को मामूली चोटें आईं, जबकि मर्सिडीज कार में सवार एक यात्री के बाएं कंधे में चोट लगी, जिसे इलाज के लिए ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया।




## नए साल के जश्न के दौरान ज्यादा नशा होने पर ग्राहकों को किया जाएगा अलर्ट

### होटल असोसिएशन ने की पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने की अपील

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: नए साल के जश्न में खलल न पड़े, होटल कारोबारियों ने इसकी तैयारी कर ली है। होटल असोसिएशन ने पार्टी में बहुत ज्यादा शराब न परोसने का निर्णय लिया है। साथ ही असोसिएशन ने ग्राहकों से यथासंभव पब्लिक ट्रांसपोर्ट के इस्तेमाल की अपील की है। हालांकि कई होटलों ने ग्राहकों ड्राइवर देने की सुविधा उपलब्ध कराई है।

एचआरएडब्ल्यूआई के प्रवक्ता प्रदीप शेट्टी के मुताबिक, 31 दिसंबर की रात सरकार ने सुबह 5 बजे तक होटल शुरू रखने की अनुमति दी है। पार्टी में पूर्व सूचना के साथ आने वाले ग्राहकों के लिए होटलों की तरफ से पिक और ड्रॉप की सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही गाड़ियों से आने वाले ग्राहकों को पार्टी के बाद घर लौटने के लिए ड्राइवर सेवा भी उपलब्ध होगी। साथ ही पार्टी के बाद अपनी गाड़ी छोड़कर अन्य साधन से घर जाने वाले ग्राहकों को पार्किंग की सुविधा दी जाएगी।

AI Image



**रातभर चलेगी मेट्रो**

रात भर चलने वाले नए साल के जश्न को देखते हुए मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) ने 31 दिसंबर को रातभर मेट्रो-3 का संचालन करने का निर्णय लिया है। आम तौर पर आरे से कोलाबा के बीच रात 10:30 बजे बाद मेट्रो सेवा बंद कर दी जाती है। मेट्रो-1 प्रशासन ने रात 2:40 तक मेट्रो चलाने का ऐलान किया है। घाटकोपर से रात 2:40 बजे और वर्सोवा से रात 2:14 बजे आखिरी मेट्रो रवाना होगी। नए साल पर मुंबई में दूर-दूर से लोग पार्टी करने और जश्न मनाने आते हैं।

## सिद्धिविनायक मंदिर में महापूजा से नए वर्ष का किया जाएगा शुभारंभ

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: प्रभादेवी स्थित श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर में नववर्ष का स्वागत धार्मिक अनुष्ठानों से होगा। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट की ओर से 'श्री' की महापूजा, नैवेद्य, आरती और दर्शन का विशेष कार्यक्रम तय किया गया है। भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए दर्शन समय, प्रवेश-निकास मार्ग, सुरक्षा, चिकित्सा और यातायात की व्यवस्थाएं की गई हैं।

ट्रस्ट के अनुसार, नए साल के पहले दिन तड़के 3.15 बजे से 5.15 बजे तक 'श्री' की महापूजा, नैवेद्य और आरती संपन्न होगी। सुबह 5.30 से 6.00 बजे तक काकड़ आरती होगी। सुबह 6.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक दर्शन के लिए मंदिर खुले रहेंगे। दोपहर 12.00 से 12.30 बजे तक नैवेद्य



होगा। दोपहर 12.30 से शाम 7.00 बजे तक पुनः दर्शन, शाम 7.00 बजे धूप आरती और रात 7.30 से 8.00 बजे तक आरती होगी। पुरुषों और महिलाओं की अलग-अलग कतारों हेतु मंडप लगाए जाएंगे। जूते-चप्पल रखने की निशुल्क व्यवस्था, पीने का पानी, दूध-चाय, टॉयलेट, पंखे और रोशनी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों, गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के साथ आने वालों के लिए अलग कतार रखी गई है।

**सुरक्षा पर विशेष जोर**

सीसीटीवी, बैगेज स्कैनर, मेटल डिटेक्टर, वॉकी-टॉकी, फायर इंजन, फायर मार्शल और अग्निशमन उपकरण तैनात किए जाएंगे। मंदिर परिसर में मेडिकल टीम और दो एंबुलेंस होंगी। ट्रस्ट की ओर से सिद्धिविनायक फेसबुक प्लेटफॉर्म पर लाइव दर्शन का प्रसारण किया जाएगा। मेट्रो लाइन-3 (एक्वा लाइन) का लाभ भक्त उठा सकेंगे, जबकि ट्रस्ट की ओर से दादर से रविंद्र नाट्य मंदिर मार्ग पर 20 वातानुकूलित बसों की निशुल्क सेवा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

## भांडुप बस हादसे में दो नर्सों की मौत

Suraj.Pandey@timesofindia.com

■ मुंबई: : मरीजों की सेवा कर घर लौट रही दो नर्सों की सोमवार रात भांडुप में हुए बस हादसे में मौत हो गई। सायन अस्पताल की नर्स मानसी गुरव और टाटा मेमोरियल अस्पताल की नर्स वर्षा सावंत की दुर्घटना में जान चली गई। वहीं, सायन अस्पताल में भर्ती घायल अब भी सदमे में हैं, यह जानकारी परिजनों ने दी।

सायन अस्पताल के एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मानसी गुरव पिछले 20 वर्षों से सायन अस्पताल में कार्यरत थीं। वह सीनियर स्टाफ नर्स थीं और ड्यूटी पूरी कर घर लौट रही थीं, तभी हादसा हुआ। वर्षा सावंत पहले सायन अस्पताल में कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर नर्स थीं। उन्होंने वहां करीब डेढ़ वर्ष एमआईसीयू में सेवा दी थी और एक से डेढ़ महीने पहले ही टाटा मेमोरियल अस्पताल जॉइन किया था।





**फेरीवालों को हटाने की मांग:** परिजनों का कहना है कि जहां हादसा हुआ, वहां सड़क बहुत हद तक संकरी है। उन्होंने मांग की है कि ऐसे इलाकों में छोटी बसें चलाई जाएं। अगर बड़ी बसें चलानी हैं तो वहां से फेरीवालों को हटाया जाना चाहिए।

**'ऐसा लगा जैसे ऊपर से कुछ गुजर गया'**

हादसे में गंभीर रूप से घायल शीतल आलवे का इलाज सायन अस्पताल में चल रहा है। पति प्रकाश आलवे ने बताया कि शीतल डी-मार्ट के ऑनलाइन सेक्शन में काम करती है। हादसे के दिन वह कांजुरमार्ग में सेकंड शिफ्ट पूरी कर भांडुप स्टेशन पर ट्रेन से उतरी थीं। बस का इंतजार कर रही थीं। हादसे से कुछ देर पहले शीतल का फोन आया था, लेकिन बाद में किसी अन्य व्यक्ति ने फोन कर घायल होने की सूचना दी। शीतल ने बताया कि उन्हें ऐसा लगा जैसे उनके ऊपर से कुछ गुजर गया। बस की चपेट में आने से उनकी कमर में फ्रैक्चर हुआ है, जबकि बाएं कंधे और सीने में चोट लगी है। उनकी हालत स्थिर है।

## प्रणीता ने खुद की जान गंवाकर बचाई बेटी की जान

Pankaj.Pandey@timesofindia.com

■ मुंबई : प्रणीता संदीप रासम चाहती थीं कि उनकी बेटी बड़ी ऐक्ट्रेस बने। 12 साल की बेटी के सपने को उन्होंने अपना सपना बना लिया था। लंबे समय से वे कोशिश कर रही थीं कि उनकी बेटी को किसी टीवी सीरियल में काम मिल जाए। वे गांव में थीं, जब उन्हें खबर मिली कि उनकी बेटी को एक सीरियल में काम मिल गया है। खुशी में डूबी वे बेटी को लेकर मुंबई लौट आईं। पहले ही दिन प्रणीता बेटी की शूटिंग से घर लौट रही थीं कि बेस्ट के 'बिगड़ैल लाल प्रेत' ने टक्कर मार दी। उनके पास इतना वक्त नहीं था कि वे बेटी को लेकर वहां से हट सकें। वे चाहतीं तो अपनी जान बचा सकती थीं, लेकिन उन्होंने बेटी को धक्का देकर खतरे से बाहर निकाल दिया और खुद मौत को गले लगा लिया। यह कहानी उस मां की है, जिसने सोमवार देर रात भांडुप में बेस्ट बस हादसे में अपनी जान गंवा दी।



अमोद करंजे के अनुसार, प्रणीता कुछ दिन पहले तक अपने बच्चों के साथ गांव (कणकवली) में थीं। बेटी को मराठी सीरियल में काम करने का मौका मिलने का कॉल आने के बाद एक दिन पहले ही प्रणीता मुंबई आई थीं। सीरियल की शूटिंग गोरेगांव स्थित फिल्म सिटी में हो रही थी। गोरेगांव से भांडुप आने के बाद घर की ओर जाने वाली बस के इंतजार में वे बेटी के साथ बस की लाइन में खड़ी थीं। अमोद के मुताबिक, बस को तेजी से अपनी तरफ बढ़ती देख प्रणीता ने बेटी को धक्का देकर अपने से अलग कर उसकी जान बचाई। प्रणीता का पांच साल का बेटा भी है।

## BJP पदाधिकारियों की उत्तर-पूर्व मुंबई में बगावत



प्रभाग क्रमांक 131 से बीजेपी से टिकट न मिलने के बाद धनश्री बागल ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पर्चा भरा।

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: टिकट बंटवारे की तस्वीर साफ होने के साथ ही मंगलवार को उत्तर-पूर्व मुंबई में सबसे ज्यादा बीजेपी पदाधिकारियों का बगावती तेवर उभर कर सामने आया। हाल ही में एनसीपी छोड़कर बीजेपी में शामिल हुईं राखी जाधव के खिलाफ अब तक बीजेपी में रहे अजय बागल खुलकर सामने आए। घाटकोपर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष रहे बागल की पत्नी धनश्री ने निर्दलीय कैंडिडेट के तौर पर नामांकन भरा।

बागल ने कहा कि वे लंबे समय से पार्टी से जुड़े थे, लेकिन जब टिकट की बारी आई तो दूसरी पार्टी के कैंडिडेट को चुना गया। यह मेरे असंतोष का कारण बना है। इसलिए पार्टी से अलग होकर मैंने पत्नी को प्रभाग क्रमांक 131 से चुनाव मैदान में उतारा है। इलाके में जाधव को टिकट देने से बीजेपी कार्यकर्ताओं में असंतोष दिख रहा है। बागल ने कहा कि जिस तरह से हमने पंतनगर, लक्ष्मी नगर, शास्त्री नगर इलाकों में काम किया है, निश्चित तौर पर हमें मतदाताओं का सहयोग मिलेगा। वहीं मुलुंड में प्रभाग क्रमांक 104 से टिकट न मिलने के बाद बीजेपी में 30 सालों से जुड़े मनीष तिवारी की नाराजगी भी खुलकर सामने आई है।



मनीष तिवारी

हालांकि उन्होंने नामांकन नहीं भरा, लेकिन पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। मुलुंड विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष रहे तिवारी ने एनबीटी से बातचीत में कहा कि आखिर कब तक बीजेपी के कार्यकर्ता अन्याय का सामना करेंगे। लंबे समय बाद यह प्रभाग ओपन कैंडिडेट के लिए रिजर्व हुआ था। इसके बावजूद यहां से 73 वर्षीय प्रकाश गंगाधरे (ओबीसी) को टिकट दिया गया है। यह पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं का अनादर है।

मुलुंड विधान सभा के क्षेत्र के प्रकाश मोटे ने भी टिकट न मिलने पर नाराजगी जाहिर की है। बीजेपी के अलावा कांग्रेस पार्टी में लंबे समय तक सक्रिय रहे महादेव माने ने भी प्रभाग क्रमांक 125 से निर्दलीय तौर पर पर्चा भरा है। यहीं से महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना से टिकट न मिलने से नारायण अर्जुन मोरे ने भी निर्दलीय के तौर पर पर्चा भरा है। यहां से शिंदे सेना से सुरेश आंबले को टिकट दिया गया है।

## BJP, कांग्रेस, UBT, मनसे ने भी हिंदीभाषियों को दिया टिकट

### करीब 36 लाख हिंदीभाषी चुनाव में होंगे निर्णायक

Brijesh.Tripathi@timesofindia.com

■ मुंबई : बीएमसी चुनाव में मुंबई में लगभग 20 लाख उत्तर भारतीय और 16 लाख से अधिक गुजराती-राजस्थानी वोटर हैं। यानी हिंदीभाषी वोटर निर्णायक भूमिका निभाएंगे। इन्हें अपने पक्ष में करने के लिए लगभग सभी दलों ने टिकट दिया है। बीएमसी चुनाव में 137 सीटों पर लड़ रही बीजेपी ने 21 हिंदीभाषियों को टिकट दिया है। इनमें 14 उत्तर भारतीय हैं। वहीं कांग्रेस ने 36 से अधिक हिंदीभाषियों को कैंडिडेट बनाया है। SP ने 90 से ज्यादा हिंदीभाषियों को उम्मीदवारी दी है। साथ ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने बीएमसी चुनाव लड़ रहे हिंदीभाषी निर्दलीय उम्मीदवारों को खुला समर्थन दिया है। एनसीपी अजित पवार गुट ने 9 हिंदीभाषियों को टिकट दिया है। शिंदे सेना ने भी कई हिंदीभाषियों को अपना उम्मीदवार बनाया है। राज ठाकरे की मनसे ने 6 गैरमराठी उम्मीदवारों को टिकट दिया है, जबकि उद्धव ठाकरे ने 8 गैरमराठियों को टिकट दिया है। शरद पवार की एनसीपी, रामदास आठवले की आरपीआई, महादेव जानकर की राष्ट्रीय समाज पक्ष, एमआईएम ने भी हिंदीभाषियों को उम्मीदवार बनाया है।

**सभी दलों की संतुलन साधने की कोशिश**

बीएमसी चुनाव में उम्मीदवारों का चयन करते समय सभी दलों ने जातीय, भाषाई समीकरण साधने की कोशिश की है। इसका मकसद मराठी, अल्पसंख्यक, ओबीसी, एससी, एसटी और हिंदी भाषी वोटरों के बीच बैलेंस बनाए रखना है। मुंबई बीजेपी के महासचिव आचार्य पवन त्रिपाठी कहते हैं कि शिंदे सेना के साथ महायुति में लड़ रही बीजेपी ने 137 में से 21 हिंदीभाषियों को टिकट दिया है, यह काफी अच्छा है। 2017 के अनुपात में इस बार हिंदीभाषी उम्मीदवारों का प्रतिशत ज्यादा है। 2014 से पहले उत्तर भारतीय कांग्रेस का कोर वोटर था। कांग्रेस अपने कोर वोटर की तरफ लौटने का प्रयास कर रही है। मुंबई कांग्रेस उत्तर भारतीय सेल के अध्यक्ष अवनीश सिंह ने कहा कि हम चुनाव से पहले ही उत्तर भारतीयों को जोड़ने में लगे हैं। पार्टी ने बड़े पैमाने पर हिंदीभाषियों को टिकट दिया है।

**उद्धव सेना ने 8, मनसे ने 6 को दिया टिकट**

कट्टर मराठी माणुस की राजनीति करने वाली उद्धव ठाकरे की शिवसेना और राज ठाकरे की मनसे ने गैरमराठियों को भी बीएमसी चुनाव में अपनी पार्टी का टिकट दिया है। 227 में से 165 सीट पर लड़ रही उद्धव सेना ने बीएमसी चुनाव में 8 गैरमराठियों को मैदान में उतारा है, जबकि 52 सीटों पर लड़ रही मनसे ने 6 गैरमराठी को उम्मीदवार बनाया है। मनसे और उद्धव सेना के गठबंधन के दौरान दोनों भाइयों ने कहा था कि वह मराठियों के हित के मुद्दे पर चुनाव लड़ेंगे। मनसे और उद्धव सेना के गठबंधन की घोषणा करते हुए ठाकरे बंधुओं ने कहा था कि मुंबई का महापौर सिर्फ मराठी बनेगा, लेकिन टिकट देते समय सीट जीतने के गणित को ध्यान में रखते हुए गैरमराठियों को टिकट देने में जरा भी संकोच नहीं किया है।

## टैक्सी-वे M चालू, उड़ानें कम होंगी लेट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनैशनल एयरपोर्ट ने टैक्सी-वे M चालू कर दिया है। यह बड़ा एयरसाइड इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड है, जिसे दुनिया के सबसे बिजी सिंगल-रनवे एयरपोर्ट में से एक पर एयरसाइड एफिशिएंसी और ऑपरेशनल रेजिलिएंस को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। CSMIA रोज औसतन 950 एयरक्राफ्ट ट्रैफिक मूवमेंट (ATM) को हैंडल करता है, जिसे पहले एक सिंगल पैरेलल टैक्सी ट्रैक (PTT) N–N1 से सपोर्ट मिलता था।

25 दिसंबर से शुरू हुआ टैक्सी-वे M एरोनॉटिकल इन्फॉर्मेशन रेगुलेशन ऐंड कंट्रोल (AIRAC) साइकल से अलाइन था। नया पैरेलल टैक्सीवे M ज्यादा बेहतर डिपार्चर सीक्वेंसिंग को मुमकिन बनाकर ऑपरेशनल फायदे देता है, जिससे एयरक्राफ्ट रनवे पर जल्दी आ सकते हैं और टेक-ऑफ कर सकते हैं। टेक-ऑफ क्लीयरेंस का इंतजार करते समय एयरक्राफ्ट टैक्सी-वे पर लाइन में लग सकते हैं। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को एयरसाइड ट्रैफिक फ्लो मैनेज करने में आसानी रहती है। मेंटेनेंस या अचानक आने वाली रुकावटों के दौरान दूसरा रूटिंग ऑप्शन भी देता है, जिससे ऑपरेशनल मजबूती बढ़ती है।

## 3 लाख का कर्ज नहीं चुका पाई तो कर दिया मर्डर




■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: उधारी के तीन लाख रुपये के लिए 41 वर्षीय एक महिला अमीना सिद्दीकी की 42 वर्षीय पड़ोसी ऑटोचालक ने कथित तौर पर चाकू से हमला कर हत्या कर दी और लाश को झाड़ी में छिपा कर फरार हो गया था। जोन 7 के डीसीपी हेमराज सिंह राजपूत ने बताया कि पंतनगर पुलिस की सीनियर पीआई लता सुतार के मार्गदर्शन में अमीना की मिसिंग का केस दर्ज कर जब खोजबीन शुरू हुई तो लाश कामराज नगर स्थित सड़क किनारे मिली थी। 15 टीमें बनाकर केस की जांच शुरू हुई और सीसीटीवी फुटेज के आधार अमीना के पड़ोसी इरफान अंसारी (42) को सोमवार रात पूछताछ के लिए उठाया गया। उसने गुनाह कबूलते हुए कहा कि उसकी पत्नी ने अमीना सिद्दीकी को 3 लाख उधार दिए थे। अमीना उसे वापस नहीं कर रही थी। मांगने पर गाली-गलौज करती थी। इसके चलते उसने साजिशन अमीना की हत्या कर दी। इरफान पुलिस हिरासत में है।

## चुनावी हिंसा में पूर्व MLA के बेटे को अंतरिम राहत

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: राज्य सरकार ने बॉम्बे हाई कोर्ट को आश्वस्त किया है कि पूर्व विधायक माणिक जगताप के बेटे और एनसीपी (अजित गुट) के नेता श्रीयांस के खिलाफ 5 जनवरी, 2026 तक कड़ी कार्रवाई नहीं की जाएगी। श्रीयांस के खिलाफ बीते महाड नगरपरिषद चुनाव में विरोधी गुट के उम्मीदवार के बीच हुई हिंसक झड़प को लेकर रायगड के महाड सिटी पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था।

■ चुनावी हिंसा पूर्व MLA के बेटे को अंतरिम राहत

गिरफ्तारी की आशंका को देखते हुए श्रीयांस ने अग्रिम जमानत अर्जी दायर की थी। अदालत ने याचिका पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान सरकारी वकील ने कोर्ट में कहा कि उन्हें मामले में निर्देश लेने के लिए समय दिया जाए। अगली सुनवाई तक आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की जाएगी।

## कुर्ला: एक प्रभाग में महायुति के दो उम्मीदवार

### कहीं इस्तीफा, तो कहीं नाराजगी, जमकर लगे एक-दूसरे पर आरोप

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: कुर्ला प्रभाग नंबर 168 से बीजेपी ने आदित्य पानसे को टिकट दिया। उन्होंने नामांकन भी भर दिया। लेकिन इससे पहले ही वहां से शिंदे सेना की डॉ. अनुराधा पेडणेकर ने निर्दलीय नामांकन भर दिया। इसके बाद डॉ. पेडणेकर को बीजेपी ने अपना अधिकृत उम्मीदवार घोषित कर पानसे को नाम वापस लेने के लिए कहा, लेकिन पानसे ने नामांकन वापस नहीं लिया, जिससे वहां माहौल गरम हो गया। अब इंतजार किया जा रहा है कि आखिर कौन होगा बीजेपी का अधिकृत उम्मीदवार होगा।

प्रभाग 3 में कांग्रेस में घमासान

दहिसर के प्रभाग नंबर तीन में कांग्रेस बहुत ही अच्छी स्थिति में थी। वहां पर अभय चौबे और चौथी प्रसाद गुप्ता मुख्य दावेदार थे। लेकिन कांग्रेस ने प्रदीप चौबे को टिकट दे दिया। अब प्रदीप चौबे को कांग्रेस के नेता तलाश कर रहे हैं और पूछ रहे हैं कि आखिर कौन है यह प्रदीप चौबे? चर्चा है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के करीबी व मुंबई प्रभारी यूबी वेंकटेश ने अपने चहेते को टिकट दिया। इधर, चौथी प्रसाद गुप्ता ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है और समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया। सपा ने गुप्ता को अपना अधिकृत उम्मीदवार घोषित कर दिया। अब कांग्रेस के नेता गुप्ता के पीछे निकल पड़े हैं और सपा की साइकिल की सवारी कर ली है।

AI Image



**टिकट के लिए 20 पेटी मांगने का आरोप**

गोरेगांव के प्रभाग नंबर 58 से कांग्रेस के मनोज यादव को पार्टी ने टिकट नहीं दिया। नाराज यादव ने इस्तीफा दे दिया। कई वर्षों तक कांग्रेस गोरेगांव तालुका के अध्यक्ष रह चुके मनोज ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर मुंबई कांग्रेस पर भाई भतीजावाद का आरोप लगाया। उन्होंने मुंबई अध्यक्ष वर्षा गायकवाड व पूर्व मंत्री असलम शेख पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने एक पूर्व मंत्री के रिश्तेदार पर टिकट के लिए 20 लाख रुपये मांगने का आरोप लगाया है।


## 800 करोड़ के 1600 किलो ड्रग्स हुए जब्त, 1386 गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: ड्रग्स मुक्त मुंबई अभियान के तहत मुंबई पुलिस ने वर्षभर में करीब 1600 किलो मादक पदार्थ जब्त कर नशे के कारोबार को बड़ा झटका दिया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इन ड्रग्स की कीमत लगभग 800 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस दौरान 1096 मामलों में 1386 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ केस दर्ज किए गए हैं। यह जानकारी एएनसी के पुलिस उपायुक्त नवनाथ ढवले ने दी।

पुलिस के अनुसार, क्रिसमस और 31 दिसंबर के मद्देनजर दिसंबर माह में ड्रग्स तस्करी बढ़ने की आशंका को देखते हुए सतर्कता बढ़ाई गई थी। इसी महीने में 160 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के ड्रग्स जब्त किए गए और 70 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए।

पुलिस आयुक्त देवेन भारती के नेतृत्व में एंटी नारकोटिक्स सेल ने तस्करों, सप्लायरों और विक्रेताओं की चेन तोड़ने पर जोर दिया। मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में 1096 केस दर्ज किए गए।

AI Image



- ड्रग्स मुक्त मुंबई अभियान के तहत सालभर चली कार्रवाई
- थर्टी फर्स्ट पर पुलिस अलर्ट, तस्करों पर नजर
- दिसंबर में सबसे अधिक कार्रवाई

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 31-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP4 User: cci Time: 12-30-2025 23:50 Color:




# थर्टी फर्स्ट पर ठाणे पुलिस और ट्रैफिक विभाग अलर्ट

## यातायात शाखा के 739 पुलिसकर्मी तैनात

■ NBT न्यूज, ठाणे: थर्टी फर्स्ट की संध्या और नव वर्ष के स्वागत के मद्देनजर ठाणे पुलिस प्रशासन और ट्रैफिक विभाग पूरी तरह से अलर्ट है। मनपा चुनाव और न्यू ईयर की पृष्ठभूमि पर सुरक्षा से जुड़े मामलों को रोकने के लिए पुलिस ने शहर के येऊर हिल, उपवन परिसर, ढाबे, होटल, रिसॉर्ट, फार्म हाउस, हुक्का पार्लर, लाउंज और पब पर पैनी नजर रखी है।

ठाणे ट्रैफिक डीसीपी पंकज शिरसाट ने नागरिकों से अपनी और दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखने की अपील की है। ठाणे पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत ठाणे, कलवा, मुंब्रा, दिवा, कल्याण-डोंबिवली, भिवंडी, उल्हासनगर, बदलापुर और अंबरनाथ शामिल हैं। 54 स्थानों पर नाकाबंदी की गई है और यातायात शाखा के 739 पुलिसकर्मी तैनात हैं।



**पुलिस की अपील, रहें सतर्क**

नियमों का उल्लंघन और ड्रिंक एंड ड्राइव के मामलों पर सतर्क रहने के साथ, मादक पदार्थों पर भी पुलिस की नजर है। आयुक्तालय में कुल 4 हजार से अधिक पुलिस अधिकारी और कर्मचारी तैनात रहेंगे। भीड़भाड़ वाले और संवेदनशील पर निगरानी जारी रहेगी। छेड़छाड़ जैसी घटनाओं पर रोक के लिए निर्भया दस्ते और विशेष शाखा के पुलिसकर्मी नागरिकों के बीच मौजूद रहेंगे।


TIMES interact — To book your ad — Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

**भर्ती**

**रिक्त पद**

GREAT opportunity for seniors & Housewives. Start 2nd innings. Work from home. Attractive Emoluments with PF 94280 33827/ 78742 51184

नालासोपारा, वसई और दहिसर के लिए इमिटेशन ज्वेलरी शॉप और कार्यालय में कार्य के लिए तत्काल महिला की आवश्यकता है, संपर्क करें 9820330660 / 9892330660

GORAI-BORIVALI (WEST) Chemical Company Require 3 Account Assistants, 6 Sales Persons. Call 9820780452.

**भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति**

**अकादमिक**

**सामान्य**

PADUA High School Mankhurd English medium, minority aided institution invites applications for the post of Head Master/Head Mistress on the Secondary Section. Qualification required B.A. / B.Sc. B.Ed. with min. 5 years teaching experience in the Secondary Section in an aided school. The applicant should also have experience in administering an educational institution. Also required One Junior Clerk (H.Sc Commerce, MSCIT) Apply within ten days to The Manager Padua High School Mumbai 400 088.

**शिक्षक**

RAMLINGAM Edu. Fndn Req Teachers for High School & Jr College 1) Eng (BA Bed/ MA BEd), 2) Maths (BA Bed/ MA Bed), 3) Sci (Bsc Bed/Msc Bed),4) PT sir(BPEd), 5)Clerk /Supvr(BA Bed), for Primry (Bed / BA Bed) with 3yrs exp. Walk-in-Int (Original Doc) also mail cv frm 4-10Jan, Btwn 10am-2pm, Limboni Baugh Rd, Dutta Ngr, Govandi 8451904356, 9987901464 / ref@college@gmail.com (nrby candte pref)

**लेखा**

**अकाउंटेंट (लेखाकार)**

REQD. Accountant, B.Com. Min. 10 Yrs. Exp. Computer Savvy, having knowledge of ERP & GST. Location: Chembur. Email CV : kanchannigam@gargi-india.com Gargi Engineering Enterprises Pvt Ltd. Chembur, Mumbai 400074 Tel.: 022 25201596/25201597/25202400

CA office reqs at N. Point. B.Com / Inter C.A Qual staff Having exp. in Audit of Cos. and part. firms. Min 3/4 yrs exp. & knowledge of accounts finalisation & Audit reports classifiedjobs2026@gmail.com

REQ.SOC. MANAGERS part/ full time for societies allover Mumbai. send resume 9082555428

REQD for an investment / insurance adv firm at N. Point. B Com. grads FEMALES with 3-4 yrs Exp in back office of MF invests, Life & Health Insurance. Good knowledge of A/c's, computers & tally. rama.inv.ins@gmail.com

**प्रशासन**

**चपरासी**

WANTED Peon with some experience in office work. Walk-in interview at Office No.1008, Dalamal Tower, 10th floor, Nariman Point, between 10 am to 5 pm

PEON-CUM-DRIVER 12th Pass (High School) Managing day to day affairs of the office, filing etc. Hospitality to staff and visitors, Office cleanliness & Upkeep. Minimum three years driving experience of light motor vehicle, with valid TR driving license. Those who are interested may apply with Bio-data within 15 days to, The Honorary Secretary, Indian Education Society, 1st Floor, Raja Shivaji Vidyasankul, Hindu Colony, Dadar (East) Email ID:- careers@ies.edu Tel. :- 022 2419 8507 / 9653219177

**प्रबंधक**

REQD. Manager for Society in Oshiwara Adarsh CHS Ltd, Opp. Lotus Petrol Pump, Andheri West, Mumbai- 400053. Must be capable of handling administrative, security & other general matters. Knowledge of accounts & computer added advantage. Suitable remuneration for the right candidate. Contact: 9819544100 Email CVs to: rajinder.baggai56@gmail.com

**लीगल**

**कंपनी सचिव(सेक्रेटरी)**

REQUIRED for the post of Company Secretary & Compliance Officer having Exp. 3+ yrs in a Listed Company. Location South Mumbai. Interested Candidates mail Resume with Current & Expected CTC on info@likhamiconsulting.com

**चिकित्सा**

**चिकित्सा**

FEMALE Medical Typist / Transcriptionist with speed 40wpm for Scan Centre Only Whats app details to 8850927330

**तकनीकी**

**इंजीनियर्स**

URG. Fresher / experienced, Computer skilled Mech. Design Engr., development of Plastic & Metal parts. Nr. Andheri St., fluent in English, for Export Co. richard_xus@yahoo.com

REQD Civil Engrs Architects Driver Apply Design Group India 12RNA Arcade Lokhandwala Complex Andheri (W) Mumbai 53 Mob: 8169962503

**अन्य रिक्तियां**

**एकाधिक रिक्तियां**

REQD. for our Navi Mum/ Mum Plant 1) AGM Plant with min 4-5 Yrs Exp. in sheet Metal Ind. 2) HR Asst. 2 pers. with 2 Yrs Experience 3) Prod. Super. /QA Eng. 4) A/c Asst./ B.O staff 4.DME/ME (fresher 10 nos.) Call: 43304212 Email: hr@syndicatewiper.com

**टेंडर और नोटिस**

**सार्वजनिक सूचना (नोटिस)**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public that legal heirs of flat 76 in Vaikunth (Andheri) CHS Ltd., 42, Lallubhai park Road, Andheri - West, Mumbai - 400 058 have lost/misplaced the original Co-operative Housing Society (CHS) Share Certificate bearing the following details:

**CHS Name:** Vaikunth (Andheri) CHS Ltd., **Certificate No.:** 73, **Folio No.:** 76, **Distinctive Nos.:** 16 to 20 shares, **Holder of Share Certificate:** Shailendra J. Anjaria (Now deceased)

The said Share Certificate is lost/ misplaced and is not traceable. Anyone finding the same is requested to hand it over to the Society Office. Any person dealing with the said Share Certificate shall do so at his/her own risk. Society shall not be responsible for any fraudulent transactions. A duplicate certificate is/will be applied for by the legal heirs of the deceased shareholder.

Anyone who claims share/ ownership/co-ownership in the above flat should submit supporting documents for their claim in the flat 76 in Vaikunth (Andheri) CHS Ltd. and such claims should reach society office in a sealed envelope marked to The Chairman/ Secretary within 14 days of this notice. In case no claims are received within 14 days, the society will issue the Duplicate share certificate in lieu of the lost share certificate as detailed above and no claims will be entertained thereafter.

**Contact:** The Chairman/ Secretary, Vaikunth (Andheri) CHS Ltd., 42, Lallubhai Park Road, Andheri (West), Mumbai - 400 058.

Sd/- Sunil S Mehta (Chairman)

Dt: 31/12/2025

**व्यक्तिगत**

**नाम परिवर्तन**

I, Saurabh Kumar, resident of Thane (West), Maharashtra, have changed my name to Saurabh Kanhaiyalal Saroj.

I have changed my old name from Jidnya Abhijeet Bari to Jidnya Yaduram Bari as per documents.

I,SOVA Mother of Malay Maity r/o Bhandarhati, Hooghly, W.B-712301 have changed my name from Sova to Sova Maity vide aff. No 58AB635869 dt 29/12/2025 at Nashik

I,SURYAKANTA Maity Father of Malay Maity r/o Bhandarhati, Hooghly, W.B-712301 have changed my name from Suryakanta Maity to Surya Kanta Maity vide aff. No 58AB635868 dt 29/12/2025 at Nashik

I,BASANATE M Mother of Pronab Chandra Mondal r/o Makura, Bhalkuti, Birbhum, W.B-731201 have changed my name from Basanate M to Basanti Mondal vide aff. No 58AB635876 dt 29/12/2025 at Nashik

BUSINESS CONNECT

BUSINESS OFFER
Earn 1,00,000 to 5,00,000 per month
Install Ladies Sanitary Pad, Baby Diaper Machine, Underarm Pad, Breast Pad, Panty Liner, Adult Diaper Machine with Buyback Agreement
9643010487, 9205428852, 8376001873, 8929557840, 011-25920179

TO ADVERTISE IN THIS SECTION CALL JITESH DOMINIC: 9867407521


TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.


# देर रात तक भरा गया नॉमिनेशन

## दिन भर लगा रहा उम्मीदवारों का तांता, जांच में व्यस्त रहे चुनाव अधिकारी

निकाय चुनाव महा मुकाबला



AI Image

■ टीम NBT, MMR : मनपा चुनाव के लिए नॉमिनेशन का आखिरी दिन होने से मंगलवार को निर्वाचन कार्यालयों में दिन भर उम्मीदवारों का तांता लगा रहा। बड़ी संख्या में उम्मीदवार होने से देर रात नॉमिनेशन भरे जा रहे थे। इस दौरान प्रत्याशियों के दस्तावेज की जांच-पड़ताल में चुनाव अधिकारी लगातार व्यस्त रहे, जिससे कुछ जगहों से उम्मीदवारों की अंतिम सूची के आंकड़े उपलब्ध नहीं हो पाए हैं।

> नामांकन भरने वालों में निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या अधिक

**वसई-विरार: आखिरी दिन में 949 कैंडिडेट ने भरे पर्चे**

वसई विरार मनपा चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने के अंतिम दिन मंगलवार को वसई विरार शहर राजनीतिक दलों में उथल पुथल मच गई। सुबह से ही हर प्रभाग कार्यालय में ढोल-ताशों और नारों के बीच उम्मीदवारों ने शक्ति प्रदर्शन किया। मनपा प्रशासन से मिले आंकड़ों के अनुसार अंतिम दिन खबर लिखे जाने तक कुल 949 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। शहर के 9 प्रभाग कार्यालयों में सुबह से ही उम्मीदवारों और समर्थकों की भारी भीड़ देखने को मिली। नामांकन के दौरान भीड़ और तकनीकी अड़चनों से बचने के लिए अधिकांश वरिष्ठ नेताओं और प्रमुख उम्मीदवारों ने दोपहर तक अपनी नामांकन प्रक्रिया पूरी कर ली थी।

### नवी मुंबई: सभी दलों ने उतारे 347 उम्मीदवार

नवी मुंबई चुनाव के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपने-अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। बीजेपी ने सभी 111 सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए हैं। वहीं, उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने भी 111 उम्मीदवार उतारकर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। एनसीपी (अजित गुट) ने 20 उम्मीदवार, जबकि कांग्रेस पार्टी ने 15 उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारा है। शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने भी 20 उम्मीदवार घोषित किए हैं। उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना ने यहां 40 उम्मीदवार, जबकि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने 30 उम्मीदवार उतारे हैं।

### पनवेल: 78 सीटों पर 400 लोगों ने किया नामांकन

पनवेल मनपा चुनाव के लिए अंतिम दिन तक कुल 400 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। पनवेल में मुख्य मुकाबला महायुति और महाविकास आघाडी के बीच देखने को मिल सकता है, लेकिन यहां बड़ी संख्या में निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी फॉर्म भरा है। मंगलवार को 6 चुनाव अधिकारी कार्यालयों में कुल 371 नामांकन भरे गए, जबकि 29 दिसंबर तक 29 नामांकन पत्र ही भरे गए थे। नामांकन पत्रों की जांच बुधवार, को सुबह 11 बजे से शुरू होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 2 जनवरी है, जबकि 3 जनवरी को चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जाएगा।

### भिवंडी: मैदान में 1028 प्रत्याशी

NBT न्यूज,भिवंडी : भिवंडी मनपा चुनाव में कुल 1028 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इनमें 265 उम्मीदवारों ने अंतिम दिन मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। पार्टी से टिकट न मिलने से नाराज लोगों ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया, जिससे यहां निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या सबसे अधिक है। भिवंडी मनपा में महापौर बनाने का दावा करने वाली कांग्रेस, सपा एवं शिवसेना सहित ज्यादातर पार्टियों ने अधिकांश सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। सबसे अधिक लगभग 70 सीटों से कांग्रेस पार्टी ने उम्मीदवार लड़ाने का दावा किया है। पूर्व विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने सबसे अधिक बागी उम्मीदवारों के परिवारों पर भरोसा जताया है।

**किस पार्टी से कितने कैंडिडेट ने भरे हैं पर्चे**

| | |
|---|---|
| शिवसेना शिंदे | 20 |
| बीजेपी | 34 |
| समाजवादी पार्टी | 62 |
| एनसीपी ( AP) | 34 |
| एनसीपी (SP) | 47 |
| कांग्रेस | 70 |
| मनसे | 10 |
| उद्धवसेना | 45 |
| एमआईएम | 15 |
| कोणार्क आघाड़ी | 04 |
| भिवंडी विकास आघाडी | 04 |
| सीपीआई | 02 |

## नामांकन के आखिरी दिन राजनीतिक उथल-पुथल

■ NBT न्यूज, वसई : वसई विरार मनपा चुनाव को लेकर मंगलवार को नामांकन के आखिरी दिन सभी राजनीतिक दलों में काफी उथल-पुथल रही। इच्छुक उम्मीदवार अपने अपने क्षेत्र के प्रभाग कार्यालय में अपना नामांकन भरने के लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे और शक्ति का प्रदर्शन किया।

इस बार बीजेपी ने अपने पार्टी के कई बड़े नेताओं व कार्यकर्ताओं को टिकट नहीं दिया, नाराजगी दिखाई दी। वसई ईस्ट के एवरशाइन से दो बार नगरसेवक रह चुके किरण भोईर को इस बार बीजेपी से टिकट नहीं मिला, तो उन्होंने निर्दलीय से अपना नामांकन भरा है। इसी तरह वसई से वरिष्ठ नेता व पूर्व नगरसेवक शेखर धुरी को भी पार्टी ने नजरअंदाज कर किया, तो उन्होंने बहुजन विकास आघाडी से अपना नामांकन भरा है।

शिंदे गुट में भी टिकट न मिलने से कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। इसके अलावा बहुजन विकास आघाडी ने फिर से अपने पुराने उम्मीदवारों पर भरोसा जताया है, हालांकि कुछ सीटों पर नए चेहरे आजमाए गए हैं। बविआ से बीजेपी में शामिल हुए पूर्व नगरसेवक नितिन ठाकुर के बेटे यशोधन ठाकुर को बीजेपी से टिकट नहीं मिला, तो उन्होंने शिंदे गुट से अपना नामांकन भरा है। इसी तरह बविआ से शिंदे गुट में गए पूर्व सभापति व नगरसेवक सुदेश चौधरी ने शिंदे सेना से नामांकन भरा है।

## रिपब्लिकन पार्टी ने महायुति छोड़ी

■ NBT न्यूज, वसई: वसई में महायुति द्वारा एक भी सीट न दिए जाने से नाराज रिपब्लिकन पार्टी (आठवले) ने महायुति से अलग होकर बहुजन विकास आघाड़ी को बिना शर्त समर्थन देने का ऐलान किया है। पार्टी के जिला अध्यक्ष ईश्वर धुले ने कहा है कि चाहे कुछ भी हो जाए वह बीजेपी को सबक सिखाएंगे। पार्टी ने ऐलान किया है कि उसने हितेंद्र ठाकुर की बहुजन विकास आघाड़ी को समर्थन दिया है।


# MMR क्षेत्र में उत्तर भारतीय नेताओं की हो रही अनदेखी

## तमाम कोशिशों के बावजूद टिकट बंटवारे में निराशा

■ NBT टीम, MMR : मुंबई से सटे एमएमआर रीजन के अधिकांश मनपा क्षेत्र में बड़ी संख्या में उत्तर भारतीयों का बोलबाला है। राजनीतिक क्षेत्र में भी नेतृत्व और वोटर्स के रूप में इनका पर्याप्त दखल है। इसके बावजूद इस बार के मनपा चुनाव में अधिकांश राजनीतिक दलों ने उत्तर भारतीय समाज को मनोनुकूल मौके नहीं दिए हैं।

### MBMC: आबादी है 35%, उम्मीदवारों की संख्या है आधी

मीरा-भाईंदर की कुल आबादी लगभग 12 लाख है, जिसमें करीब 35% उत्तर भारतीय हैं। लेकिन टिकट वितरण में यह अनुपात कहीं नजर नहीं आया। BJP ने 87 उम्मीदवारों में से केवल 14, शिवसेना (शिंदे) ने 81 उम्मीदवारों में 15, जबकि कांग्रेस ने 52 उम्मीदवारों में 11 उत्तर भारतीय उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। प्रतिशत के लिहाज से BJP ने 16%, शिवसेना ने 18% और कांग्रेस ने 21% टिकट उत्तर भारतीयों को दिए हैं। उद्धव सेना ने भी उन्हें अपेक्षित मौका नहीं दिया है। उत्तर भारतीय समाज के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रमुख दलों से निराश होकर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन भरे।



AI Image

### KDMC: इतना बड़ा क्षेत्र, 4 उम्मीदवार

कल्याण-डोंबिवली चुनाव में भी उत्तर भारतीय समाज में असंतोष है। यहां BJP और शिवसेना (UBT) ने उत्तर भारतीय समाज को दो-दो टिकट दिए हैं, वहीं शिवसेना (शिंदे गुट) से समाज को एक भी टिकट नहीं मिला। साल 2005 में KDMC में 5 नगरसेवक उत्तर भारतीय थे। 2015 के चुनाव में उत्तर भारतीय समाज का प्रतिनिधित्व केवल एक सीट तक रह गया, तब यहां BJP के मनोज राय इकलौते उत्तर भारतीय नगरसेवक थे। इस बार BJP ने मनोज राय की पत्नी को पैनल नंबर-13 से उम्मीदवार बनाया है। वहीं, शिवसेना (UBT) ने श्वेता तिवारी और ऐड. नीरज दुबे को उतारा है।

### VVMC: शिंदे गुट ने उतारे 5 हिंदीभाषी

वसई-विरार मनपा चुनाव में महायुति के बीच सीटों के बंटवारा आखिरी दिन तक चला। यहां बीजेपी 88 व शिंदे गुट 27 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। शिवसेना (शिंदे गुट) में पुराने तीन नगरसेवकों को टिकट दिया। इनमें 24 नए चेहरे हैं, जिसमें 5 हिंदीभाषी हैं। विरार फुलपाड़ा की पुतुल रविंद्र झा 2015 में बहुजन विकास आघाडी से नगरसेविका थीं। बाद में वह पार्टी छोड़कर शिंदे गुट में शामिल हो गईं। इसी तरह संजय राजेंद्र महोतो, हेमलता नवीन सिंह, अभिषेक कल्याण सिंह, शिल्पा सिंह ने पार्टी से अपना नामांकन भरा है।

### UMC: 78 में 12 सीटों पर उत्तर भारतीय

उल्हासनगर में पहले की अपेक्षा इस बार उत्तर भारतीय समाज को बेहतर मौका मिला है। 78 सीटों वाली मनपा के लिए बीजेपी और शिवसेना (शिंदे गुट) ने 12 उत्तर भारतीयों को टिकट दिया है। बीजेपी ने 8 सीटों पर, जबकि शिवसेना (शिंदे गुट) ने 4 उत्तर भारतीयों को मनपा चुनाव लड़ने का मौका दिया है। पिछले चुनावों में भी बीजेपी से कई उत्तर भारतीय नगरसेवक चुनकर मनपा में पहुंचे थे।

### भिवंडी: बीजेपी से 1 हिंदीभाषी प्रत्याशी

भिवंडी मनपा में भी ज्यादातर पार्टियों ने उत्तर भारतीयों की अनदेखी की है। बीजेपी का झंडा बुलंद करने वाले 10 इच्छुक लोगों में सिर्फ पूर्व नगरसेविका क्षमा मनोज ठाकुर पर भरोसा जताया गया है। उम्मीदवारी न मिलने से नाराज प्रभाग क्रमांक 22 से स्नेहा मनोज सिंह ठाकुर ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन भरा है।

## धीरेंद्र अस्थाना की कृति लोकार्पित, कथा उत्सव में जुटे दिग्गज रचनाकार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : साहित्य में ऐसी उत्सवधर्मिता कम ही देखने को मिलती है, जैसी वरिष्ठ कथाकार धीरेंद्र अस्थाना के प्रतिनिधि कहानी संग्रह के लोकार्पण समारोह में देखने को मिली। मीरा रोड के विरंगुला केंद्र में धीरेंद्र की कहानियों के बहाने हुए कथा उत्सव में देश के कई नामी कथाकार और मुंबई की साहित्यिक-सांस्कृतिक हस्तियां मौजूद थीं। स्वसंगम फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के अध्यक्ष थे वरिष्ठ कवि और संपादक विश्वनाथ सचदेव। मुख्य अतिथि थे प्रेम जनमेजय और हृषिकेश सुलभ। योगेंद्र आहूजा, मनोज रूपड़ा, गीताश्री, अणुशक्ति सिंह, सतीश कुमार, भूपेंद्र त्यागी और अविनाश दास की विशेष उपस्थिति रही। विश्वनाथ सचदेव ने कहा कि धीरेंद्र ने वही लिखा, जो उन्होंने अनुभव किया। इसीलिए उनकी रचनाएं प्रामाणिक हैं। इस मौके पर यूनुस खान ने धीरेंद्र अस्थाना पर एक ऑडियो डॉक्यूमेंट्री प्रस्तुत की। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि रामेश जोशी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के संयोजक थे हरिप्रसाद राय, राकेश शर्मा, मुख्तार खान, हरिगोविंद विश्वकर्मा, सुरबाला और ललिता अस्थाना। संचालन रमन मिश्र ने किया। हृदयेश मयंक ने सबका आभार व्यक्त किया।



कनेक्ट धर्म । कर्म । समाज

## नालासोपारा में ज्वेलरी शॉप लूटने की साजिश नाकाम

■ NBT न्यूज, नालासोपारा: नालासोपारा में अक्षय ज्वेलर्स शॉप को लूटने की तैयारी कर रहे चार आरोपियों को क्राइम ब्रांच यूनिट 3 ने गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस, एक नकली पिस्टल और कई अन्य हथियार जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार आरोपी सात दिन से दुकान की रेकी कर रहे थे। सूचना के बाद सीनियर पीआई शाहूराज रनवरे की टीम ने नालासोपारा ईस्ट स्टेशन के पास संदिग्धों पर नजर रखी और बार में बैठकर शराब पी रहे चार आरोपियों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार आरोपियों में इरशाद नियाज खान उर्फ यूनुस अमीन शेख, रेवाधर दुर्गादत्त भट्ट, मोहन सिंह जोगी सिंह रावत और सुमीत पप्पू रावत शामिल हैं। तीन नेपाल और एक उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच ने बताया कि इरशाद नियाज खान पर मुंबई और गुजरात में हत्या, डकैती समेत कई गंभीर मामलों में केस दर्ज हैं। कार्रवाई डीसीपी संदीप डोईफोडे के निर्देश पर की गई।

> 4 आरोपी गिरफ्तार और एक फरार



## नवी मुंबई के APMC मार्केट में केसर आम की हुई दस्तक

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई: इस साल आम के सीजन की शुरुआत करीब 15 दिन पहले हो गई है। मंगलवार को नवी मुंबई की एपीएमसी में आम की पहली खेप पहुंची, जिसका व्यापारियों ने पूजा-अर्चना कर स्वागत किया। पहली पेटी लगभग 22 हजार रुपये में एक उद्योगपति को बेची गई। आने वाले समय में आम की आवक बढ़ने के साथ कीमतों में भी कमी आने की संभावना है। फिलहाल महाराष्ट्र के देवगढ़ से आम की पहली पेटी आई है। आने वाले दिनों में सतारा, रत्नागिरी, रायगढ़ और अन्य क्षेत्रों से केसर आम की आवक शुरू होगी।

> 15 दिन पहले शुरू हुआ सीजन

**विदेशी बाजारों में मांग:** बाजार के व्यापारी संजय पानसरे ने बताया कि केसर आम की अमेरिका और यूरोप के बाजारों में काफी मांग रहती है, क्योंकि यह मूल रूप से गुजरात का आम है। वहां गुजराती मूल के लोग इसे काफी पसंद करते हैं, इसलिए केसर आम का निर्यात अधिक होता है। गुजरात में केसर आम की फसल सामान्यतः मई के मध्य तक तैयार होती है, लेकिन महाराष्ट्र में पिछले पांच वर्षों से केसर आम की खेती हो रही है और यहां जनवरी से ही इसकी आवक शुरू हो जाती है। आवक बढ़ने पर अमेरिका, यूरोप और खाड़ी देशों में इसका निर्यात किया जाएगा।



## 24 घंटे में सुलझा अपहरण का मामला, 4 गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई: नवी मुंबई के दिवा गांव में रहने वाले एक 15 वर्षीय लड़के का अपहरण कर 20 लाख रुपये की फिरौती मांगने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने व्हाट्सऐप वॉयस मैसेज के जरिए बच्चे के परिवार को धमकियां भी दी थीं। शिकायत मिलते ही नवी मुंबई पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

अपहृत लड़के को टैक्सी के जरिए नवी मुंबई से ठाणे की ओर ले जाया गया था। टैक्सी चालक से पूछताछ और मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में सफल रही।

**सभी आरोपी उत्तर प्रदेश के हैं:** कल्याण इलाके में कार्रवाई करते हुए एक फ्लैट से अपहृत बच्चे को सुरक्षित बरामद किया। गिरफ्तार आरोपियों में प्रदीप कुमार जायसवाल (24), विशाल रामबहादुर पासी (19), चंदन विनोद मौर्य (19) और सत्यम शिवचंद यादव (19) शामिल हैं। चारों आरोपी उत्तर प्रदेश के रहने वाले बताए गए हैं। आरोपियों को रबाले पुलिस के हवाले कर दिया है।



## फटाफट खबरें

### इस हिसाब से मिलता है डिलिवरी का पेमेंट

■ पेज 1 से आगे

डिलिवरी का काम करने वाले वर्करों को 2 तरीके से पेमेंट मिलती है। मूल पेमेंट उन्हें किलोमीटर बेस्ड मिलती है। उदाहरण के तौर पर 6 किलोमीटर का रास्ता तय करने पर डिलिवरी वाले को 60 रुपये मिलते थे, जो अब 35 से 36 रुपये हो गए हैं। तो वहीं दूसरी पेमेंट उन्हें एक तय राशि के सामान को डिलिवरी करने के बाद मिलती है। उदाहरण के तौर पर यदि किसी डिलिवरी वाले ने 1000 रुपये का सामान डिलिवर किया, तो उसे 200 रुपये इंसेंटिव मिलेगा, जो पहले करीब 400 रुपये हुआ करता था। डिलिवरी करने वालों के काम पर न आने से स्विगी, जोमैटो, ब्लिंकइट, जेप्टो, अमेजन, फ्लिपकार्ट की सेवाओं पर असर पड़ने की आशंका है।

### राजा का बेटा राजा नहीं बनेगा: सरनाईक

■ NBT न्यूज, ठाणे: स्टेट ट्रांसपोर्ट मंत्री प्रताप सरनाईक के बेटे और शिंदे शिवसेना युवा सेना के कार्याध्यक्ष पूर्वेश सरनाईक ने चुनाव न लड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने एक एक्टिविस्ट को मौका देने की बात कही है। पूर्वेश ने एक भावुक पत्र में लिखा कि 'राजा का बेटा राजा नहीं बनेगा, बल्कि वही बनेगा जो इसका हकदार होगा।' यह पत्र सोशल मीडिया पर वायरल है। पूर्वेश 2017 में नगरसेवक चुने गए थे। उनकी मां परिषा सरनाईक इस बार भी चुनाव मैदान में हैं।

### विक्रांत वायचाल को ठाणे से उम्मीदवारी

■ NBT न्यूज, ठाणे: शिंदे शिवसेना की महिला आघाडी संगठक व पूर्व महापौर मीनाक्षी शिंदे के इस्तीफे के बाद पार्टी ने फैसला बदला। निलंबित शाखाप्रमुख विक्रांत वायचाल को पार्टी से उम्मीदवार बनाया गया। वायचाल को पहले पार्टी विरोधी काम के चलते निलंबित किया गया था। मीनाक्षी को मनाने में नाकामयाब शिंदे ने उनके पार्टी के बाद निलंबित विक्रांत वायचाल को पार्टी की तरफ से उम्मीदवारी दे दी।

### मालिक से तंग युवती ने की आत्महत्या

■ NBT न्यूज, वसई: वसई पूर्व सातीवली की 24 वर्षीय युवती ने 24 दिसंबर को कंपनी परिसर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने कंपनी मालिक पर प्रताड़ना और जबरन शारीरिक संबंध का आरोप लगाया है। युवती भोयदापाड़ा स्थित मंगली इस्टेट की एक कंपनी में कार्यरत थी। शिकायत के आधार पर वालीव पुलिस ने कंपनी मालिक के खिलाफ रेप और आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया।

### अवैध इमारत मामले में 4 लोगों पर केस

■ NBT न्यूज, विरार: विरार पूर्व चंदनसार रोड स्थित खार कोपरी गांव में बिना मनपा अनुमति चार मंजिल इमारत बनाने के मामले में जमीन मालिक स्नेहा ताम्रदगण सहित चार लोगों पर केस दर्ज किया गया है। आरोपी कल्पक पाटिल, राजेश आरेकर और प्रकाश सावे पर अवैध निर्माण कर फ्लैट बेचने का आरोप है। मनपा अधिकारी संतोष घोलप की शिकायत पर विरार पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

# 47 हज़ार से ज्यादा अपराधियों पर है मुंबई पुलिस की पैनी नज़र

## नए साल के जश्न और निकाय चुनाव के चलते की जा रही निगरानी

Manish.jha@timesofindia.com


■ **मुंबई :** आगामी चुनाव और नए साल के जश्न को देखते हुए मुंबई पुलिस ने शहर में अपराध पर नियंत्रण के लिए व्यापक स्तर पर निगरानी अभियान तेज कर दिया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, मुंबई में कुल 47,868 अपराधियों का पुलिस रिकॉर्ड में जिक्र है, जिनकी गतिविधियों पर अलग-अलग स्तर पर नजर रखी जा रही है।

इन आंकड़ों के आधार पर पुलिस ने 2,751 हिस्ट्रीशीटरों की सूची तैयार कर उन्हें विशेष निगरानी में रखा है, जबकि सभी 93 पुलिस स्टेशनों को अन्य आरोपियों पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है। इसका उद्देश्य कानून-व्यवस्था को बनाए रखना है। पुलिस आंकड़ों के मुताबिक, विभिन्न आपराधिक घटनाओं में शामिल 47,868 आरोपियों में से 2,308 चेन स्नैचिंग के आरोपी, 5,557 फरार नामजद आरोपी, 16,652 वांछित आरोपी और 9,253 हाल ही में जेल से रिहा हुए अपराधी शामिल हैं। इसके अलावा 8,398 हमला और वसूली से जुड़े आरोपी, 906 तड़ीपार अपराधी, 1,779 आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी और 3,015 एनडीपीएस मामलों से जुड़े आरोपी भी पुलिस के रिकॉर्ड में दर्ज हैं।

**चेन स्नैचिंग से लेकर NDPS तक, पुराने अपराधियों पर सख्त नजर**

**वांछित और नामजद आरोपियों पर बढ़ाई गई सख्त निगरानी**

**16,652 वांछितों की खंगाली जा रही है पृष्ठभूमि**


AI Image

**किस अपराध के कितने आरोपी**

- 2,308 चेन स्नैचिंग
- 9,253 हाल ही में जेल से रिहा अपराधी
- 8,398 हमला और वसूली से जुड़े आरोपी
- 906 तड़ीपार अपराधी
- 1,779 आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी
- 3,015 एनडीपीएस मामलों के आरोपी
- 5,557 नामजद फरार आरोपी
- 16,652 वांछित आरोपी

### जुटाई जा रही गतिविधियों से जुड़ी अहम जानकारी

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, इन 47,868 अपराधियों का डाटा तैयार किया गया है, जिसके आधार पर रीजन और जोन वाइज निगरानी की जा रही है। विभिन्न त्योहारों, चुनावी माहौल और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अपराध की आशंका को देखते हुए यह कदम जरूरी था। बीट मार्शल, पेट्रोलिंग टीम और लोकल इंटेलिजेंस के जरिए इन अपराधियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### अपराधियों में खौफ, जनता का भरोसा

मुंबई पुलिस का दावा है कि अपराध पर लगाम लगाने के लिए निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया गया है, जिससे अपराधियों में खौफ और आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हो सके। मुंबई पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, आगामी चुनाव और नए साल के जश्न को देखते हुए पुलिस रिकॉर्ड वाले 47,868 अपराधियों के बारे में नियमित जांच और सख्त निगरानी से अपराध पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।

## छेड़छाड़ के आरोपी प्रोफेसर को राहत

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** मुंबई सेशन कोर्ट ने छात्राओं के साथ छेड़छाड़ के आरोपी गेस्ट प्रोफेसर को राहत दी है। प्रोफेसर को कोर्ट ने अग्रिम जमानत दी है। पिछले दिनों शहर के प्रतिष्ठित कॉलेज के वार्षिक समारोह में छात्राओं के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया था। कॉलेज ने आजाद मैदान पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कराया था। जमानत अर्जी में प्रोफेसर ने दावा किया था कि गलतफहमी और निजी दुश्मनी उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की वजह हो सकती है। गौरतलब है कि अभी तक फैसले की विस्तृत प्रति नहीं उपलब्ध हुई है।

## प्रशांत होंगे कमिश्नर के नए DCM

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** बीएमसी के उपायुक्त (वित्त) प्रशांत गायकवाड को कमिश्नर ऑफिस में भेज दिया गया है। बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी के ओएसडी रहे चंद्रशेखर चोरे को एक्सटेंशन नहीं मिला। इसलिए उनकी जगह गायकवाड को भेजा गया है। रिटायरमेंट के बाद हुई नियुक्ति को लेकर बीएमसी अधिकारियों के बीच चोरे को लेकर असंतोष था। 17 उपायुक्तों, 20 असिस्टेंट कमिश्नर ने लेटर लिखकर किसी अन्य उपायुक्त को जिम्मेदारी देने की मांग की थी। उपायुक्त पद से एक साल पहले रिटायर्ड हुए चंद्रशेखर चोरे को कमिश्नर ने अपना ओएसडी बना लिया था, वह उपायुक्त की भी जिम्मेदारी निभा रहे थे।

## डॉ. मंजू लोढ़ा को मिला मुंबई गौरव अवॉर्ड 2025

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** सामाजिक कार्य और सेवा भाव के लिए डॉ. मंजू लोढ़ा को मुंबई गौरव अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। मुंबई के एनसीपीए में संस्कृति युवा संस्था एवं इंडियन ग्लोबल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि गुरुदेव देवेंद्र ब्रह्मचारी, कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, फिल्म निर्माता मधुर भंडारकर एवं अनेक विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में मंजू लोढ़ा को यह सम्मान दिया गया। इस अवसर पर मंजू ने कहा कि वे समाज के हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके लिए केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज सेवा के पथ पर और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा है। मंजू ने आयोजक पंडित सुरेश मिश्रा, राजेश वकील का आभार व्यक्त किया।



# ठग लिखवाते थे पूर्व CJI चंद्रचूड़ पर निबंध

## बुजुर्ग से 3.75 करोड़ की साइबर ठगी, 2 महीने तक रखा डिजिटल अरेस्ट

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** नकली अदालत में नकली वकीलों के सामने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश चंद्रचूड़ बनकर बैठे जालसाजों ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में नाम होने और नियमित रूप से कोर्ट हियरिंग में शामिल होने का झांसा देकर अंधेरी निवासी एक बुजुर्ग महिला से 3 करोड़ 75 लाख रुपये की साइबर ठगी कर ली।

हैरानी की बात यह है कि ठगों ने महिला को ऑनलाइन तीन पन्नों में न्यायाधीश चंद्रचूड़ पर निबंध लिखने को कहा था, जिसे वह कथित कोर्ट हियरिंग के दौरान लिखा करती थी और इसके लिए बाकायदा होमवर्क भी करती थी।

पुलिस के अनुसार, यह खेल 18 अगस्त से 13 अक्टूबर के बीच चला। इस दौरान जालसाजों ने महिला को कथित डिजिटल अरेस्ट का शिकार बनाकर ठगी को अंजाम दिया। 18 अगस्त को पीड़िता को कोलाबा पुलिस में तैनात एस. जायसवाल नामक फर्जी पुलिस अधिकारी का कॉल आया, जिसने मनी लॉन्ड्रिंग केस दर्ज होने की बात कही और न्यायाधीश चंद्रचूड़ के सामने चल रही हियरिंग में बेगुनाही साबित करने को कहा। यह मामला पूर्व प्रादेशिक साइबर पुलिस में दर्ज है।


AI Image

**गुजरात निवासी एक आरोपी गिरफ्तार**

| | | |
|---|---|---|
| पूछताछ में आरोपी ने दो विदेशी मास्टर माइंड्स के बारे में बताया | साइबर ठगी के पैसों से कपड़े का कारोबार चला रहा था आरोपी | चीन और वियतनाम से जुड़े साइबर फ्रॉड के लिंक |

**दो विदेशी मास्टरमाइंड की तलाश जारी**

साइबर पुलिस ने बताया कि महिला की शिकायत पर गुजरात निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में उसने दो विदेशी मास्टरमाइंड्स के बारे में जानकारी दी है।

**चीन और वियतनाम में भेजे जाते थे पैसे:** सूत्रों के मुताबिक, साइबर पुलिस को संदेह है कि यह रैकेट चीन और वियतनाम से संचालित हो रहा है। ठगी की रकम क्रिप्टो करंसी के जरिए भेजी जाती थी।

**क्या होता है डिजिटल अरेस्ट:** 'डिजिटल अरेस्ट' साइबर क्राइम का वह तरीका है, जिसमें ठग खुद को पुलिस, कोर्ट या सीबीआई, ईडी जैसी एजेंसियों का अधिकारी बताकर पीड़ितों को डराते हैं और बैंकिंग जानकारी लेकर ठगते हैं।

BIGGEST INTERNATIONAL CONSUMER EXPO
Rush Limited Stock
Hurry ! Visit Today
Hurry Don't Miss
UPTO 70% off
iicf TM
INDIA INTERNATIONAL CONSUMER FAIR
www.iicfexhibitions.in
FULLY A/C
Electronic Partner: vijay sales 60,000 Sq. Ft. Area of Electronics / Appliances
6 days left
Entry by Ticket ₹50
MMRD Ground, Bandra Kurla Complex
Near Asian Heart Hospital. BKC
Near Aqua Line Metro Station - BKC
Timings weekday: 1 pm to 9.30 pm
Sat & Sun & Holidays: 11.00 am to 9.30 pm
From 31, 01, 02, 03, 04, 05
FREE ENTRY: Bring this paper Ad & Get 1 Person Entry Free. Valid Till 5 pm only on 31st Dec
All National & Multinational Brands
AN EXPO ON
ELECTRONICS, APPLIANCES, IT, FURNITURES, FURNISHING & INTERIORS, DRESS MATERIALS, HOME TEXTILES, HEALTH & BEAUTY, HANDICRAFTS, AYURVEDIC MEDICINE, AUTOMOBILES, FOOT WEARS, BEDSHEET BEDCOVER, ARTIFICIAL JEWELLERY, KIDS BOOK & TOYS, FOOD COURT & MANY MORE......
Get upto 70% Off on selected Items @ vijay sales Electronics / Appliances
- 30,000 Sq. Ft. Area of Furniture
- Lakhs of Consumer Products
- Buy Brother Sewing Machine & Get Free attachment + Upto 30% Off
- Up to 60% Off on Interior Style Furniture
- Upto 50% Off @ Wrought Iron Furniture
- Buy Massage Chair & Get Leg Massager Free worth Rs. 20,000
- Buy Sleepsure Mattress & Get Pillow + Bed Sheet Free
- Buy Singer Machine & Get Sewing Kit Free + Exchange Offer
Call: 7387779275
WORLD CLASS FAMILY SHOPPING EXPERIENCE



CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 31-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP6 User: cci Time: 12-30-2025 22:25 Color:



# नव संकल्प उजास लिए आ रहा है नया साल

तारीखों की कलम से वक्त की स्याही रोजाना नई इबारत लिखती है। साल 2025 जाने को है, नया साल 2026 आने को है। नए साल में नक्षत्रों की बदलती चाल वक्त की स्याही से फिर कुछ नया लिखवाने को है। काल के कपाल की बुनावट में गहरा छिपा भविष्य उजागर होने को है। वक्त की स्याही को भविष्य की इबारत लिखने से पहले इसे ज्योतिष की कसौटी पर कस रहे हैं सद्गुरुश्री इयाल (डॉ. स्वामी आनंदजी)




AI Image

## प्रकट होगी आंतरिक प्रतिभा


धनु

**बरस के आरंभ में** धनु राशि का स्वामी स्वामी बृहस्पति मिथुन राशि में गतिशील है। स्वर्णचरण का वक्री सप्तम गुरु साझेदारों के सहयोग से धन उगा रहा है। जून, 2026 को जब गुरु कर्क में चरण रखेंगे, लौह चरण के अष्टम गुरु कष्ट देंगे। प्रतिष्ठा और बचत में पलीता लगेगा। 31 अक्टूबर, 2026 को जब गुरु सिंह में जाएगा, ताम्र पाद का नवम गुरु जेब में गर्माहट लाएगा। रजतचरण के चतुर्थ शनि मीन राशि में है। ताम्रपाद का तृतीय राहु कुंभ में और नवम केतु सिंह में गलत निर्णय से हानि का कारक बनेंगे। किसी की गलत सलाह नुकसान पहुंचा सकती है। संतान के व्यवहार से खिन्न होंगे। विदेशी संपर्क से लाभ की किरण प्रस्फुटित होगी। आपकी आंतरिक प्रतिभा प्रकट होगी। इस वर्ष वाणी से अधिक आपके मौन में धार दिखेगी। उम्मीदें दीयों की तरह उजास भरेंगी, प्रतिद्वंद्वी अंततः टांय-टांय फिस्स होंगे। 2026 धनु राशि के लिए संयम, दृष्टि और आंतरिक मजबूती का वर्ष है।

- **पढ़ाई-लिखाई:** शोध, दर्शन और उच्च शिक्षा के लिए समय उपयोगी है, मार्ग में कुछ वैचारिक अड़चनें आएंगी।
- **काम-धंधा:** कार्यक्षेत्र में स्थानांतरण, भूमिका परिवर्तन, नई जिम्मेदारी मिलेगी। उन्नति के अवसर आएंगे। धातु व्यवसाय में पहले लाभ, फिर सावधानी अपेक्षित है।
- **अपने-पराए:** किसी बिगड़े रिश्ते पर मरहम की संभावना बनेगी। अनुज से संबंधों में खटास उभर सकती है।
- **सेहत का हाल:** यकृत, जांघ, थकान की तकलीफ के संकेत हैं। लापरवाही से दुर्घटना हो सकती है।
- **अर्थ-गणित:** आर्थिक स्थिति मध्यम पर संतुलित रहेगी। खर्च पर संयम, निवेश में दूरदृष्टि अपनाएं। उत्तरार्ध में आय के नए द्वार खुल सकते हैं।
- **उपाय:** पीले वस्त्र, चना दाल, गुड़ या शिक्षा-संबंधी सामग्री का दान शुभ रहेगा।

**शुभ संकेत:** रंग: पीला, सुनहरा। अंक: 2, 3, 9. ग्रह: सूर्य, चंद्रमा। दिशा: उत्तर-पूर्व।

## प्रियंका गांधी: सत्ता की घोषणा नहीं, संरचना का वर्ष



प्रियंका गांधी की जन्मकुंडली सत्ता की धमक से अधिक संयमित शक्ति की कथा कहती है। मिथुन लग्न की चपल बुद्धि, धनु राशि में सूर्य, बृहस्पति, बुध का तेजस्वी संयोग और कुम्भस्थ शुक्र; ये बहु-संरचनाएं उन्हें असाधारण जनसंपर्क, वैचारिक स्पष्टता, दीर्घकालिक राजनीतिक संभावना से संपन्न करती है। यह योग नेतृत्व को शोर नहीं, संतुलन और विवेक के साथ साधने की प्रवृत्ति देता है। सप्तम भाव में सूर्य और गुरु का राजलक्षण योग उन्हें जनसमूह से सहज संवाद, संकट में स्थिर मुख-मुद्रा और निर्णय की मौन दृढ़ता प्रदान करता है। नवांश और जैमिनी दृष्टि से देखें तो धनु कारकांश में स्थित यह त्रिक योग भीतर एक शांत किंतु प्रखर राजनीतिक साधक को गढ़ता है। वहीं नीच चंद्र तथा राहु-शनि के दबाव पारिवारिक, मानसिक और छवि-संबंधी उलझनों की पृष्ठभूमि रचते हैं। 2024 से आरंभ सूर्य महादशा का काल 2026 में आंतरिक उत्थान का संकेत देता है, औपचारिक पद से अधिक निर्णायक प्रभाव का विस्तार। यह वर्ष बाहरी ताज से पहले, संगठन के भीतर भरोसे, संतुलन और अदृश्य नेतृत्व के सुदृढ़ीकरण का है। उनका तेवर सत्ता पक्ष को परेशान करेगा। संक्षेप में, 2026 प्रियंका गांधी के लिए सत्ता की घोषणा नहीं, सत्ता-संरचना का वर्ष है, जहां उनकी मूक योजना, उनके व्यक्तित्व का विस्तार करेगी।

## मौन दिखाएगा अलग असर


कुंभ

**बरस के आरंभ पर** स्वामी शनि मीन में हैं। ताम्रचरण का द्वितीय शनि अर्ध-कष्ट देगा। इस राशि के लोग साढ़ेसाती के अंतिम चरण में हैं। लौहचरण के प्रथम राहु कुंभ और सप्तम केतु सिंह में बैठकर अस्थायी आत्मिक पीड़ा का सबब बनेंगे। लौहपाद का षष्ठ गुरु कर्क राशि में है, जो स्वास्थ्य का बेड़ा गर्क करेगी। गुरु वक्री होकर मिथुन में हैं। लौहपाद का पंचम बृहस्पति तकदीर को सलामी सितारे लगाता है। 1 जून, 2026 को गुरु जब कर्क में जाएंगे, ताम्र पाद का छठा गुरु जेब में सुराख करेगा। स्वास्थ्य प्रभावित होगा। 31 अक्टूबर, 2026 को बृहस्पति जब सिंह में जाएंगे, रजत पाद के सप्तम गुरु उल्टे हालात में भी धन उगाएंगे। विचारों की परिपक्वता और दिशाओं के पुनर्निर्धारण का वर्ष बनकर उभरेगा। यह समय आपको भीड़ से अलग खड़ा करेगा, जहां आप कम बोलेंगे, पर गहराई से सोचेंगे। 2026 कुंभ राशि के लिए भीतर से मजबूत होने और बाहर से संतुलित दिखने का वर्ष है।

- **पढ़ाई-लिखाई:** एकाग्रता साधना बनेगी, पर सतत परिश्रम अंततः चेहरे पर संतोष की रेखा खींचेगा।
- **अर्थ-गणित:** अनियोजित खर्च आकर्षित करेंगे, किंतु विवेक से लिया निर्णय भविष्य मजबूत करेगा। उत्तरार्ध में आय के नए द्वार खुल सकते हैं।
- **काम-धंधा:** करियर में परिवर्तन की आहट है। योजनाएं देर से रंग लाएंगी। तकनीक, शोध, लेखन से जुड़े लोगों का समय अनुकूल है।
- **अपने-पराए:** कुछ संबंध मौन में गहरे होंगे, कुछ स्वाभाविक रूप से छूट जाएंगे। जीवनसाथी से रिश्ता अबूझ सा रहेगा।
- **सेहत का हाल:** कमर, कंधे, हड्डियों, नसों, आंखों में पीड़ा संभव है।
- **उपाय:** शनिवार को काले तिल, कंबल आदि का दान शुभ रहेगा। कुछ समय मौन रखें, निर्णय स्पष्ट होंगे।

**शुभ संकेत:** रंग: भूरा, सफेद। अंक: 4, 6, 7. ग्रह: राहु, शुक्र. दिशा: उत्तर-पूर्व।

## बौद्धिक क्षमता को मिलेगी धार


मकर

**साल के आरंभ में** राशिस्वामी शनि मीन में है। लौहचरण का तृतीय शनि करियर में छप्पर फाड़ लाभ देगा। रजतचरण के द्वितीय राहु कुंभ में और अष्टम केतु सिंह में है। गुरु वक्री होकर मिथुन में जाएंगे, आर्थिक दुष्चक्र में उलझाएंगे। 1 जून, 2026 को गुरु कर्क में प्रवेश करेंगे, स्वर्णपाद का सप्तम गुरु जेब से खन-खन की ध्वनि से आनंद देगा। जीवनसाथी का स्वास्थ्य नरम दिमाग गरम होगा। 31 अक्टूबर को बृहस्पति सिंह में जाएंगे, स्वर्णचरण के अष्टम गुरु के कारण मान सम्मान पर धब्बा लगाएंगे। पर विदेशी संपर्कों से अर्थ लाभ होगा। प्रतिद्वंदी अपने खेल में मुंह की खाएंगे। कमाई बढ़ेगी। बेचैनी व मानसिक तनाव आपको अपने आगोश में घेरे रहेंगे। रतबा निखरेगा, विचार गहराएंगे और मन अपने ही सान्निध्य में रम जाएगा। भावुकता बढ़ेगी। मध्यस्थता में हानि होगी। आप पुरअसर होंगे, विरोधी बेअसर।

- **पढ़ाई-लिखाई:** अध्ययन में विघ्न आएगा, पर परिश्रम व्यर्थ नहीं जाएगा।
- **काम-धंधा:** करियर से जुड़ी शुभ सूचना मन को उत्साहित करेगी। लेखनी में चमक आएगी, सृजन सराहा जाएगा। कार्यस्थल पर ईर्ष्या की आंच आभामंडल को क्षणिक कुम्हला सकती है।
- **अपने-पराए:** दांपत्य में कुछ खिंचाव अनुभव होगी, किंतु संतान से स्नेह और निकटता गहराएगी।
- **सेहत का हाल:** जोड़ों, मांसपेशियों में पीड़ा के संकेत है। त्वचा में एलर्जी संभव। रक्तचाप पर ध्यान दें।
- **अर्थ-गणित:** आर्थिक लाभ के योग है। दीर्घकालिक निवेश खुशी देंगे।
- **उपाय:** शनिवार को काले तिल, उड़द, लोहे से जुड़े पदार्थ का दान दें। अनुभवी लोगों की सलाह को आदर दें।
- **शुभ संकेत:** रंग: हरा, सफेद, नीला। अंक: 4, 6, 8. ग्रह: शुक्र, बुध, राहु। दिशा: पूर्व।

## आलिया भट्ट: चयन, संतुलन का वर्ष



**वर्ष 2026 आलिया भट्ट** के जीवन में परिपक्वता, चयन और संतुलन का वर्ष बनकर उभरेगा। अभिनय के क्षेत्र में वे कम प्रोजेक्ट्स चुनेंगी, पर हर चयन उनकी प्रतिभा की नई परतें खोलने वाला सिद्ध होगा। अंतरराष्ट्रीय मंच, ओटीटी या प्रयोगधर्मी सिनेमा से जुड़े अवसर विशेष महत्व रखेंगे। निवेश के मामलों में दीर्घकालिक दृष्टि लाभकारी होगी। व्यक्तिगत जीवन में भावनात्मक संतुलन की परीक्षा होगी। जीवनसाथी के साथ संबंधों में गहराई आएगी, पर संवाद की कमी गलतफहमियों को जन्म दे सकती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में मानसिक थकान, नींद और हार्मोनल संतुलन पर ध्यान देना आवश्यक होगा। योग, ध्यान और विश्राम उनके लिए औषधि सिद्ध होंगे। कुल मिलाकर 2026 आलिया भट्ट के लिए चमक से अधिक स्थिरता, शोर से अधिक गहराई और उपलब्धियों के बीच आत्मिक संतोष का वर्ष है।

## वैभव सूर्यवंशी: अनुशासन का वर्ष



**2026 वैभव सूर्यवंशी** के क्रिकेट जीवन में अनुशासन, चयन और निर्णायक प्रगति का वर्ष है। वर्ष के आरंभ में प्रशिक्षण, फिटनेस, तकनीक पर ध्यान देना पड़ेगा। अवसर मिलेंगे, पर हर मैच में धैर्य और परिपक्वता दिखानी होगी। मध्य वर्ष के बाद प्रदर्शन में स्थिरता आएगी, कोचों व चयनकर्ताओं का भरोसा मजबूत होगा। कोई महत्वपूर्ण पारी या निर्णायक योगदान नाम दिला सकता है। मानसिक रूप से यह वर्ष अपनी छेनी हथौड़ी से परिपक्व बनाएगा। स्वास्थ्य के लिहाज से मांसपेशियों, जांघ, पीठ पर अतिरिक्त सावधानी आवश्यक है। ओवरट्रेनिंग से बचें, रिकवरी को महत्व दें। आर्थिक पक्ष स्थिर रहेगा। 2026 वैभव सूर्यवंशी के लिए नींव मजबूत करने, पहचान गढ़ने और अगले स्तर की तैयारी का वर्ष है, जहां संयम ही सबसे बड़ा हथियार सिद्ध होगा।

## कुछ इस तरह नई सुर्खियां बटोरेगा साल 2026

- किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति और किसी बड़े राज नेता का अवसान होगा।
- कोई बड़ा देश किसी बड़े देश की सत्ता अस्थिर करेगा या प्रयास करेगा।
- ट्रैवल्स-फूड-कैब ऐप्स धन की कमी झेलेंगे, संचित धन काम आएगा।
- अक्टूबर के बाद शेयर बाजार उछलेगा, नौकरियों में शोषण बढ़ेगा।
- डिफेंस-एनर्जी-मेटल्स-फिनटेक के शेयर छलांग लगाएंगे।
- अतिचारी गुरु धन को अस्थिर करेंगे।
- शनि डिजिटली विकास पर प्रहार करेगा।
- राहु शतभिषा में, तकनीक और AI पर असर डालेगा।
- IT और तकनीकी क्षेत्रों में बड़ी छंटनी।
- रियल एस्टेट में ठहराव या पुनर्गठन के संकेत।
- सोना, चांदी, धातुएं सुरक्षित निवेश बनेंगी।
- तांबा आने वाले वर्षों में नई ऊंचाइयां छू सकता है।
- बड़े नोटों की कमी और नकदी पर नियंत्रण की चर्चा।
- प्राकृतिक आपदाएं, भूकंप, बाढ़, अग्निकांड, जल से हानि।
- सामाजिक असंतोष, आंदोलनों और संघर्ष की आशंका।
- भारत में चुनौतियां, पर दीर्घकालिक दिशा अपेक्षाकृत मजबूत।
- खेल जगत में भारत की प्रगति, पर चोट और विवाद भी।
- 2026 गिरावट नहीं, परिवर्तन का पथप्रदर्शक।

## संतुलन ही बनेगा शक्ति


मीन

**वर्षारंभ पर मीन राशि** के स्वामी बृहस्पति वक्री होकर मिथुन में है। ताम्रचरण का पंचम गुरु अंतर्मन की बेचैनी का सबब बन रहा है। 1 जून को गुरु कर्क में जाएंगे, रजत पाद का पांचवां गुरु किस्मत को सुरखाब के पंख लगाएंगे। 31 अक्टूबर, 2026 को गुरु सिंह में जाएगा, लौह पाद का छठा गुरु बेचैनी बढ़ाएगा। रजतचरण का प्रथम शनि मीन में है, जो स्वास्थ्य पर घात, सम्मान पर आघात करेगा। राहु कुंभ और केतु सिंह में है। ताम्रचरण के द्वादश राहु कुंभ और षष्ठ केतु रही और मानसिक पीड़ा का सबब बनेंगे। यह कालखंड आपको भीतर से परिपक्व बनाएगा। मानसिक क्षमता को धार मिलेगी और आनंद को दिशा। कोई इच्छा पूर्ण होने की राह बनेगी। करियर का सूरज चढ़ेगा, विरोधियों का मद्धम पड़ेगा। 2026 मीन राशि के लिए धैर्य, करुणा और आत्मिक मजबूती का वर्ष है, जहां संतुलन ही आपकी सबसे बड़ी शक्ति बनेगा।

- **सेहत का हाल:** मानसिक थकान, नींद की कमी सतर्कता की मांग करेंगे। उदर और हृदय से संबंधित समस्याएं उभर सकती हैं।
- **काम-धंधा:** करियर में उतार-चढ़ाव रहेंगे, पर धैर्य और सतत प्रयास से परिस्थितियां अनुकूल होंगी। रचनात्मक लोगों के लिए समय विशेष है।
- **अपने-पराए:** परिवार, जीवनसाथी से निकटता आएगी, पर अधिक अपेक्षाएं मन को चोट पहुंचा सकती हैं।
- **अर्थ-गणित:** आय स्थिर रहेगी, पर खर्च भी समानांतर तेजी से बढ़ेंगे। उत्तरार्ध में पुराने निवेश या लंबित भुगतान से राहत संभव है।
- **उपाय:** गुड़, मसूर की दाल, केले, दाल, नारियल, लाल वस्त्र के दान से ग्रह-दोष शमन होगा।
- **शुभ संकेत:** रंग: मक्खन, पीला। अंक: 1, 3, 9. ग्रह: सूर्य, चंद्रमा। दिशा: उत्तर-पूर्व।

2026 LOADING... नई उम्मीद

नवभारत टाइम्स www.nbt.in

# खामोशी से बदस्तूर बिखेर रहे हैं आशाओं की रोशनी

*2025 बीत रहा है, लेकिन जरूरतमंदों की सहायता में लगे ये समाजसेवी लोगों को नई जिंदगी देकर आने वाले साल 2026 के लिए भी नई आशा जगा रहे हैं। अपनी सेवा से ये समाज में करुणा, संवेदना और इंसानियत का उदाहरण पेश कर रहे हैं। वहीं, साहसिक कार्यों से देश का नाम रोशन भी कर रहे हैं। लोगों और पशुओं का सहारा बनकर ये उम्मीद की किरण बन रहे हैं। निस्वार्थ भाव से किया गया इनका हर प्रयास समाज को बेहतर बना रहा है।*

## स्ट्रीट डॉग्स के लिए डॉक्टर ने बनाया सुरक्षित आशियाना

Krishna.Shukla@Timesofindia.com



**मुंबई:** मुंबई की डॉक्टर पद्मजा पाटिल ने बेसहारा डॉग्स के जीवन की रक्षा के लिए उल्लेखनीय पहल की है। स्ट्रीट डॉग्स के लिए साढ़े तीन करोड़ रुपये खर्च कर उन्होंने शेल्टर होम बनाया है। डॉक्टर पाटिल ने पहले ढाई करोड़ रुपये में मनोरी में एक एकड़ जमीन खरीदी। इसके बाद और एक करोड़ रुपये खर्च करके वहां 200 डॉग्स की क्षमता वाला शेल्टर होम बनवाया है। इसके अलावा ढाई लाख रुपये वे हर महीने बीमार और बेजुबान डॉग्स की देखरेख के लिए खर्च करती हैं।

शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन और बूढ़े डॉग्स को शेल्टर होम में आश्रय दिया जाता है। जिन डॉग्स की आंखें नहीं, जबड़े फटे हैं, जिनकी कमर टूटी है और जो वाहन से एक्सीडेंट में विकलांगता के शिकार हैं, उनका शेल्टर होम में इलाज किया जाता है। डॉग्स की देखरेख के लिए वहां एक वेटनरी डॉक्टर और 6 लोगों का स्टाफ रखा गया है। जो सुबह से लेकर शाम तक बेजुबान और बीमार डॉग्स को सेवा देते हैं। डॉक्टर पाटिल ने साल 2019 में इस नेक काम की शुरुआत की थी।

### पिता के सेवा कार्य से प्रेरणा ली: डॉ. पद्मजा

पाटिल बताती है कि हमें स्ट्रीट डॉग्स की आक्रामकता और हमला दिखता है, लेकिन ऐसे डॉग्स की परेशानी और जरूरत नहीं दिखती। डॉग्स जब भूखे होते हैं या बीमार होते हैं, तो उनका दिमागी संतुलन बिगड़ जाता है। अगर उनकी दिक्कतों को पहचान कर समाधान निकालें, तो समस्या दूर हो सकती है। वे बताती हैं कि उनके शेल्टर होम में अब तक डॉगबाइट की कोई भी घटना नहीं घटी है। बोरीवली में डॉक्टर पद्मजा पाटिल के पिता मुंबई पुलिस में अधिकारी थे। वह पिता को अक्सर आवारा पशुओं को भोजन-पानी देते देखती थीं। वहीं से उनके मन में पशुओं की सेवा का भाव पैदा हुआ। जरूरतमंद डॉग्स को वे घर लाकर उन्हें ठीक करना शुरू कर दिया।



## महिलाओं को 'पहचान' दिलाने का बीड़ा



**500** से अधिक महिलाओं को दिला चुकी है जरूरी पहचान पत्र

Brijesh.Tripathi@TimesOfIndia.Com

**मुंबई:** देश की आधी आबादी यानी महिलाओं के अधिकारों के लिए कई लोग और संस्थाएं काम कर रही हैं। मुंबई की विजडम वेलफेयर फाउंडेशन नामक संस्था उत्तर मुंबई में महिलाओं को पहचान दिलाने के लिए काम कर रही है। संस्था की अध्यक्ष शाहिदा शेख उन महिलाओं के लिए संकटमोचक बन कर उभरी है, जो 'पहचान' के लिए संघर्ष कर रही है। जिन महिलाओं के पास आधार कार्ड, पैन कार्ड या अन्य जरूरी दस्तावेज नहीं है, उन्हें जरूरी पहचान पत्र वे दिलाती हैं। शाहिदा अब तक 500 से अधिक महिलाओं को विभिन्न तरीके के पहचान पत्र दिला चुकी हैं। शाहिदा का कहना है कि स्लम में रहने वाली या दूसरे राज्यों से कई साल पहले आई महिलाओं के पास आवश्यक प्रमाण पत्र नहीं रहते हैं। मालाड सहित कई क्षेत्रों में वह लोग महीनों से बीएमसी और अन्य कार्यालयों के चक्कर लगाती हैं, लेकिन उन्हें आवश्यक कागजात नहीं मिलते हैं। वह महिलाओं को आवश्यक कागजात दिलाने के लिए वह कैंप लगाती हैं। इससे महिलाओं को कई सरकारी योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है। उन्होंने लाडली बहना योजना में कई महिलाओं को फॉर्म भरवाया, जिससे उन्हें लाभ मिलने में आसानी हुई। वह महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाने के लिए फ्री काउंसलिंग भी करती हैं। उन्होंने ऐसी कई महिलाओं का घर टूटने से बचाया है। साथ ही प्रताड़ित करने वाले परिवारों के खिलाफ कार्रवाई भी करवाई है।

### महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर भी सिखा रही

शाहिदा कहती है कि हमारी कोशिश महिलाओं के लिए स्किल सेंटर खोलने की है। इसमें महिलाओं को इंडिपेंडेंट बनाने की कोशिश होगी। महिलाओं की हेल्थ इश्यू की तरफ भी हमने अपना अभियान बढ़ाया है। वह कहती है कि महिलाओं और युवतियों को फिजिकल प्रोटेक्शन जरूरी है। इसके लिए वह महिलाओं को प्राथमिक ट्रेनिंग देती हैं। अब तक ऐसी 200 महिलाओं को फिजिकल सेफ्टी ट्रेनिंग दे चुकी हैं।

## वर्दी, शिखर और राष्ट्रगान की गूंज

Pankaj.Pandey @timesofindia.com



51 वर्ष की उम्र में फतह की हिमालय की चोटी

**मुंबई:** जब साहस कर्तव्य से जुड़ जाए, तब इतिहास रचा जाता है। ठाणे पुलिस निरीक्षक द्वारका डोखे ने साल 2025 में यही कर दिखाया। 51 वर्ष की उम्र में हिमालय की सबसे कठिन चोटियों को फतह किया। माउंट एवरेस्ट, माउंट ल्होत्से और मनास्लु के शिखरों पर बिना ऑक्सीजन मास्क के राष्ट्रगान और महाराष्ट्र राज्य गीत की गूंज ने उन्हें पूरे देश के लिए प्रेरणा बना दिया।

22 मई 2024 को 8,848.86 मीटर ऊंचे एवरेस्ट शिखर पर उन्होंने कदम रखा। 45 से -50 डिग्री सेल्सियस तापमान और मात्र 30-34 प्रतिशत ऑक्सीजन वाले 'डेथ जोन' में बिना ऑक्सीजन मास्क के उन्होंने राष्ट्रगान गाया।

2025 में उन्होंने दुनिया की चौथी सबसे ऊंची चोटी माउंट ल्होत्से (8,516 मीटर) को लक्ष्य बनाया। 23 मई 2025 को शिखर पर पहुंची। उन्होंने तिरंगा और महाराष्ट्र पुलिस का ध्वज फहराया, राष्ट्रगान गाया और शिरडी साईं बाबा की प्रतिमा के साथ साईं नाम का जयघोष किया। हिमालय की चोटियों पर साईं नाम का उद्घोष करने वाली वे भारत की पहली पर्वतारोही बनीं। 24 सितंबर 2025 को उन्होंने मनास्लु शिखर को फतह किया। उन्होंने राष्ट्रगान के साथ महाराष्ट्र के राज्य गीत 'जय जय महाराष्ट्र माझा' को भी बिना ऑक्सीजन मास्क के पूरे 1 मिनट 50 सेकंड तक गाया। हिमालय में महाराष्ट्र का राज्य गीत गाने वाली वे पहली महाराष्ट्रीय पर्वतारोही बनीं।

## पर्यावरण की रक्षा के लिए अभियान

Suraj.Pandey @timesofindia.com



ठाणे की डॉक्टर लता की अनोखी पहल

**मुंबई:** घर में बची हुई एक्सपायर या बेकार हो चुकी दवाइयां अक्सर कूड़ेदान, नालियों या सीवेज सिस्टम में जाकर पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचाती हैं। इसी खतरे को समझते हुए ठाणे की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. लता घनश्यामनानी ने एक ऐसी मुहिम शुरू की है, जो न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अहम कदम है, बल्कि भविष्य के बड़े स्वास्थ्य संकट को रोकने की कोशिश भी है। कोविड काल (2021) के दौरान शुरू हुई इस पहल के तहत वह घरों में बची दवाइयों को सुरक्षित तरीके से इकट्ठा कर उन्हें बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट भेजती हैं।

इस अभियान को चलाने वाली आर निसर्ग संस्था की संस्थापक डॉ. लता बताती हैं कि हमारे द्वारा किए गए एक सर्वे में सामने आया था कि अधिकांश लोग बची हुई दवाइयां सीधे घरेलू कचरे में फेंक देते हैं, जिससे दवाइयों के रसायन मिट्टी, पानी और हवा में घुल जाते हैं। यह पर्यावरण और जन्य जीवों के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं। दवाइयों के अंश हवा, पानी और भोजन के जरिए दोबारा मानव शरीर में पहुंचते हैं, जिससे एंटीबायोटिक बेअसर हो सकती हैं। ये दवाइयां पशु-पक्षी खा लेते हैं, जिससे उन्हें का खतरा रहता है। इनको ध्यान में रखते हुए उन्होंने बची दवाइयों को एकत्रित करना शुरू किया और निपटारे के लिए सही जगह पर भेजना शुरू किया। डॉ. लता ने बताया कि शुरू में ठाणे रिहायशी सोसाइटियों में केवल 10 विशेष डस्टबिन लगाए गए थे, लेकिन आज इनकी संख्या 100 हो गई है।

## गरीब और जरूरतमंद मरीजों के 'डॉक्टर' कहलाते हैं नाथानी



मां शीला क्लिनिक में सिर्फ 10 रुपये में होता है इलाज

मनोज नाथानी
सामाजिक संस्था मनराज प्रतिष्ठान के संस्थापक

Navin.Pandey@TimesOfIndia.com

**मुंबई:** महंगे इलाज से परेशान मरीजों के लिए कुर्ला का 'मां शीला क्लिनिक' राहत देने का स्थान बन चुका है। वहां इलाज के लिए न तो लंबी फीस की चिंता है और न ही दवाओं के खर्च का डर। वहां डॉक्टर बैठते हैं, जांच होती है, दवाएं मिलती हैं और मरीज से सिर्फ 10 रुपये लिए जाते हैं। इस क्लिनिक का संचालन करने वाली सामाजिक संस्था मनराज प्रतिष्ठान के संस्थापक मनोज नाथानी खुद डॉक्टर नहीं हैं, लेकिन उनके प्रयासों से अब तक एक लाख से अधिक मरीजों का इलाज हो चुका है। इन मरीजों का इलाज एलोपैथी, होम्योपैथी सहित अच्छे डॉक्टरों की सेवाओं, जांचों और दवाइयों के सहारे कराया गया है।

मनोज नाथानी पेशे से बिल्डर हैं, लेकिन उनकी पहचान समाजसेवक के रूप में ज्यादा है। मनोज बताते हैं कि समाज के कमजोर वर्ग के प्रति संवेदना उन्हें अपनी मां शीला नाथानी से विरासत में मिली है।

सेवा के इस सफर में एक घटना ने मनोज नाथानी की सोच को और गहराई दी। एक आई-कैंप में एक छोटे बच्चे की आंख तिरछी होने की समस्या सामने आई। परिवार आर्थिक रूप से कमजोर था और ऑपरेशन कराने में असमर्थ था। जब यह बात मां शीला नाथानी तक पहुंची, तो उन्होंने मनोज से कहा, 'बंद मुट्ठी से मदद करो।' मनोज ने बच्चे का ऑपरेशन करवाया।

### हर दिन आते हैं 100 से अधिक मरीज

लगभग चार साल पहले मां के निधन के बाद मनोज ने उनकी स्मृति में मां शीला क्लिनिक शुरू करने का निर्णय लिया। यह क्लिनिक उनके लिए मां के संस्कारों को जीवित रखने का माध्यम है। आज इस क्लिनिक में 10 डॉक्टर नियमित सेवाएं देते हैं। इनमें 5 एमडी होम्योपैथिक डॉक्टर और 2 एलोपैथिक डॉक्टर शामिल हैं। हर दिन यहां 100 से अधिक मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं।

### 435 मेडिकल कैंप, सैकड़ों ऑपरेशन


अब तक मनराज प्रतिष्ठान के माध्यम से 435 मेडिकल कैंप आयोजित किए जा चुके हैं। हाल ही में मुंबई से सैकड़ों किलोमीटर दूर आयोजित कैंप में कई मरीजों को पहली बार शुगर और थायराइड जैसी बीमारियों की जानकारी मिली। हार्ट से जुड़े गंभीर मामलों में मनोज अन्य एनजीओ और सरकारी योजनाओं की मदद से मरीजों का इलाज करवाते हैं। अब तक सैकड़ों मोतियाबिंद (कैटरैक्ट) ऑपरेशन कराए जा चुके हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 31-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP7 User: kamlesh.mestry Time: 12-30-2025 22:39 Color:



# शीतकालीन तीर्थाटन एवं पर्यटन को नई दिशा दे रही देवभूमि उत्तराखंड

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुखबा यात्रा के बाद शीतकालीन चारधाम सर्किट को मिली नई राष्ट्रीय पहचान। उत्तराखंड सरकार इस विजन को प्रमुखता देते हुए सालभर तीर्थयात्रा कर सकने की सुविधा को सुनिश्चित कर रही है। बर्फ से ढकी चोटियां और प्राचीन पूजा स्थल तीर्थयात्रा के अनुभव को दिव्यता देंगे।



"उत्तराखंड के पास एक प्राकृतिक आध्यात्मिक शक्ति है, जो उसे विशिष्ट बनाती है। देवभूमि की यह शक्ति, विरासत और पवित्रता इसे ऐसी पहचान देती है, जो कहीं और नहीं मिलती। राज्य अब अपार संभावनाओं के दौर में प्रवेश कर रहा है और यदि यह दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़े, तो दुनिया के प्रमुख आध्यात्मिक केंद्रों में अपना स्थान बना सकता है। आध्यात्मिक सामर्थ्य के साथ-साथ उत्तराखंड एक सुंदर विवाह-गंतव्य के रूप में भी उभर रहा है। 'वेड इन इंडिया' दृष्टिकोण का लाभ लेने के लिए राज्य कुछ चुनिंदा स्थानों को विश्व-स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित कर विकसित कर सकता है, ताकि देश भर के लोग उत्तराखंड की शांत और दिव्य वादियों में अपने विशेष अवसरों का उत्सव मना सकें।"

**- नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री




"माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदृष्टिपूर्ण नेतृत्व से प्रेरित होकर, हम उत्तराखंड के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक समृद्धि और अपार संभावनाओं के साथ हम दूरदर्शी नीतियों और केंद्रित पहलों के माध्यम से आर्थिक विकास को गति देने, अवसंरचना को उन्नत करने और प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का निरंतर प्रयास कर रहे है। हमारा उद्देश्य उत्तराखंड को विकास का एक आदर्श मॉडल बनाना है, जहां विरासत और नवाचार साथ-साथ आगे बढ़ें, और हर व्यक्ति को एक समृद्ध, प्रगतिशील और समावेशी वातावरण में आगे बढ़ने और सफल होने के अवसर मिलें।"


**— पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखंड

## आस्था, आध्यात्म व रोमांच का केंद्र है देवभूमि उत्तराखण्ड


गंगा मंदिर, उत्तरकाशी


ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ


यमुना मंदिर, खरसाली



योगध्यान बद्री मंदिर, पांडुकेश्वर

उत्तराखंड का शीतकालीन चारधाम सर्किट पारंपरिक ग्रीष्मकालीन तीर्थयात्रा को एक सालभर उपलब्ध आध्यात्मिक और पर्यटन अवसर में परिवर्तित करता है। गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ के मुख्य मंदिर जब शीतऋतु के दौरान बंद हो जाते हैं, तो उनके देवताओं की मूर्तियां शीतकालीन गद्दीस्थलों या वैकल्पिक स्थानों पर स्थापित की जाती हैं, जिससे भक्त पूजा-अर्चना जारी रख सकें। हाल के महीनों में, इस सर्किट को नई पहचान तब मिली जब गंगा की शीतकालीन निवासस्थली मुखबा में एक उच्च-स्तरीय यात्रा हुई।

6 मार्च 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर्षिल-मुखबा क्षेत्र में स्थित गंगोत्री के शीतकालीन प्रवास पर दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। इस यात्रा ने शीतकालीन तीर्थयात्रा के महत्व को रेखांकित किया और यह दर्शाया कि उत्तराखंड में पर्यटन को गर्मियों के मौसम से आगे बढ़ाकर सालभर की आर्थिक और सांस्कृतिक गतिविधि बनाया जा सकता है। प्रधानमंत्री का संदेश स्पष्ट था—शीत ऋतु को 'ऑफ-सीजन' के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह यात्रा आस्था और विकास दोनों का प्रतीक बनी, क्योंकि इसने चारधाम की धार्मिक निरंतरता को पुनः स्थापित किया और साथ ही शीतकालीन पर्यटन को मजबूत करने के लिए आवश्यक अवसंरचना और प्रचार-प्रसार पर ध्यान आकर्षित किया।

मुखबा अपने आप में शांत और मनोहारी हिमालयी सौंदर्य वाला स्थान है। गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने पर देवी की मूर्ति विधि-विधान के साथ मुखबा लाई जाती है, जिससे भक्त कम ऊंचाई वाले इस स्थान पर भी पूजा कर सकें। बर्फ से ढकी चोटियां और प्राचीन पूजा-पद्धतियों का संगम मुखबा को शीतकालीन तीर्थयात्रा का एक अनोखा और भावपूर्ण प्रारंभिक बिंदु बनाता है।

शीतकालीन चारधाम सर्किट देवप्रतिमाओं को शीतकालीन मंदिरों में स्थापित कर सालभर तीर्थयात्रा को संभव बनाता है, जहां आस्था हिमालयी यात्रा अनुभवों के साथ सुगमता से जुड़ती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुखबा यात्रा ने शीतकालीन पर्यटन की विशाल संभावनाओं को उजागर किया, जिससे अवसंरचना विकास और पर्यटन प्रोत्साहन को नई दिशा मिली। औली, चकराता और दयारा बुग्याल जैसे नजदीकी गंतव्य आध्यात्मिकता, रोमांच और प्रकृति-आधारित अनुभवों को और समृद्ध बनाते हैं।




## शीतकालीन चारधाम के अनुभव को आस-पास के गंतव्यों से बनाएं बेहतर




**दयारा बुग्याल:** एक विस्तृत अल्पाइन घासभूमि, जो शीतकालीन बर्फीले नजारों और ग्रीष्मकालीन चरागाहों के लिए प्रसिद्ध है। सर्दियों में इसकी दूर-दूर तक फैली सफेद घाटियां ध्यानपूर्ण सैर के लिए आदर्श हैं और हिमालय के व्यापक दृश्य प्रस्तुत करती हैं।

**चकराता:** देवदार के जंगलों, झरनों और आसान ट्रेकिंग मार्गों के लिए जाना जाने वाला शांत पहाड़ी कस्बा। चकराता के सुरम्य वनप्रदेश भीड़भाड़ वाले तीर्थ मार्गों से अलग एक शांत अनुभव प्रदान करते हैं।

**लाखामंडल:** यह प्राचीन मंदिर परिसर पुरातात्विक अवशेषों और ऐतिहासिक शिव मंदिरों से सम्पन्न है। क्षेत्र की प्रारंभिक मंदिर स्थापत्य परंपरा और स्थानीय पौराणिक धरोहर में रुचि रखने वाले यात्रियों के लिए यह एक सांस्कृतिक आकर्षण जोड़ता है।

**औली:** भारत का प्रमुख स्कीइंग गंतव्य, जहां शीतकालीन खेल, रोपवे और नंदा देवी सहित कई हिमालयी चोटियों के दिव्य दृश्य उपलब्ध हैं। तीर्थयात्रा के साथ रोमांचक पर्यटन अनुभव चाहने वाले यात्रियों के लिए औली एक आकर्षक विकल्प है।

**काशी विश्वनाथ (उत्तरकाशी):** उत्तरकाशी का विश्वनाथ मंदिर एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय धाम है और ऊंचाई वाले तीर्थस्थलों की ओर जाते समय एक आध्यात्मिक विराम प्रदान करता है। इसकी उपस्थिति चारधाम यात्रा की धार्मिक निरंतरता को और मजबूत बनाती है।

**नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान:** यूनेस्को बायोस्फियर रिजर्व के रूप में मान्यता प्राप्त यह उद्यान उच्च हिमालयी वाइल्डरनेस, दुर्लभ वनस्पतियों-जीवों और समृद्ध संरक्षण विरासत के लिए प्रसिद्ध है। यहां की यात्रा तीर्थयात्रा अनुभव में पर्यावरणीय जागरूकता और प्रकृति संरक्षण की गहराई जोड़ती है।





# विश्व की आध्यात्मिक राजधानी बनने की दिशा में अग्रसर हो रहा उत्तराखंड


उत्तराखंड अपने मंदिर सर्किट, प्राचीन विरासत और सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाकर खुद को आध्यात्मिकता और कल्याण का वैश्विक केंद्र स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। अपने इस प्रयास से यह विश्व पटल पर नई पहचान भी स्थापित कर रहा है

उत्तराखंड धीरे-धीरे एक प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र के रूप में उभर रहा है, जो प्राचीन मंदिर सर्किटों को पुनर्जीवित, सशक्त और आधुनिक बनाने के केंद्रित प्रयासों से प्रेरित है। इस दिशा में एक प्रमुख पहल है मानसखंड मंदिर माला मिशन, जिसका उद्देश्य कुमाऊं क्षेत्र के महत्वपूर्ण मंदिरों का विकास और आपसी कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना है। मिशन के तहत पहुंच मार्गों, आगंतुक सुविधाओं और धरोहर अवसंरचना में सुधार कर, राज्य की समृद्ध सभ्यतात्मक विरासत पर आधारित एक सहज तीर्थयात्रा अनुभव तैयार करना लक्ष्य है।

इस आध्यात्मिक परिदृश्य में योगदान देने वाले प्रमुख मंदिरों में रुद्रप्रयाग जिले का कार्तिक स्वामी मंदिर शामिल है। एक ऊंची पहाड़ी कगार पर स्थित यह मंदिर भगवान कार्तिकेय को समर्पित है और हिमालयी चोटियों के मनोरम दृश्य के साथ शांतिपूर्ण भक्तिपूर्ण वातावरण प्रदान करता है। इसकी अनूठी भौगोलिक स्थिति इसे तीर्थयात्रियों और आगंतुकों के लिए एक पवित्र स्थल और मनोहारी दृष्टि बिंदु दोनों बनाती है।

इसी तरह, त्रियुगीनारायण मंदिर, जो रुद्रप्रयाग में स्थित है, भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पौराणिक कथाओं में लिए यह मंदिर भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह स्थल के रूप में जाना जाता है। मंदिर परिसर में लगातार जलती रहने वाली अनंत ज्योति उस दिव्य मिलन का जीवित प्रतीक मानी जाती है, जो पूरे वर्ष भक्तों को आकर्षित करती है।


कार्तिक स्वामी मंदिर, भगवान कार्तिक को समर्पित, जिन्हें देश के कुछ हिस्सों में भगवान मुरुगन / मुरुगन के नाम से जाना जाता है।


जागेश्वर धाम, 125 से ज्यादा प्राचीन मंदिरों का समूह, जो भगवान शिव को समर्पित है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 9 नवंबर 2025 को देहरादून में दिया गया संबोधन राज्य की आध्यात्मिक संभावनाओं को और मजबूत करता है। उन्होंने उत्तराखंड की प्राकृतिक और सांस्कृतिक शक्ति पर बल देते हुए कहा, "यदि उत्तराखंड इसे ठान ले, तो कुछ ही वर्षों में यह विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित हो सकता है" उनकी यह टिप्पणी राज्य की बदलती पहचान की संपूर्णता को दर्शाती है, जो आध्यात्मिकता, तीर्थयात्रा और सांस्कृतिक निरंतरता में निहित है।

रणनीतिक विकास, बेहतर कनेक्टिविटी और धरोहर आधारित विकास पर नए प्रयास के साथ, उत्तराखंड इस दृष्टि को साकार करने की दिशा में अग्रसर है, खुद को विश्वास, पवित्रता और आध्यात्मिक खोज का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए तैयार कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि ग्रामीण इलाके पर्यटन के केंद्र बन रहे हैं। साथ ही हर पर्यटन स्थल अपना खुद का राजस्व मॉडल भी विकसित कर सकता है। हमें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए होमस्टे और छोटे होटलों जैसे व्यवसायों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है

# 'वेड इन उत्तराखंड' से राज्य में बढ़ रहा वेडिंग पर्यटन का आकर्षण

राज्य की पर्यटन क्षमता की ओर इशारा करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय 'वेड इन इंडिया' पहल के तहत उत्तराखंड की क्षमता को एक प्रमुख डेस्टिनेशन वेडिंग स्थल के रूप में उभरने की ओर इंगित किया। यह पहल प्रदेश में पर्यटन को नई दिशा दे रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल के बाद उत्तराखंड धीरे-धीरे शादी पर्यटन के लिए एक प्रत्याशित गंतव्य के रूप में उभर रहा है। पीएम मोदी ने राज्य स्थापना दिवस समारोह, 9 नवंबर 2025 को अपने संबोधन में राज्य के प्राकृतिक दृश्य, आध्यात्मिक वातावरण और बढ़ती पर्यटन अवसंरचना की क्षमता पर जोर देते हुए कहा कि ये सभी कारक देश और विदेश से वेडिंग पर्यटन को आकर्षित करने में सहायक हैं। प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि उत्तराखंड पहले ही एक वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित हो रहा है, जो अपनी पर्वतीय भव्यता, नदियों और शांत घाटियों के प्राकृतिक सौंदर्य पर आधारित है। उन्होंने 'वेड इन इंडिया' पहल के अंतर्गत राज्य की एक विशिष्ट पहचान बनाने का महत्व रेखांकित किया और सुझाव दिया कि उत्तराखंड 5–7 प्रमुख वेडिंग स्थल विकसित कर सकता है, जो उच्च गुणवत्ता वाली सुविधाओं के साथ राज्य की सांस्कृतिक और प्राकृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करें।

उन्होंने यह भी कहा कि पहुंच मार्गों में सुधार, आतिथ्य सेवाओं को बढ़ाना और स्थानीय परंपराओं को समेकित करना न केवल पर्यटन अर्थव्यवस्था को सशक्त करेगा बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए नए रोजगार अवसर भी सृजित करेगा। रोमांच, ईको-टूरिज्म और धार्मिक पर्यटन को पहले ही बढ़ावा देने वाली सरकार के लिए, समर्पित वेडिंग डेस्टिनेशन रणनीति राज्य की पेशकशों में और विविधता जोड़ती है।

मजबूत जनसहानुभूति और प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि के साथ, उत्तराखंड भारत के सबसे आकर्षक वेडिंग गंतव्यों में से एक के रूप में अपनी स्थिति बनाने जा रहा है, जहां प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक गहराई और विश्व-स्तरीय आतिथ्य का अनूठा संयोजन मिलेगा।


प्रसिद्ध त्रियुगीनारायण मंदिर, भगवान शिव और पार्वती के विवाह के लिए जाना जाता है और अटूट आस्था और आध्यात्मिक बंधन का प्रतीक है।

## होमस्टे नीति से ग्रामीण पर्यटन को मिल रहा विस्तार

5,000 से अधिक पंजीकृत होमस्टे और प्रोत्साहनों के साथ, होमस्टे नीति सामुदायिक पर्यटन और स्थानीय आजीविका को मजबूत बना रही है

उत्तराखंड की होमस्टे नीति तेजी से ग्रामीण पर्यटन और समावेशी विकास का महत्वपूर्ण स्तंभ बनती जा रही है। वर्तमान में राज्य में 5,000 से अधिक पंजीकृत होमस्टे है, जो पहाड़ी जिलों में समुदाय-आधारित आवास के तेज विस्तार को दर्शाते हैं।

योजना के तहत, सामान्य क्षेत्रों में संचालित होमस्टे को अधिकतम ₹7.5 लाख तक की पूंजी अनुदान मिल सकती है, जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में यह राशि ₹10 लाख तक हो सकती है। इसके अतिरिक्त, कई वर्षों के लिए ब्याज अनुदान का भी प्रावधान है। होमस्टे संचालकों का स्थानीय निवासी होना आवश्यक है और उन्हें स्थानीय संस्कृति, व्यंजन और आतिथ्य को पर्यटक अनुभव में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

इस नीति का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करना, रोजगार सृजित करना और पर्यटन के माध्यम से पलायन को रोकना है। प्रारंभिक आकलन बताते हैं कि होमस्टे मॉडल आय बढ़ाने, स्थानीय आजीविकाओं में विविधता लाने और उत्तराखंड के दूरस्थ क्षेत्रों में सामुदायिक विकास में योगदान दे रहा है।


# आस्था, आध्यात्म व रोमांच का केंद्र है आदि कैलाश

**प्रधानमंत्री की यात्रा के बाद आस्था व साहस का प्रतीक बनकर उभरा है आदि कैलाश**

**आदि कैलाश, उत्तराखंड के सबसे पूजनीय आध्यात्मिक स्थलों में से एक,** आज तेजी से ऐसे गंतव्य के रूप में उभर रहा है जहां पौराणिक विरासत और ऊंचाई वाले साहसिक अनुभव एक साथ मिलते हैं। अपनी गहरी पौराणिक महत्ता और भव्य हिमालयी आभा के लिए प्रसिद्ध आदि कैलाश राज्य की सांस्कृतिक पहचान में एक विशेष स्थान रखता है। यह क्षेत्र अब तीर्थयात्रियों, प्रकृति प्रेमियों और रोमांच-प्रेमी यात्रियों को आकर्षित कर रहा है, जो आध्यात्मिक शांति के साथ-साथ निर्मल प्राकृतिक सौंदर्य की तलाश में आते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आदि कैलाश यात्रा ने इसकी राष्ट्रीय पहचान को और अधिक सशक्त किया है। 9 नवंबर 2025 को देहरादून में अपने संबोधन के दौरान



प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि किस प्रकार यह क्षेत्र उत्तराखंड की बढ़ती पर्यटन अपील का एक महत्वपूर्ण प्रतीक बन रहा है। उन्होंने बढ़ती पर्यटक संख्या की सराहना करते हुए बताया कि तीन वर्ष पहले जहां वर्षभर में 2,000 से भी कम पर्यटक आते थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर लगभग 30,000 पहुंच गई है। यह बदलाव बेहतर कनेक्टिविटी और उन्नत अवसंरचना के परिवर्तनकारी प्रभाव को दर्शाता है। यह क्षेत्र एक ऐतिहासिक खेल आयोजन का भी साक्षी बना, जहां उच्च हिमालयी ऊंचाइयों पर आयोजित अल्ट्रामैराथन और आदि कैलाश परिक्रमा रन सफलतापूर्वक संपन्न हुए। प्रधानमंत्री ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देते हैं, बल्कि देश-विदेश के एथलीटों को हिमालय की आध्यात्मिक और पर्यावरणीय समृद्धि से भी परिचित कराते हैं। उन्होंने कहा कि ये प्रयास राज्य में इको-टूरिज्म और एडवेंचर टूरिज्म की अपार संभावनाओं को सामने लाते हैं।



# अनदेखे रोमांच का अद्वितीय संगम

**उत्तराखंड दुनियाभर के रोमांच खेल प्रेमियों को अनूठा अनुभव प्रदान करता है**

देश में जब रोमांच पर्यटन की बात आती है, तो उत्तराखंड अपने विविध परिदृश्यों और रोमांच प्रेमियों का पसंदीदा स्थान बन जाता है। यहां रोमांचक गतिविधियों की कोई कमी नहीं है। आपको यहां जोश से भर देने वाले कई खेल खेलने को मिल जाते हैं और यही कारण है कि दुनियाभर के रोमांच प्रेमियों के लिए यह राज्य असाधारण अनुभव प्रदान करता है।

### ट्रैकिंग और हाईकिंग

ट्रैकिंग और हाइकिंग के माध्यम से आप उत्तराखंड की सुदूर जगहों की यात्रा कर सकते हैं। यहां पारंपरिक रूपकुंड ट्रैक पर ट्रैकिंग का आनंद लिया जा सकता है, जहां हरे-भरे जंगल और घास के मैदानों के बीच या फूलों की घाटी के बीच से होकर गुजरना सुखद अहसास दे सकता है। लंबी सैर करने वालों के लिए केदारकांठा और गौमुख तपोवन ट्रैक जीवन भर के लिए यादगार अनुभव दे जाते हैं।

### बंजी जंपिंग

विश्व की योग राजधानी के रूप में भी पहचाना जाने वाला ऋषिकेश अपने जोशीले रोमांच के लिए भी जाना जाता है, क्योंकि यहां पूरे देश में सबसे ऊंची बंजी जंपिंग साइट है। गुरुत्वाकर्षण को चुनौती देने की इच्छा रखने वाले रोमांच प्रेमी शानदार हिमालय पहाड़ियों के बीच बंजी जंपिंग करने के लिए यहां आते हैं।

### स्कीइंग

चमोली जिले में स्थित औली को स्कीइंग प्रेमियों के केंद्र के रूप में जाना जाता है। दूर तक बर्फ से ढकी पहाड़ी ढलानों के साथ रोमांच प्रेमी इसके शीतकालीन वंडरलैंड से रास्ता तय करते हुए औली की यात्रा करते हैं। यह शानदार स्थल राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों की मेजबानी के लिए भी प्रसिद्ध है, जहां एथलीटों को अपनी ताकत दिखाने का पूरा मौका मिलता है।

### रिवर राफ्टिंग

उत्तराखंड की नदियां केवल राज्य की सुंदरता को ही नहीं बढ़ाती हैं, बल्कि व्हाइट वॉटर राफ्टिंग के प्रेमियों में जोश भर देती हैं, जो यहां रोमांच के लिए आते हैं। जब पर्यटक सफेद पानी में राफ्टिंग के माध्यम से रैपिड्स पर विजय प्राप्त करते हैं या गंगा, टौंस और अलकनंदा नदियों में एक शांत कैनोइंग या कयाकिंग के दौरान पानी पर नौका चलाते हैं, तो निश्चित रूप से उन्हें अलग रोमांच का अनुभव मिलता है।



### पैराग्लाइडिंग

रोमांच प्रेमी यहां आसमान की सैर भी कर सकते हैं और पैराग्लाइडिंग से उत्तराखंड की भव्यता का आनंद ले सकते हैं। नैनीताल, मुक्तेश्वर, या पिथौरागढ़ के मनोरम स्थानों से वह आसमानी उड़ान भरकर शानदार हिमालयी इलाकों का नजारा भी ले सकते हैं। रोमांच के अलावा, उत्तराखंड के पर्यटन क्षेत्र ने स्थानीय निवासियों के लिए समृद्धि भी लाई है।

READER ENGAGEMENT INITIATIVE

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in